रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,604.65 −738.81

डॉलर 83.730 +0.040

रांची सर्राफा
10 ग्राम 73,340 | 01 किलो 96,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | रांची, रविवार, 21 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 169, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 अमित मालवीय ने विरोधी नेताओं को...

## न्यूज ब्रीफ

### असम के डिराक में मिला गैस का नया भंडार

**गुवाहाटी (असम)।** तिनसुकिया जिले में डिरोक क्षेत्र गैस का एक नया भंडार का पता लगा है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप नए संसाधनों की खोज और मौजूदा संसाधनों के पेट्रोलियम क्षेत्र में समुचित दोहन की चर्चा की। जानकारी के अनुसार माघेरींटा स्थित ओएन-94/1 ब्लॉक में और आयल और आईओसीएल के साथ साझेदारी में एचओईसी की संचालित डिराक क्षेत्र ने डिराक-1 कुएं में एक नए भंडार, सैंड-9 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।

### संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) अध्यक्ष मनोज सोनी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2029 में खत्म होना था। उन्होंने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है। सोनी ने 2017 से आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करने के बाद 16 मई, 2023 को अध्यक्ष का पदभार संभाला था। अध्यक्ष का कार्यकाल छह साल का होता है। पता चला है कि उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। मनोज सोनी आयोग का हिस्सा बनने से पहले दो विश्वविद्यालयों के कुलपति भी रह चुके हैं।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### आज कल




# मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले पारा शिक्षकों पर लाठीचार्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में सीएम आवास घेरने के प्रयास में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठियां बरसीं और आंसू गैस के गोले दागे गए। शुक्रवार को जहां सहायक पुलसकिर्मयों पर लाठियां चलीं वहीं शनिवार को अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास का घेराव करने पहुंचे पारा शिक्षकों को तितर-बितर करने के लिये पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। प्रदेश के हजारों पारा शिक्षक अपनी मांगों को लेकर राजधानी के मोरहाबादी मैदान में इकट्ठा हुए थे। शिक्षक मोरहाबादी मैदान से जुलूस निकालते हुए सीएम आवास का घेराव करने जा रहे था। इसे देखते हुए पुलिस ने मोरहाबादी मैदान के आस-पास कई परतों में बैरिकेडिंग की थी। एसपी सिटी कई थानों की पुलिस के साथ मैदान के पास कैंप कए हुए थे। जैसे ही शिक्षकों की भीड़ सीएम आवास के घेराव के लिए मोरहाबादी मैदान से बाहर निकली, पुलिस ने उन्हें वहीं रोक लिया। बढ़ती भीड़ को तितर-बितर करने के लिये पुलिस को आंसू गैस के साथ लाठी चार्ज भी करना पड़ा। पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किये जाने के बाद कई पारा शिक्षक घायल हो गए। बल प्रयोग में घायल पारा शिक्षक सिंटू सिंह ने बताया, हम इसलिये सीएम आवास का घेराव करने निकले थे।

शेष पेज 11 पर



पुलिस लाठी चार्ज से कई पारा शिक्षक घायल हो गए, कहा- यह अनिश्चितकालीन प्रदर्शन है

20 सालों से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ा रहे हैं, लेकिन पारा शिक्षकों के साथ दोहरी नीति अपनायी जा रही है

## राज्य में हैं 60 हजार पारा शिक्षक

बता दें कि झारखंड में करीब 60 हजार पारा शिक्षक हैं। ये शिक्षक नियमित वेतनमान सहायक, शिक्षक नियमावली में बदलाव व शिक्षकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। सरकार की ओर से मांगे पूरी न होने की वजह से शिक्षक मोरहाबादी मैदान में इकट्ठा हुए थे। इससे पहले भी शिक्षकों ने सरकार को मार्च 2024 तक सभी मांगे मानने का अल्टीमेटम दिया था। जब सरकार ने शिक्षकों की बातें नहीं मानी तो शिक्षक आंदोलन पर उतर आए। इसके अलावा पारा शिक्षकों के अन्य मांगों में शिक्षकों को पीएफ का लाभ, सरकार द्वारा द्वितीय आकलन परीक्षा का आयोजन जल्द करवाना, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पारा शिक्षक को प्रावधान के अनुसार परीक्षा के अंक में छूट देना शामिल है।

# श्रावणी मेला में सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता पर रहे जोर : मुख्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को श्रावणी मेला (देवघर-बासुकीनाथ) के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन देवघर परिसदन के सभागार में किया गया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजकीय श्रावणी मेला, 2024 को लेकर की गयी विभिन्न तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित वरीय अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता मेला की मूल संवेदना रहनी चाहिए। ताकि देश दुनिया से जो भी श्रद्धालु बाबा नगरी आयें वह एक अच्छा संदेश लेकर जाएं।

शेष पेज 11 पर

## हेमंत ने पत्नी संग किया जलाभिषेक

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर देवघर में बाबा भोलेनाथ के दरबार में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग भोले का जलाभिषेक कर राज्य के सर्वांगीण विकास, अमन-चैन एवं सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## मेला क्षेत्र में चाक-चौबंद रहे व्यवस्था

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल, आवासन, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, स्नानागार, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सुचना तंत्र, गरमी से निजात की व्यवस्था के अलावा मेला क्षेत्र में चाक चौबन्द व्यवस्था रहे। पूरे शहर में साफ-सफाई के साथ वैकल्पिक व्यवस्था के साथ रोशनी रहे कहीं भी अंधेरा ना रहे। अस्पताल और हेल्थ सेंटर में डॉक्टर रहें तथा एम्बुलेंस प्रत्येक लोकेशन पर रहे। एनडीआरएफ की टीम और प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। सभी थाना, ओपी और ट्रैफिक ओपी संवेदनशील रहें, ताकि विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पार्किंग और यातायात में कोई समस्या न आये।

# एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए केंद्रवार परिणाम घोषित किए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट-यूजी) 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 जुलाई को एनटीए को 20 जुलाई तक नीट-यूजी 2024 के नतीजे केंद्रवार और शहरवार दोनों



तरह से जारी करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी छात्रों की पहचान उजागर किए

शेष पेज 11 पर

**सीबीआई ने तीन और लोगों को गिरफ्तार किया:** सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा कॉलेज के विद्यार्थी हैं। 5 मई को परीक्षा के दिन हजारीबाग में उनकी उपस्थिति थी। गिरफ्तार तीसरा व्यक्ति सरगना को हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रहा था।

## झारखंड विधानसभा चुनाव का किया शंखनाद

# हेमंत सोरेन सरकार देश में सबसे भ्रष्ट : अमित शाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा पहले से ही राज्य में सक्रिय है। प्रदेश भाजपा के विस्तारित कार्यसमिति सम्मेलन में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे और धार देते हुए जेएमएम और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। जगन्नाथ मैदान, धुर्वा में राज्यभर से 26,000 कार्यकर्ता और नेताओं के समक्ष उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की अगुवाई वाली हेमंत सोरेन सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है। कहा, आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत आदिवासियों की चिंता करने की बजाय आदिवासियों के क्षेत्र में लैंड जिहाद और लव जिहाद कर भूमि और जनसंख्या का संतुलन का बिगाड़अपना वोट बैंक बना रहे हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकतार्ओं से झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। कहा, हमेशा नक्सलवाद से पीड़ित रहनेवाले झारखंड और बिहार को प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद से मुक्ति दिलायी। शाह ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ कैश मिलता है तो एक मंत्री के पीए के घर ये 30 करोड़ कैश मिलता है। कांग्रेस पार्टी जवाब दे कि ये पैसा किसका है?

शाह ने कहा कि 1000 करोड़ का मनरेगा घोटाला, 300 करोड़ का जमीन घोटाला, सेना की जमीन का घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला, 40 करोड़ का शराब घोटाला, हजारों करोड़ों का ट्रांसफर पोस्टिंग का घोटाला इस सरकार के कार्यकाल में हुआ है। यह घोटाला और वादाखिलाफी करने वाली सरकार है। भाजपा शीघ्र ही इस सरकार के वादाखिलाफी की एक लिस्ट लेकर राज्य की जनता के सामने जाने वाली है। उन्होंने कार्यकतार्ओं से राज्य सरकार की वादाखिलाफी और भाजपा के विकास कार्यों की सूची लेकर घर-घर में दस्तक देकर पार्टी के पक्ष में समर्थन जुटाने को कहा।

**26,000** कार्यकर्ता और नेताओं ने राज्यभर से प्रदेश भाजपा के विस्तारित कार्यसमिति सम्मेलन में लिया भाग, शाह ने तय किया एजेंडा



## घुसपैठिये हड़प रहे यहां के युवाओं की नौकरियां

शाह ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड में घुसपैठ हो रही है, यह यहां के युवाओं की नौकरियों को खा रही है। घुसपैठिए नौकरियों को प्राप्त कर रहे हैं और हेमंत सोरेन आंख मूंदकर वोट बैंक बढ़ाने में लगे हैं। हेमंत सोरेन के आदिवासी कल्याण का मतलब है अपने परिवार का कल्याण। शाह ने कहा कि हेमंत ने आदिवासियों का कल्याण नहीं किया लेकिन भाजपा ने उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्य का सबसे पहला आदिवासी मुख्यमंत्री भाजपा ने बाबूलाल को बनाया। सबसे पहले आदिवासी राष्ट्रपति बनाने का काम भाजपा ने किया। संताली भाषा को आठवीं अनुसूची में अटल बिहारी वाजपेयी ने डाला और उन्होंने ही आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया। कांग्रेस के 10 वर्ष के शासन में झारखंड के विकास के लिए मात्र 84000 करोड़ दिये गये और मोदी ने 3 लाख 84 हजार करोड़ रुपये झारखंड के विकास के लिए दिए। प्रधानमंत्री ने झारखंड के लिए 18000 करोड़ रेलवे, 1000 करोड़ एयरपोर्ट के लिए दिया, एम्स दिया। बिरसा मुंडा के पैतृक गांव जाने वाले मोदी पहले प्रधानमंत्री बने।

### आदिवासियों की जनसंख्या सिर्फ झारखंड में कम हो रही

शाह ने कहा एक आदिवासी मुख्यमंत्री के राजनीतिक एजेंडे के कारण हजारों घुसपैठिए आदिवासी बच्चियों के साथ शादी करते हैं, सर्टिफिकेट प्राप्त करते हैं, भूमि खरीदते हैं। अभी आदिवासियों की जनसंख्या घटी है। आने वाले दिनों में आदिवासियों की जनसंख्या और घटने वाली है। आदिवासियों की जनसंख्या केवल झारखंड में कम हो रही है। आप भाजपा की सरकार बना दो, हम जनसंख्या के मामले में एक श्वेत पत्र लाकर आदिवासी भाइयों के मामले में भूमि, जनसंख्या और आरक्षण तीनों सुरक्षित करने का काम करेंगे।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी

कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए गृहमंत्री ने कहा झारखंड में भाजपा ने 9 सीटें जीतीं। 2014 हो, 2019 हो या 2024 हो, मोदी के नेतृत्व में आपने हमेशा हमारी झोली कमल से भर दी है। झारखंड में 81 में से 52 सीटों पर लोकसभा में भाजपा को बढ़त मिली है। शाह ने कहा कि भाजपा कोई चुनाव जीतती है तो उसका कारण बूथ का कार्यकर्ता होता है, मैं आपको भरोसा देने आया हूं, चाहे मोदी सरकार हो, बाबूलाल मरांडी की सरकार हो, अर्जुन मुंडा की सरकार हो या फिर रघुवर दास की सरकार हो, भाजपा सरकार ने कुछ ऐसा नहीं किया, जिससे आपको सिर झुकाना पड़े।

## इंडिया

# झरनों-तालाबों की भी हो आवश्यक गणना

भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्राकृतिक और मानव निर्मित सभी तरह के जल स्त्रोतों की दूसरी गणना करने जा रही है। पिछले साल हुई पहली गणना की रिपोर्ट के आधार पर यह पता चला था कि देश में नदियों, नहरों के साथ ही कितने तालाब, पोखर, झील हैं और उनकी स्थिति क्या है? इस बार की गणना में झरनों को भी शामिल किया गया है। देश की सैकड़ों गैर हिमालयी नदियां, खासकर दक्षिण राज्यों की नदियों का तो उद्गम ही झरनों से है। कोयल,स्वर्णरेखा,नर्मदा, सोन जैसी नदियां झरने से ही फूटती हैं। जब दो साल बाद इस गणना के नतीजे सामने आएंगे, तो देश के पास एक व्यापक परिदृश्य होगा कि नदियों की धार का भविष्य क्या है? जल विद्युत परियोजनाओं की संभावना क्या है? झरने का अस्तित्व पहाड़ से है, उसे ताकत मिलती है परिवेश के घने जंगलों से और संरक्षण मिलता है अविरल प्रवाह से। 2020 में, अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'वाटर पॉलिसी' ने भारतीय हिमालय क्षेत्र (आईएचआर) में स्थित 13 शहरों में 10 अध्ययनों की एक श्रृंखला आयोजित की थी। इस अध्ययन से पता चला कि इन शहरों में से कई, जिनमें मसूरी, दार्जिलिंग और काठमांडू जैसे प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल शामिल हैं, पानी की मांग-आपूर्ति के गहरे अंतर का सामना कर रहे हैं, जो कई जगह 70 फीसदी तक है और इसका मूल कारण इन इलाकों में जल सरिताओं-झरनों का तेजी से सूखना है। ठीक यही बात अगस्त 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट में कही गई थी। इसमें स्वीकार किया गया था कि आईएचआर में करीब 50 फीसदी झरने सूख रहे हैं और गायब भी हो रहे हैं।झरना एक ऐसी प्राकृतिक संरचना है, जहां से जल एक्वीफर्स (चट्टान की परत, जिसमें भूजल होता है) से पृथ्वी की सतह तक बहता है। पूरे भारत में लगभग पचास लाख झरने हैं, जिनमें से करीब तीस लाख अकेले आईएचआर में हैं। देश की बीस करोड़ से अधिक आबादी पानी के लिए झरनों पर निर्भर है। भारतीय हिमालय क्षेत्र के 12 राज्यों के 60,000 गांव हैं, जिनकी आबादी पांच करोड़ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा इसके दायरे में हैं। असम और पश्चिम बंगाल भी आंशिक रूप से इसके तहत आते हैं। यहां की करीब 60 प्रतिशत आबादी जल संबंधी जरूरतों के लिए धाराओं पर निर्भर है। दक्षिणी भारत में पश्चिमी घाटों में, कभी बारहमासी रहने वाले झरने मौसमी होते जा रहे हैं और इसका सीधा असर कावेरी, गोदावरी जैसी नदियों पर पड़ रहा है। यहां झरनों के जलग्रहण क्षेत्र में बेपरवाही से लगाए जा रहे नलकूपों ने भी झरनों का रास्ता रोका है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा क्षेत्र में झरनों की संख्या पिछले 150 वर्षों में 360 से घटकर 60 रह गई। उत्तराखंड में नब्बे प्रतिशत पेयजल आपूर्ति झरनों पर निर्भर है, जबकि मेघालय में राज्य के सभी गांव पीने और सिंचाई के लिए झरनों का उपयोग करते हैं।



सुनील बादल



ये झरने जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण घटक भी हैं।झारखंड में भी झरनों के लगातार लुप्त होने या उनमें जल की मात्रा कम होने का सारा दोष जलवायु परिवर्तन पर नहीं मढ़ा जा सकता। अंधाधुंध पेड़ कटाई और निर्माण के कारण पहाड़ों को हो रहे नुकसान ने झरनों के नैसर्गिक मार्गों में व्यवधान पैदा किया है। नीति आयोग ने वर्ष 2018 में झरना संरक्षण कार्यक्रम की कार्य योजना तैयार की और यह उसकी चार साल पुरानी एक रिपोर्ट पर आधारित थी, लेकिन बीते छह वर्षों में झरनों को बचाने के लिए कोई योजना बनी नहीं। नए सर्वेक्षण की रिपोर्ट से झरनों को सहेजने की योजनाएं बनेंगी।यह सुखद है कि सिक्किम ने इस संकट को सन 2009 में ही भांप लिया था। इससे पहले सिक्किम में प्रति परिवार पानी का खर्च 3200 रुपये महीना था। 2013-14 में झरनों के आसपास 120 हेक्टेयर पहाड़ी क्षेत्र में गड्ढे बनाकर बारिश के पानी को संरक्षित करने पर काम शुरू किया और इसके 100 फीसदी परिणाम आने शुरू हो गए।झरनों को लेकर सबसे अधिक लापरवाही झारखंड,उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में है, जो बीते पांच वर्षों में प्रभावित हुए हैं। इन राज्यों में झरनों के आसपास भूमि क्षरण कम करने, हरियाली बढ़ाने और मिट्टी के नैसर्गिक गुणों को बनाए रखने की कोई नीति बनाई नहीं गई। आवश्यक है कि नैसर्गिक जल सरिताओं और झरनों के कुछ दायरे में निर्माण कार्य पर पूरी तरह रोक हो, ऐसे स्थानों पर कोई बड़ी परियोजनाएं न लाई जाएं, जहां का पर्यावरणीय संतुलन झरनों से हो।

# माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के बाद विमानों का संचालन हुआ सामान्य


**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर आई गड़बड़ी के कारण विमानन सेवा में आई बाधा अब ठीक हो गई है। नागर विमानन मंत्रालय की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया, ह्लआज सुबह 3 बजे से देश के सारे हवाई अड्डों पर हवाई प्रणाली ने सुचारू रूप से कार्य करना शुरू कर दिया। अब उड़ान परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। कल व्यवधान के कारण कार्य लंबित हुआ था। और आज यह धीरे-धीरे सही हो गया। हम अब सारी समस्याओं के खत्म होने की उम्मीद करते हैं। हम विमानन कंपनियों द्वारा दिये जाने वाले रिफंड और टिकटों के समायोजन के साथ हवाई अड्डों पर उड़ान परिचालन की लगातार निगरानी कर रहे हैं। हम आपके धैर्य के लिए आभारी हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में वैश्विक स्तर पर आई गड़बड़ी के कारण फ्लाइट्स में हुई देरी से यात्री बुरी तरह प्रभावित हुए। फ्लाइट्स को टेकऑफ में देरी के अलावा, चेक-इन तथा बुकिंग में भी लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।




● दुनिया भर में शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट सिक्योरिटी सिस्टम में तकनीकी खराबी का असर कई एयरलाइंस पर पड़ा।

शेष पेज 11 पर




# पवित्र सावन महीने के लिए सजधज कर तैयार है खूंटी बाबा आम्रेश्वर धाम

*बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए सोमवार से उमड़ेगा भक्तों का सैलाब*

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड के मिनी बाबाधाम के रूप में प्रसिद्ध खूंटी जिले के अंगराबारी स्थित बाबा आम्रेश्वर धाम मे सोमवार 22 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर की देखरेख करने वाली संस्था बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति और जिला प्रशासन बाबा के भक्तों को अधिक से अधिक सुविधा और सुरक्षा देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ओझा की अध्यक्षता में धाम परिसर में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक और तोरपा के एसडीपीओ खिस्टोफर केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ नागेशर मांझी, नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी नूतन दीप्रिया मिंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, तोरपा के बीडीओ कुमुद कुमार झा तथा खूंटी, तोरपा और मुरहू के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी के अनुसार बाबा आम्रेश्वर धाम में एक महीने तक डाक्टर और चिकित्सा कर्मी एंबुलेंस के साथ तैनात रहेंगे। इसके लिए जिले के सभी चिकित्सकों और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में हर जगह ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जायेगा।

बाबा आम्रेश्वर धाम के पुजारी पंडित हरिहर नाथ कर बताते हैं कि इस बार सावन महीने में 74 वर्षों के बाद एक अद्भुत संयोग मिल रहा है। इस वर्ष पवित्र सावन महीने की शुरूआत और समापन भी सोमवार को हो रहा है। सावन महीने में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। भले ही इस वर्ष सावन का महीना 29 दिनों का ही है।

पंडित कर ने बताया कि पहली सोमवारी 22 जुलाई को होगी। 29 जुलाई को दूसरी, पांच अगस्त को तीसरी, 12 अगस्त को चौथी और 19 अगस्त को पांचवीं सोमवारी पड़ रही है। 19 अगस्त को सावन पूर्णिमा में रक्षा बंधन के साथ ही सावन महीने का समापन हो जायेगा।



## धाम आनेवाले भक्तों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जायेगा : प्रबंध समिति

बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने धाम पहुंचे भक्तों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जायेगा। भक्तों की सुविधा के लिए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग नई कतार की व्यवस्था की गई है। यहां शेड का निर्माण कराया गया है। एक साथ लगभग पांच हजार भक्त शेड के नीचे कतार पर खड़े हा सकते हैं। वहां पंखा और बिजली की व्यवस्था की गई है। महामंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं को रात को आम्रेश्वर धाम में ठहरने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय, स्नानागार, बच्चों के लिए पार्क सहित कई साधन मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों की सुविधा के लिए शीघ्र दर्शन की भी व्यवस्था है। मात्र 250 रुपये का शुल्क देकर कोई भी भक्त इसका लाभ ले सकता है। बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर में सोमवार 22 जुलाई से एक माह तक चलनेवाला श्रावणी मेला भी शुरू हो जायेगा। झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सैकड़ों दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं। इसके लिए समिति द्वारा शुल्क निर्धारित किया गया है। दरअसल, भोलेनाथ के सबसे प्रिय सावन महीने में बाबा का जलाभिषेक के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ यहां उमड़ती है।

# सहायक पुलिस कर्मियों के सम्मान में एकदिवसीय उपवास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पिछले 18 दिनों से राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मी अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। धरना का समर्थन करते हुए राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव एवं पदाधिकारी एक दिवसीय उपवास पर बैठे। जैसा कि ज्ञात है कि कल अपनी मांग को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री के पास जाने के क्रम में प्रशासन के द्वारा अपने ही लोगों एवं झारखंडी नौजवानों पर बेरहमी से जमकर पिटाई की गई जिससे दर्जनों सहायक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। आज उन सभी सहायक पुलिस कर्मियों के समर्थन में एक दिवसीय उपवास रखकर उनके आंदोलन का समर्थन किया गया।

## देवेन्द्र पर लाठीचार्ज से विरोध में मशाल जुलूस

**रांची।** जेबीकेएसएस केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो पर लाठीचार्ज का विरोध किया जा रहा है। आक्रोशित झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने राजधानी रांची समेत समस्त प्रखण्ड मुख्यालय, जिला मुख्यालय मशाल जुलूस, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। राजधानी रांची के जिला स्कूल से मशाल जुलूस निकालते हुए अल्बर्ट एक्का चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। जिसमें सैकड़ों लोग हाथ में मशाल, देवेंद्र नाथ महतो पर लाठीचार्ज बर्दास्त नहीं होगा, लाठीचार्ज करने वाले पुलिस पर करवाई करो इत्यादि नामक तख्ती लेकर मौजूद थे।




### 'सहायक पुलिस कर्मियों पर लाठी बरसाना दुखद'

भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सहायक पुलिस कर्मियों पर सरकार पुलिस प्रशासन द्वारा उन पर लाठी बरसाना दुखद है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा इसका विरोध करती है। एक तरफ वार्ता कर रहे हैं कि हम आपको 1 साल का एक्सटेंशन देंगे और 25% वेतनमान बढ़ाएंगे। सहायक पुलिसकर्मियों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। दूसरी तरफ महागठबंधन की सरकार ने छत्तीसगढ़ में इसी नीति के तहत उनको अस्थाई किया।

## कोल इंडिया ने उत्पादन का लक्ष्य किया पूरा

**रांची।** कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 30 जून तक कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल कर लिया है। कंपनी ने निर्धारित लक्ष्य 189.17 मिलियन टन के मुकाबले 189.28 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भारत कोकिंग कॉल ने 10.4 मिलियन तान के मुकाबले 10.53 मिलियन टन उत्पादन किया है। इसी तरह एमसी में 50.31 मिलियन तान के मुकाबले 51.83 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है एनसीएल ने 35.35 मिलियन तान के मुकाबले 35.78 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है। वेस्टर्न कोलफील्ड ने 16.54 मिलियन टन के मुकाबले 18.25 मिलियन टन और एनईसी में 03 मिलियन 10 की जगह 05 मिलियन टन उत्पादन किया है, जबकि एसईसीएल ने 44.32 मिलियन तान के मुकाबले 41. 95 मिलियन टन और सीसीएल ने 20.88 मिलियन तन की जगह 19.19 मिलियन टन कोयला उत्पादित किया है।

## एक नजर

### खलारी में ट्रांसपोर्ट कंपनी से 500 लीटर डीजल ले गए लुटेरे

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के केडीएच स्थित टीटीसी ट्रांस्पासेर्ट कंपनी के कैंप से लुटेरे करीब 500 लीटर डीजल लूट कर ले गए। घटना शुक्रवार देर रात तीन बजे की है। आठ की संख्या में लुटेरे कैंप में घुस आए। उनके पास हथियार के रूप में गुलेल व लोहे का राड था। वहां डिउटी कर रहे कंपनी के गार्ड के साथ मारपीट कर उसे कब्जे में ले लिया तथा वहीं बैठा दिया। इसके बाद वहां खड़े तेल टैंकर का पाइप काटकर डीजल निकाले। इसके अलावा कैंप में खड़े कई अन्य डंपरों के डीजल टैंक का ढक्कन तोड़कर उसमें से भी डीजल निकाला। लुटेरे 500 लीटर से अधिक डीजल जरकिन में भरकर ले गए।

### बिजली की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

**बेड़ो।** प्रखंड अंतर्गत करकरी पंचायत के ग्राम खरदेवरी तेतर टोली के एक ही परिवार के दो बच्चे विनय तिर्की उम्र- 4 साल, श्रृष्टि तिर्की उम्र- 1 साल, पिता- सुशील तिर्की, बिजली के चपेट मे आने पर मौके पर मौत हो गई। इसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि सिंगलू जी, हबीब अंसारी जी को मिलते हीं घटना स्थल पर पहुंचे। विभाग से कहकर लाइन कटवाया। साथ ही घटना की विस्तार से जानकारी लिया।

### पतरातु घाटी में मिला शव

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के पतरातु घाटी में एक शव मिला है। शव की पहचान गांव- बचरा, थाना- बारियातू, जिला- रांची निवासी के रूप में हुई है। मृतक के पिता कमल राज सिंहा ने सूचना पर पतरातू घाटी पहुंचकर अपने पुत्र पल्लव राज सिन्हा (19) के रूप में की। थाना में दिए आवेदन के अनुसार पल्लव को पतरातू घाटी लाकर उसके दोस्तों ने मारकर आत्महत्या का रुप देने की कोशिश की है। वह रांची में रह कर बीसीए की पढ़ाई करता था।

### बीआईटी में कारगिल दिवस पर 26 जुलाई को मिनी मैराथन

**रांची।** कारगिल दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर 3 झारखंड सीटीसी एनसीसी मेसरा द्वारा 26 जुलाई को मिनी मैराथन का आयोजन किया गया है। संस्थान के परिसर में ए डे इन दि नेम ऑफ ब्रेवहर्ट्स नामक यह मैराथन 5 किलो मीटर की होगी। मैराथन सुबह 6 बजे शुरू होगी।

# समाज और राष्ट्र निर्माण में डीएवी का अहम योगदान : सुजीत कुमार

*डीएवी खलारी में सम्मानित किए गए प्रतिभावान बच्चे व उनके माता-पिता*

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी के बच्चों की प्रतिभा से शनिवार को उनके माता-पिता भी सम्मानित किए गए। इसे लेकर डीएवी स्कूल खलारी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सीसीएल एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार व अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीएवी गान गाया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा, डीएवी राष्ट्रीय खेल, सीबीएसई एवं खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी 50 प्रतिभाशाली बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी देकर व उनके अभिभावकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

# 121 श्री श्याम भंडारा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 121 वा श्री श्याम भंडारा भक्तिमय सम्पन्न हुआ। पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था।श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में श्याम भक्त परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके संयुक्त रूप से सभी परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को सभी परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। 121 वे श्री श्याम भंडारा का समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया एवं हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारे लग गई।



# मेडिका कर रहा है 'मासूम धड़कन' पहल का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल और भगवान महावीर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मासूम धड़कन कैंप का शुभारंभ हुआ। इस पहल का उद्घाटन जाने-माने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ। हेमंत नारायण रे ने किया। इस कैंप के दौरान, दो दिनों में 20 से अधिक ऐसे मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा जिनके दिल में छेद है। स्वागत करते हुए मेडिका के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय मिश्र ने कहा की मेडिका अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सजग है। ये पहल अपने आप में एक प्रेरणा है।

मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत नारायण ने कहा की कभी किसी भी कॉर्पोरेट हॉस्पिटल ने ऐसी पहल नहीं की है, मेडिका ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है जो सभी कॉरपोरेट अस्पतालों के लिए मानक बनेगा। जैन समाज के अध्यक्ष पूरणमल जैन ने कहा संस्था हर उस नेक कार्य को करने के लिए प्रतिबद्ध है जो मानवता की सेवा के लिए जरूरी है, मेडिका को इस पहल की बधाई।

इस अवसर पर डॉ. धनंजय ने कहा यह ऑपरेशन बिना किसी चीरफाड़ के किया जाएगा, जो मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित और कम दर्दनाक होगा। डायरेक्टर आबिद तौकीर ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसी पहल समय-समय पर आयोजित होगी। सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की। उद्घाटन में डॉ। रोहित कुमार, डॉ.दीपक कुमार, डॉ. आशुतोष ठाकुर, डॉ.दीपक चंद्र प्रकाश, डॉ.अलका , डॉ. अंजना गांधी, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. योगेश जैन, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. दीपक मल्लिक, विनय सरावगी, डॉ. आलोक जैन, सुरेश जैन, रामपाल जैन, अनिरुद्ध मुखर्जी, भारती ओझा विशेष रूप से उपस्थित थे। यह कैंप उन सभी मरीजों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है जो जन्म से दिल की बीमारी से पीड़ित हैं। मेडिका हॉस्पिटल का यह प्रयास निःसंदेह समाज में एक सकारात्मक संदेश देगा।



20 से अधिक दिल में छेद के रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन होगा

## सेल ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी से किया समझौता

**रांची ।** सेल ने मेडिक्लेम योजना 2024-25 के लिए न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के साथ समझौता किया है। मेडिक्लेम इंश्योरेंस 11 जुलाई 2024 से 10 जुलाई 2025 तक एक वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकृत की गई है। प्रीमियम भुगतान को लेकर जानकारी सेल की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। नवीनीकरण के लिए प्रीमियम भुगतान की सुविधा 10 अगस्त तक उपलब्ध कराई गई है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सेल मेडिक्लेम योजना 2024-25 का आदेश जारी कर दिया है। 9 हजार से लेकर 100 रुपए तक के प्रीमियम पर योजना का लाभ लिया जा सकता है। सेल के एचआर के मुख्य महाप्रबंधक मानस रंजन रथ द्वारा सर्कुलर जारी कर दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### कल्याण गुरुकुल खूंटी के 13 छात्रों को दुबई में मिली नौकरी



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के चंद्रपुर स्थित कल्याण गुरुकुल से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई गये गुरुकुल के 13 छात्रों को वहां नौकरी मिल गई है। गुरुकुल से प्रशिक्षण पाने के बाद दुबई जाकर इन छात्रों ने काम शुरू कर दिया है और इसके लिए गुरुकुल के वरीय प्राचार्य केशव चंद्र मोहंती और अन्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दुबई से फोटो शेयर किया है। छात्रों ने कहा कि गुरुकुल में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनके जीवन में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के और युवकों को भी वहां प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। दुबई में नौकरी कर रहे गुरुकुल के छात्र अक्षय कुमार, टल्फ्रेड भेंगरा, डॉक्र सिंकू, अथियस मुंडा, मुकेया प्रसाद, रवींद्र उरांव आदि ने प्राचार्य को बताया कि के काफी खुश हैं और सुरक्षित वातावरण में काम कर रहे हैं।

### स्कूली बच्चों के बीच किट का वितरण




**मांडर।** शनिवार को टीएसएफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा मांडर प्रखंड के कनभिट्ठा पंचायत में स्कूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को रोजाना स्कूल आना चाहिए। मनुष्य के जीवन में जितना महत्त्व भोजन, कपड़े, हवा और पानी का है, उससे कहीं अधिक महत्त्व शिक्षा का है। इसीलिए हमेशा ये ही कहा जाता है कि शिक्षा का मानव जीवन में बहुत महत्त्व है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। शिक्षा मानव जीवन की एक महत्त्वपूर्ण इकाई है। शिक्षा न हो तो मनुष्य के जीवन की कल्पना भी मुश्किल है।

### द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक मेले का शुभारंभ



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने शनिवार को सीएमपीडीआई के पास शिव मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक चार दिवसीय मेले का शुभारंभ किया। इस मेले का उद्घाटन दुगापूर्जा चैरीटेबल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी जयंत शाहदेव ने किया। बता दें कि यह मेला 23 जुलाई तक चलेगा। जयंत शाहदेव ने कहा कि शिव को मुक्तेश्वर कहा जाता है। शिव आशुतोष हैं। शिव जल्द और सहज ही उच्च वरदान देने वाले हैं। कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि शिव का अर्थ ही है कल्याणकारी। समाजसेवी शंभु चौधरी ने कहा कि शिव को एकनाथ, पशुपतिनाथ, मुक्तेश्वर, दुःखहर्ता, संकटमोचक कहा जाता है। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगम के रूप में सोमनाथ, ऊंकारेश्वर, मल्लिकार्जुन, वैद्यनाथ, महाकालेश्वर, भीमेश्वर, भुवनेश्वर, केदारनाथ त्रयम्बकेश्वर, विश्वनाथ, रामेश्वर एवं नागेश्वर परमात्मा शिव के सभी नाम कर्तव्यवाचक हैं। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि श्रावण के महीने में विषेष रूप से सोमवार को शिव की पूजा की जाती है। इसके पीछे का रहस्य यह है कि कलियुग के अंत में जब सभी मनुष्यात्माएं घोर अज्ञान में फंस कर दुखी हो जाती हैं, तब परमात्मा ने ज्ञान रूपी सोम अथवा अमृत पिलाया। परमपिता परमात्मा की अवतरण भूमि भारतवर्ष अध्यात्म प्रधान देश है। यह राजऋषियों तथा देवी-देवताओं की पुण्यभूमि है। विकारों की ज्वाला से दग्ध विश्व को प्रेम, शांति और अहिंसा का संदेश देने वाल देश है। मौके पर पंडित अंकित मिश्रा, पंडित प्रभात कृष्ण शास्त्री, शंकर नरायण तिवारी, उषा मंत्री आदि उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में द्वादश ज्योतिर्लिंगम की आरती की गई। राजयोग चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। साथ ही, प्रसाद का भी वितरण किया गया।

### एआईबीपीएआरसी ने 100 किसानों के बीच किया फलदार पौधों का वितरण



**रांची।** आल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटीरीज कन्फेडरेशन (एआईबीपीएआरसी) की झारखंड इकाई ने शुक्रवार को बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर नामकुम के चेने गांव में 100 किसानों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया। इनमें आम, कटहल और अमरूद के पौधे दिए गए। साथ ही, स्कूल में वर्ग एक से पंचम वर्ग तक के अध्यनरत 32 छात्रों के बीच एक-एक स्कूल बैग, पेंसिल और कॉपी वितरित किया गया। गांव के दस बुजुर्गों को साड़ी एवं धोती भी दिया गया। कार्यक्रम में 50 संगठन के सदस्यों ने योगदान दिया। दूसरी ओर बैंक, होटल ग्रीन पार्क के सभाकक्ष में आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें हजारीबाग जिले के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभाध्यक्ष सजल मुखर्जी उपस्थित थे। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने सुदूर गांव में सार्वजनिक बैंको के जरिए प्रदत सेवाओं की सराहना भी की। उन्होंने सरकार की नीतियों, जिसमें निजीकरण के प्रयासों के बारे भी सजग और सावधान रहने की बात कही। संगठन के सदस्यों ने ऐसे किसी भी आंदोलन, जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के प्रयास के विरुद्ध होगा, समर्पण के साथ न्योछावर होने के लिए संकल्प भी लिया। इस अवसर पर रामबली राम, कपिल कुमार सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## सीबीएसई की गाइडलाइन का नहीं हो रहा पालन

# एआईएम संस्थान चला रहा समानांतर स्कूल

**रजनीश**

**रांची।** एआईएम कोचिंग संस्थान सीबीएसई के नियमों को दरकिनार कर अपने मन के अनुसार कोचिंग चला रहा है। एआईएम कोचिंग संस्थान के कर्मचारी के अनुसार, यह कोचिंग स्कूल नहीं जाने की सुविधा देती है। कोचिंग एलए गार्डन स्कूल से बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवा देती है और बच्चों को अपने यहां क्लास देती है। कोचिंग में बच्चों का जो अटेंडेंस होता है, वहीं स्कूल में मान्य होता है। जब एआईएम कोचिंग संस्थान स्कूल के समान कोचिंग चला रही है, तो उसे सीबीएसई द्वारा जारी गाइडलाइन को भी मानना चाहिए। लेकिन, ऐसा नहीं हो रहा है। एआईएम कोचिंग संस्थान अपने मन का मालिक है। किसी नियम को नहीं मान रहा है।


एलए गार्डन स्कूल में रजिस्ट्रेशन पढ़ाई एआईएम कोचिंग में

### ये हैं सीबीएसई की गाइडलाइन

- सीबीएसई स्कूल के हर क्लास की साइज कम से कम लगभग 500 स्क्वायर फीट होनी चाहिए। हर क्लास के लिए एक अलग कमरा निर्धारित करना अनिवार्य है।
- हर स्टूडेंट के हिसाब से क्लास में कम से कम एक स्क्वायर फीट फ्लोर स्पेस की जगह होनी चाहिए।
- सीबीएसई बोर्ड के अधिकतर स्कूलों में साइंस विषय की पढ़ाई करवाई जाती है। सीबीएसई के जिन स्कूलों में साइंस विषय की पढ़ाई होती है (खासतौर पर सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल), उनमें हर साइंस लैब की साइज कम से कम 600 स्क्वायर फीट होनी चहिए।
- सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध स्कूलों की लाइब्रेरी कम से कम 14 मीटर गुणा 8 मीटर एरिया में होनी चाहिए। साथ ही, लाइब्रेरी में बच्चों की संख्या के हिसाब से पर्याप्त किताबें व अन्य जरूरी सुविधाएं भी होनी चाहिए।
- स्कूल के पास कम से कम 20 कंप्यूटर होने चाहिए।
- स्कूल के पास अच्छी स्पीड वाला इंटरनेट कनेक्शन होना चाहिए।
- अगर किसी स्कूल में 800 बच्चे हैं, तो वहां कम से कम एक कंप्यूटर लैब का होना अनिवार्य है।

## एसडीओ ने मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

**रांची।** समाहरणालय परिसर से द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। रथ रवाना के क्रम में उप समाहर्ता भूमि सुधार रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके, श्री मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री बिवेक कुमार सुमन,सहायक दंडाधिकारी सह सहायक समाहर्ता, श्री जफर हसनाथ एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहें। मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता आगामी विधानसभा सभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा योग्य मतदाता को जोड़ते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। ये जागरूकता रथ कांके रांची क्षेत्र में घूम कर मतदाताओं को जागरूक करते हुए योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए प्रेरित करेगा। रथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं के बीच पहुंच कर उन्हें जागरूक करेगा। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा जागरूकता रथ रवाना करने के क्रम में विशेष रूप से कहा की आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अभी से ही मतदाताओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुरू की परीक्षा प्रक्रिया

# राज्य में आठ साल बाद होगा 'जेटेट'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में करीब आठ साल बाद झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीईटी या जेटेट) आयोजित की जाएगी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने परीक्षा प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जैक की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार झारखंड प्री-टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटीईटी) के लिए 23 जुलाई से 22 अगस्त तक आवेदन जमा किए जाएंगे। आवेदन झारखंड जैक की वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन जमा किए जाएंगे। जारी विज्ञप्ति के अनुसार कक्षा 1 से 5 और 6 से 8 के लिए अलग-अलग परीक्षाएं होंगी। गौरतलब है कि राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा 2016 में आयोजित की गई थी। जैक की ओर से शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्राथमिक कक्षा एक से पांच और उच्च प्राथमिक कक्षा 6 से 8 के लिए दो घंटे 30 मिनट की परीक्षा होगी। इस परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति के लिए 50 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 50 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 55 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 55 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 55 प्रतिशत तथा दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा में राज्य सरकार द्वारा उल्लेखित 15 भाषाओं में से किसी एक में परीक्षा देना अनिवार्य होगा।

## कक्षा 1 से 5 एवं 6 से 8 के लिए अलग-अलग होंगी परीक्षाएं




### 700 से 1300 रुपये तक शुल्क

अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए 700 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक शुल्क देना होगा। सामान्य जाति, अत्यंत पिछड़ा, पिछड़ा व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 1300-1300 रुपये, अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 700-700 रुपये और आदिम जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये का शुल्क लगेगा। अगर प्राइमरी और अपर प्राइमरी के टेट के लिए आवेदन करते हैं, तो सामान्य, अत्यंत पिछड़ा, पिछड़ा व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 1500-1500 रुपये, अनसूचित जनजाति, अनसूचित जाति व दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 800-800 और आदिम जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 600 रुपये का शुल्क लगेगा।

### खुशखबरी — ओएमआर शीट पर ली जाएगी परीक्षा




शिक्षक पात्रता परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। परीक्षा ढाई घंटे तक चलेगी। सभी विषयों के प्रश्न ऑब्जेक्टिव और बहुविकल्पीय होंगे। इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। ओएमआर शीट पर किसी प्रकार की छेड़छाड़ करने, गलत सूचना भरने और गलत ओएमआर का उपयोग करने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। परीक्षा के बाद ओएमआर शीट का पुनर्मूल्यांकन या फिर से जांच नहीं की जाएगी।

### 2013 एवं 2016 में ली गई थी परीक्षा

झारखंड में इससे पहले 2013 और 2016 में शिक्षक पात्रता परीक्षा हुई थी। 2013 में 68 हजार अभ्यर्थी सफल हुए थे, जबकि 2016 में 53 हजार परीक्षार्थी पास हुए थे। 2013 में सफल टेट अभ्यर्थी 2015-18 की नियुक्ति प्रक्रिया में शिक्षक बन गए हैं, लेकिन 2016 के सफल अभ्यर्थी अब तक इस आधार पर शिक्षक नहीं बन सके हैं। वर्तमान में सहायक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया में वे शामिल हो रहे हैं।

### सामान्य वर्ग के लिए 60 अंक जरूरी

शिक्षक पात्रता परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 60 अंक लाना होगा। इसके अलावा हर पेपर में उन्हें कम से कम 40 अंक होने अनिवार्य हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आदिम जनजाति और दिव्यांक कोटि के अभ्यर्थियों को हर पेपर में कम से कम 30-30 अंक और ओवरऑल 50-50 अंक लाने होंगे। इनके अलावा अत्यंत पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को हर पेपर में न्यूनतम 35-35 अंक और ओवरऑल कम से कम 55-55 अंक लाने होंगे।

# आईटीआई बस स्टैंड में कांट्रैक्टर की मिलीभगत से ऑटो चालकों से हो रही अवैध वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईटीआई बस स्टैंड में सुबह से देर रात तक बसों का आना-जाना लगा रहता है। इस स्टैंड के अंदर रोजाना ऑटो का जाना-आना होता है। इधर, ऑटो-चालकों का कहना है कि उनका शोषण हो रहा है। उनसे पैंतालीस रुपये कांट्रैक्टर के नाम से लिए जाते हैं। बस स्टैंड के सड़क किनारे ऑटो खड़ा करने पर पच्चीस रुपये देना होता है, जिसका पर्चा भी मिलता है। मगर जैसे ही स्टैंड के अंदर दाखिल होते हैं, बीस रुपये का और भुगतान करना पड़ता है, जिसका पर्चा कभी मिलता ही नहीं है। ऑटो-चालकों का कहना है कि यह स्थिति आगे कुआं, पीछे खाई वाली है। स्टैंड के बाहर सड़क पर रहेंगे, तो पुलिस की लाठी खानी पड़ेगी और भारी चालान कटेगा। स्टैंड के अंदर जाएंगे तो बीस रुपये अवैध देना पड़ता है। नगर निगम ने ऑटो चालकों के लिए स्टैंड ही नहीं बनाया है। हम बेबस और परेशान हैं। पर, हम ऑटो वालों की दयनीय स्थिति पर कोई ध्यान ही नहीं देता। जबकि, ऑटो एक ऐसी सवारी है, जिस पर सभी वर्ग के लोग खुशी-खुशी सवार होते हैं। बस से उतरते ही लोग ऑटो ढूंढते नजर आते हैं, लेकिन इनपर किसी का ध्यान नहीं।

## रातू रोड व किशोरी यादव चौक पर हो रही बसों की अवैध पार्किंग

# प्रशासनिक व्यवस्था का उड़ाया जा रहा मखौल

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राजधानी रांची में बसों की अवैध पार्किंग से हो रही समस्या पर दैनिक सामाचारपत्र राष्ट्रीय नवीन मेल लगातार प्रमुखता से आवाज उठा रहा है। प्रशासन पर इसका असर भी हुआ है। ड्यूटी के दौरान अवैध पार्किंग को नजरअंदाज करने वाले पुलिसकर्मी सस्पेंड हुए हैं। परिवहन विभाग द्वारा अवैध पार्किंग करने वाले बसों को फाइन भी किया गया है। लेकिन, बस संचालकों और ड्राइवरों की दबंगई ऐसी है कि उनके लिए न तो कानून मायने रखता है, और न ही आम लोगों की परेशानी। और, इसी कारण रांची में बसों की अवैध पार्किंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

रातू रोड चौक और किशोरी यादव चौक पर अब भी यात्री बसें अवैध पार्क की हुई नजर आती हैं। बसों के ठहराव का स्थान नहीं होने के बावजूद वहां बसें ऐसे रुकी रहती हैं, मानो बस स्टैंड में खड़ी हों। भीड़-भाड़ वाले इन इलाकों में अवैध पार्किंग कर यात्रियों को बैठाया जाता है, जिससे सड़कें जाम हो जाती हैं। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। राजधानी में बसों की अवैध पार्किंग से आम जनजीवन त्रस्त है। आए दिन जाम लगा रहता है, इस जाम से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। रांची में नियम कानून को ताक पर रखकर बस संचालक और ड्राइवर ट्रैफिक व्यवस्था का मखौल उड़ा रहे हैं और प्रशासन चुप नजर आता है। ऐसी अव्यवस्था राजधानी रांची को छोड़कर किसी अन्य राज्यों की राजधानी में शायद ही देखने को मिले।

### अवैध पार्किंग से सड़कें होती हैं जाम



रातू रोड चौक पर अवैध पार्क की हुईं बसें।



राजभवन के पास अवैध पार्क की हुईं बसें।


किशोरी यादव चौक पर अवैध पार्क की हुईं बसों से जाम की स्थिति

## रांची में महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट

# महंगाई से बेस्वाद हो रहीं सब्जियां

एक महीने में ही सब्जियों की कीमत दोगुनी से भी ज्यादा हुई

20 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर 80 से 120 रुपये में मिल रहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में सब्जियों की कीमतें दिन प्रति दिन बढ़ रही हैं। हरी सब्जियों की कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं। एक माह में ही सब्जियों की कीमतें दोगुनी से भी ज्यादा हो गई हैं। 20 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर 80-120 रुपये और प्याज 40 से 45 रुपये किलो मिल रहा है। ज्यादातर हरी सब्जियों की कीमतें 40 रुपये के पार हैं।

आलू-प्याज सहित सब्जियों की औसत कीमत 40 प्रतिशत तक महंगी हो गई हैं। इस समय शहर के बाजारों में एक महीने पहले 20 रुपये किलो बिकने वाला आलू 35 रुपये बिक रहा है।

लालपुर में सब्जी बेचने वाले बुंडू के सुभाष ने शनिवार को बताया कि सब्जियां महंगी होने का पहला कारण बारिश ठीक से नहीं होना हैं। कम बारिश से टमाटर और सीजन वाली सब्जियां कम हुई या खराब हो गईं। व्यापारियों का कहना है कि लोकल सब्जियों का उत्पादन आधे से भी कम हो गया है। इससे कीमतें बढ़ गई हैं। क्योंकि, बाहर से माल मंगाना पड़ रहा है। बेंगलुरु से टमाटर आ रहा है। ये टमाटर 80-120 रुपए किलो बिक रही है।

नागाबाबा खटाल में सब्जी की दुकान लगाने वाली रेखा देवी ने बताया कि कीमतें बढ़ने के कारण उनकी कमाई घट गई है, क्योंकि सब्जियां कम मात्रा में बिक रही हैं। पहले एक बोरा फूल गोभी रोज बेच देते थे, अभी आधा भी नहीं बिक रहा। झींगी और नेनुआ भी लोग कम खरीद रहे हैं।

नागाबाबा खटाल के समीप सब्जी खरीद रहे राम सिंह ने बताया एक माह में सब्जी के दाम में काफी वृद्धि हुई है। इससे घर का बजट बिगड़ गया है। जहां 1500 रुपये में एक माह सब्जी आराम से चलता था, वहां अभी 2500 रुपये लग रहे हैं। लालपुर में सब्जी खरीदतीं नेहा देवी ने बताया कि सब्जी के दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ गया है। पहले से दोगुना दाम में सब्जी मिल रहे हैं। जहां एक हजार लगता था, वहां अब 2000 रुपये लग रहे हैं।



### अभी सब्जी के प्रति किलो दाम

| सब्जी | प्रति किलो |
|---|---|
| आलू | 35 |
| धनिया पत्ता | 200 |
| प्याज | 40 से 50 |
| अदरक | 200 |
| लहसुन | 190 |
| शिमला मिर्च | 120 |
| हरा मिर्च | 80 |
| बेंगलुरु टमाटर | 120 |
| लोकल टमाटर | 80 |
| मकई | 40 |
| फूलगोभी | 60 |
| कच्चा केला | 40 |
| पालक | 40 |
| परवल | 40 से 60 |
| बोदी | 40 |
| गाजर | 40 |
| खीर | 30 से 40 |
| भिंडी | 40 |
| कद्दू | 30 |
| पत्ता गोभी | 40 |
| बैगन | 50 |
| करेला | 40 |
| नेनुआ | 35 |
| झिंगी | 40 से 50 |

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी कॉलेज में फोटोग्राफी व फिल्म निर्माण विषय में एडमिशन का अवसर

**रांची।** रांची के मारवाड़ी कॉलेज के डिजिटल फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण कोर्स में एडमिशन चल रहा है। यह एक वर्ष का डिप्लोमा ऐड ऑन कोर्स है। इच्छुक व्यक्ति या विद्यार्थी मारवाड़ी कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर डीपीएफएम कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। शनिवार को यह जानकारी देते हुए मारवाड़ी कॉलेज के डीपीएफएम कोर्स डायरेक्टर डॉ सुशील कुमार अंकन ने बताया कि कोई भी विद्यार्थी, जो दूसरे कॉलेज में किसी अन्य विषय की पढ़ाई कर रहा हो या किसी ऑफिस में काम कर रहा हो, या गृहणी हों या जिनको फोटोग्राफी और फिल्ममेकिंग का शौक हो, जो कायदे से रील या लघु फिल्म बनाना चाहते हों, वैसे सभी व्यक्ति इस कोर्स में एडमीशन ले सकते हैं। नामांकन के लिए न्यूनतम अर्हता किसी भी विषय से +2 केवल 45 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए। इसमें सीटों की कुल संख्या 20 है और एक वर्ष का कोर्स फीस मात्र तीस हजार रुपये है, जो दो इंस्टॉलमेंट में देना पड़ता है। कक्षाएं सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चलाई जाती हैं। इस कोर्स में बेसिक फोटोग्राफी, एंगल, कंपोजिशन, लाइटिंग, कलर करेक्शन, वीडियो रिकॉर्डिंग, एडिटिंग, साउंड एडिटिंग एवं मिक्सिंग, टाइटलिंग आदि सीख सकते हैं। यहां फील्ड में भी काम करने का मौका मिलता है। डॉ सुशील कुमार अंकन ने बताया कि पहले आएं पहले पाएं की तर्ज पर यहां नामांकन लिया जाता है।




### एचडीएफसी बैंक कर्मी की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार, हथियार बरामद

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू फल मंडी के पास एचडीएफसी बैंक कर्मी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दानिश तथा दो अन्य शामिल हैं। इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। मामले की पुष्टि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू फल मंडी के पास अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अरगोड़ा निवासी अभिषेक कुमार सिंह के रूप में की गई। वह मेन रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के लोन सेक्शन में कार्यरत था। लूटपाट का विरोध करने पर अभिषेक की गोली मारकर हत्या की गई थी।

### प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अधिवेशन खूंटी में आज

**रांची/खूंटी।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन का आयोजन स्थानीय राजस्थान भवन में रविवार 21 जुलाई को किया जाएगा। अधिवेशन की सफलता को लेकर शनिवार को खूंटी जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में सम्मेलन के रोहित जैन ने बताया कि खूंटी मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में आयोजित होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में खूंटी के अतिरिक्त रांची, गुमला, लोहरदगा, जमशेदपुर, सिमडेगा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद सहित अन्य जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। उनकी अगुवाई खूंटी मारवाड़ी जिला सम्मेलन के अध्यक्ष श्रीपाल चंदी जैन करेंगे। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी सम्मेलन का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर समाज में एकता स्थापित करना है। सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष विनय सरावगी, वर्तमान अध्यक्ष बसंत मित्तल और खूंटी जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्रीपाल चंद जैन संयुक्त रूप से करेंगे।

### डीएवी हेहल में अंतरसदनीय कविता पाठ प्रतियोगिता



**रांची।** हेहल डीएवी स्कूल में अन्तरसदनीय कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने चार सदनों-स्वामी दयानंद सदन, स्वामी श्रद्धानंद सदन, महात्मा हंसराज सदन, महात्मा आनन्द स्वामी सदन की ओर से तीन-तीन प्रतिभगियों ने ओज पूर्ण कविताओं का सस्वर वाचन कर खूब तालियां बटोरीं। इस काव्य पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कांटे की टक्कर रही। निर्णायक मण्डली ने अपने निर्णायक कौशलों का प्रयोग कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान हंसराज सदन की दक्षा प्रसाद व अक्षरा राज और तृतीय स्थान महात्मा आनन्द स्वामी सदन की सृष्टि मिश्रा को घोषित किया।

### नवजात शिशुओं के बीच बेबी किट का वितरण

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में 9 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन 15 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के छठे दिन शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राकेश मोदी के सम्मान में अपर बाजार स्थित नागरमल मोदी सेवा सदन के मैटरनिटी वार्ड मे 6 नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओं को बेबी किट भेंट किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम के संयोजक मंच के युवा सदस्य अरुण पोद्दार एवं आशीष डालमिया थे।

### संत मिखाइल नेत्रहीन विद्यालय में किया गया पौधरोपण

**रांची।** लोक सेवा समिति ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण का कार्य प्रारंभ किया है। इसी के तहत शनिवार को संत मिखाइल नेत्रहीन उच्च विद्यालय में बच्चों के साथ सदस्यों ने पौधरोपण किया। वहीं उसके संरक्षण और जागरूकता के लिए शपथ भी ली गई। मौके पर समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, मसूद आलम, राजकुमार, वंशी, प्रदीप, टूटी, पंकज, धीरज कुमार, प्रमोद साईं, सौरभ भगत आदि उपस्थित थे।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आईपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डालटनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

# भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकें : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा के मार्गदर्शन में 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत वाली सरकार बनायेगी। आज झारखंड की क्या स्थिति है, यह किसी से छिपी नहीं है। बाबूलाल मरांडी शनिवार को जगन्नाथ मैदान, धुर्वा में प्रदेश भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज चोरी, डकैती, हत्या, लूट, महिला उत्पीड़न और बलात्कार की घटना हो रही है। राज्य में हर दिन पांच बलात्कार और पांच हत्याएं हो रही हैं। आदिवासियों के साथ सबसे अधिक उत्पीड़न की घटना हो रही है। राज्य की कानून व्यवस्था लड़खड़ा गयी है। इस बार के चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ता आम जन की सुरक्षा की बात को लेकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई भी प्रमाणपत्र निर्गत नहीं हो रहा है। अधिकारी बिना पैसा के कोई भी काम नहीं कर रहे हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार न कर राज्य सरकार के लिए वसूली का काम कर रही है। आज गरीब बालू खरीदने के लायक नहीं बचा, जो भी बालू ले कर जा रहा है, उसे पुलिस गिरफ्तार कर ले रही है। ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। यहां सत्ता पक्ष कहता है कि भाजपा यदि सरकार बनायेगी तो राज्य के मूलवासियों की जमीन लूट लेंगे लेकिन भाजपा के सरकार में किसी की भी जमीन आज तक नहीं लूटी गई है जबकि हेमंत सोरेन ही राज्य के मूलवासियों की जमीन को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक भ्रष्ट कांग्रेस है। देश के प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हर व्यक्ति को साफ पानी, आवास, चिकित्सा, शिक्षा मिले लेकिन राज्य सरकार इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देती है। राज्य सरकार के पांच लाख नौकरी का पता नहीं। बेरोजगारी भत्ता, चूल्हा खर्च, वृद्ध पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि का लाभ भी नहीं मिल रहा है। यह सरकार हर परीक्षा में सीट को बेचने का काम की है। राज्य में आदिवासी जमीन की बिक्री नहीं होती है लेकिन नियम में छेड़छाड़ कर आदिवासी की जमीन भी जेएमएम की सरकार लूट रही है। संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल गयी है।




### भाजपा सरकार बनते ही पुलिसकर्मियों के नाम के आगे हटा देंगे सहायक शब्द

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में ही सहायक पुलिसकर्मियों के नाम के आगे से सहायक शब्द हटा दिया जाएगा। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बाबूलाल ने लिखा है कि ये सभी जवान जो आज अपने हक के लिए लाठियां खा रहे हैं, भाजपा की सरकार बनते ही राज्य की प्रगति में सहायक होंगे, न कि अपनी नौकरियों के लिए संघर्ष करते दिखेंगे।

## झारखंड के शोषक ही बन बैठे हैं शासक : अर्जुन मुंडा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को रांची पहुंचे। इस दौरान श्री शाह ने विस्तृत कार्यसमिति सम्मेलन में झारखंड के 26000 कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित किया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि यह विस्तारित कार्यसमिति ऐतिहासिक है। जो झारखंड में परिवर्तन के संकल्प के साथ संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की सत्ता पर वैसे लोग बैठे हैं जिन्होंने वर्षो तक झारखंड को लूटा है। आंदोलन के साथ भद्दा मजाक किया। उन्होंने कहा कि इनकी नियत आज भी बदली नही है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में लुटेरे मस्त और उद्योग धंधे पस्त हैं। कहा कि आज आदिवासी, दलित, महिला, युवा, पिछड़ा सभी वर्ग इस सरकार से परेशान है। प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मी कांत वाजपेई ने प्रस्तुत राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य की परिस्थितियां परिवर्तन की बाट जोह रही है। एक तरफ तीसरी बार मोदी सरकार से देश विकसित भारत के संकल्प को पूरा कराने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जुट गया है। वहीं दूसरी ओर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने कमर कस लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता भाजपा के आह्वान के साथ खड़ी है। हमे जनता के बीच जाकर अपनी बात रखनी है। मुख्य सचेतक विधायक विरंची नारायण ने लोकसभा चुनाव परिणाम का विस्तृत विश्लेषण किया। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि कार्यसमिति के संकल्पों को लेकर हम गांव गांव जायेंगे। आगामी कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि 1अगस्त से 14अगस्त तक महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ महिला मोर्चा सभी जिला केंद्रों पर आक्रोश प्रदर्शन करेगी। युवा मोर्चा द्वारा प्रखंड ,अनुमंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ तालाबंदी कार्यक्रम चल रहा। 23 अगस्त को रांची में एक लाख युवाओं का प्रदर्शन होगा।

### 1 से 15 तक घर- घर संपर्क अभियान चलेगा

अगस्त और सितंबर महीने में प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा का विधानसभा क्षेत्र में सांगठनिक प्रवास होंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी का भी सांगठनिक प्रवास होना निर्धारित है। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने किया।

## रांची में अमित शाह की सुरक्षा में चूक, दो हिरासत में



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला यहां सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। अमित शाह भाजपा के विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने शनिवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचे। रांची एयरपोर्ट से उनका काफिला बिरसा चौक के लिए निकला तो बाइक सवार दो व्यक्ति उनके काफिले का पीछा करने लगे। यह मामला सुरक्षाकर्मियों के संज्ञान में आते ही पुलिस ने दोनों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया।पता चला है कि उस वक्त दोनों युवक नशे में थे। हटिया के डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के काफिले का हिस्सा नहीं थे। वह तेज गति से बाइक चला रहा था और काफिले का पीछा कर रहा था, इसलिए हमने उसे हिरासत में लिया है। पता चला है कि पकड़े गए दोनों लोगों की पहचान हो गई है। इनमें एक शख्स का नाम अंकित और दूसरे का नाम मोहित है।

## भाजपा है तब तक संविधान और आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता : अमर बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड में भी मोदी सरकार ने विकास का नया आयाम दिया। बिजली, सड़क, नया विधानसभा, एयरपोर्ट, एम्स, मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ। लोकसभा में पार्टी को 9 सीटें झारखंड से मिली। कांग्रेस-झामुमो की सरकार झूठ और फरेब की बुनियाद पर बनी है। जब तक देश में भाजपा है तब तक संविधान और आरक्षण को कोई हाथ तक नहीं लगा सकता। भाजपा ने संविधान बचाने का तो कांग्रेस ने संविधान खत्म करने का काम किया। जिस दिन हिंदू अल्पसंख्यक हो जायेंगे उस दिन न संविधान बचेगा, ना लोकतंत्र बचेगा और ना बाबा साहब का नाम रहेगा। हम सबों को इंडी गठबंधन के फरेब से बचना है। 2024 विधान सभा में झारखंड से इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा अब झारखंड मिटाओ मोर्चा बन गया है : शिवराज



**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ झारखंड के रांची में आयोजित विस्तृत कार्यसमिति और भाजपा कोर कमेटी की बैठक में शामिल हुए। चौहान ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया और इस झारखंड को नरेन्द्र मोदी ने संवारने का काम किया है लेकिन आज झारखंड कहां से कहां पहुंच गया है। कहते हुए दुख और तकलीफ होती है कि झारखंड आज तबाही और बबार्दी की तरफ है। जेएमएम का मतलब झारखंड मिटाओ मोर्चा हो गया है। जेएमएम का मतलब है जमीन माफिया, मर्डर माफिया और माइनिंग माफिया। चौहान ने कहा कि झारखंड में चारों तरफ लूट मची हुई है, भ्रष्टाचार चरम पर है। माफिया को सोरेन सरकार का संरक्षण प्राप्त है। हमने पहले देखा और सुना था कि गली मोहल्लों में दूध और घी बाल्टियों पर रखकर बेचा जाता था लेकिन झारखंड में पहली बार देखा कि बालू भी बाल्टी में बेची जा रही है। बालू और ईंट के दाम आसमान छू रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों के लिए केन्द्र सरकार का पैसा तो गरीबों को मिल गया है लेकिन बालू-ईंट के बढ़े हुए दामों से उन्हें घर बनाना मुश्किल हो गया है। शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड अपहरण, बलात्कार और हत्या के मामलों में अव्वल है। कांग्रेस और जेएमएम के गठबंधन ने झारखंड को क्या दिया है..? हेमंत सोरेन ने क्या दिया..? केवल हत्याएं, बलात्कार, अपहरण और संगीन अपराध ही दिए हैं।

## भाजपा को जिताओ वरना फिर दिखेगा फिलिस्तीन का झंडा : हिमंता सरमा



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरे दमखम से चुनावी तैयारियों में लगने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव नहीं जीतने पर झारखंड पर बहुत जुल्म होगा। यहां और भी ज्यादा फिलिस्तीनी झंडे लहराते दिखेंगे। जय श्रीराम बोलने नहीं दिया जाएगा। हिमंत ने झारखंड को देश का सबसे भ्रष्ट राज्य बताते कहा कि यहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आदिवासियों से कोई प्रेम नहीं, केवल अपने लिए कुर्सी से प्रेम है। आदिवासी प्रेम होता तो वे वरिष्ठ नेता चंपाई को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाते। हिमंत बिस्वा सरमा शनिवार को जगन्नाथ मैदान, धुर्वा में प्रदेश भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने आज राज्य में सरकार के संरक्षण में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव, घुसपैठियों के मनोबल पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में घुसपैठिए आतंक मचा रहे हैं। राज्य में मुहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीन के झंडे लहराए जा रहे हैं। रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बीते मुहर्रम में 12 जगह प्रदेश में तनाव हुए लेकिन हिंदुओं के आग्रह के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। घुसपैठिए आदिवासी बहन बेटियों के साथ शादी का ढोंग करके जमीन हड़प रहे हैं। राज्य में अप्रत्याशित मतदाताओं की वृद्धि एक गंभीर समस्या हो गई है और यह सब राज्य सरकार के संरक्षण में हो रहा। उन्होंने चेतावनी देते हुए ऐसे अराजक तत्वों को कहा कि तीन महीने जितना फिलिस्तीन का झंडा उठाना है उठा लो, जितना हिंदुओ को गाली देना है दे लो ,आगामी तीन महीने बाद झारखंड की भाजपा सरकार पाई-पाई का हिसाब करेगी।

## रांची-भागलपुर के बीच 21 से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची से भागलपुर के लिए स्पेशल ट्रेन 21 जुलाई से चलेगी। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन रांची से रविवार और मंगलवार को चलेगी। वहीं, भागलपुर से सोमवार और बुधवार को रांची के लिए चलेगी। रांची-भागलपुर स्पेशल ट्रेन 21, 23, 28 व 30 जुलाई, 4, 06, 11 व 13 अगस्त को चलेगी। वहीं, भागलपुर-रांची ट्रेन 22, 24, 29 व 31 जुलाई तथा 5, 7, 12 व 14 अगस्त को चलेगी। यह ट्रेन रांची से रात 9.35 बजे रवाना होगी।




यह ट्रेन मुरी से प्रस्थान रात 10.47 बजे, बरकाकाना प्रस्थान रात 12.15 बजे, हजारीबाग प्रस्थान रात 1.20 बजे, कोडरमा प्रस्थान सुबह 2.35 बजे, गया प्रस्थान सुबह 4.30 बजे, तिलैया प्रस्थान सुबह 5.22, नवादा प्रस्थान सुबह 6.12 बजे, शेखपुरा प्रस्थान बजे सुबह 6.42 बजे, किऊल प्रस्थान सुबह 8.40 बजे व भागलपुर सुबह 10.50 बजे पहुंचेगी। वहीं, भागलपुर से यह ट्रेन दोपहर 12.20 बजे खुलेगी, बांका प्रस्थान दोपहर 2.00 बजे, देवघर प्रस्थान दोपहर 3.15 प्रधानखांटा प्रस्थान शाम 6.20, धनबाद प्रस्थान शाम 6.35, गोमो प्रस्थान शाम 7.07 बजे, हजारीबाग प्रस्थान शाम 7.49 बजे, कोडरमा प्रस्थान रात 8.50 बजे, बरकाकाना - प्रस्थान रात 11.45, मुरी प्रस्थान रात 1.02 बजे व रांची आगमन सुबह 13.00 बजे होगा।

### रेल सुविधाओं का विस्तार मेरी प्राथमिकता : संजय सेठ

रांची के सांसद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि अपने क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तार मेरी प्राथमिकता है। इस ट्रेन के चलने से रांची के लोगों को यात्रा करने में सुविधा होगी। यहां के लोगों की बहुत पुरानी मांग थी, जिसे रेल मंत्रालय ने पूरा किया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया।

## सांसद ढुल्लू महतो के अपशब्द पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सांसद ढुल्लू महतो के जरिये बोकारो एसपी के खिलाफ किए अपशब्द का प्रयोग को लेकर झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने विरोध जताया है। एसोसिएशन ने कहा है कि ढुल्लू महतो धनबाद लोकसभा क्षेत्र की ओर से पुलिस अधीक्षक बोकारो को अपशब्दों का प्रयोग किया गया है, जो कानून और नैतिकता के दृष्टिकोण कहीं से न्योयोचित नहीं है। इस संबंध में बोकारो शाखा की ओर से कार्य समिति की बैठक की गयी। ढुल्लू महतो के जरिये एसपी बोकारो को अपने बयान में दिए गए असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा का पुरजोर विरोध किया गया है। इस तरह का बयान कानूनी रूप से भी उचित नहीं है। एसपी जैसे वरीय पदाधिकारी पर असंसदीय एवं अपशब्द भाषा का प्रयोग करने से झारखंड पुलिस के पदाधिकारियों, कर्मियों पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। साथ ही पुलिसकर्मी काफी आहत हुए हैं। बोकारो जिला के पुलिस कर्मियों के साथ-साथ झारखंड राज्य के पुलिसकर्मी भी प्रभावित हुए हैं। ढुल्लू महतो अगर अपने बयान को वापस नहीं लेते हैं तो आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इस संबंध में शनिवार को अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

## राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त : आजसू पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ आजसू ने रांची स्थित अलबर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित आजसू के कार्यकर्ताओं ने कहा कि रांची समेत पूरे राज्य में चरमराई कानून व्यवस्था की वजह से हर एक राज्यवासी डर के माहौल में जीने को विवश है। पुतला दहन कार्यक्रम में रांची जिला, महानगर, महिला, युवा और छात्र इकाई के सदस्यों ने हिस्सा लिया। पुतला दहन कार्यक्रम के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रांची विश्वविद्यालय गेट के समीप एकत्रित हुए फिर वहां से एक साथ अल्बर्ट एक्का चौक के लिए पैदल मार्च किया। मौके पर आजसू के पदाधिकारी ने कहा कि आज लोगों



को घर से निकलने में डर लगता है। छिनैती समेत अन्य अपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। सरकार को सिर्फ अपनी कुर्सी से मतलब है जनता की तकलीफों से उनका कोई वास्ता नहीं है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, डॉ. पार्थ परितोष, युवा आजसू से गौतम सिंह, अमित कुमार, चेतन प्रकाश, नीतीश सिंह, राहुल तिवारी, अभिषेक झा, सुधीर, रोहित, रित्विक, छात्र संघ से ओम वर्मा, करण पाठक, नीलाभ रत्न ,अमित मिश्रा, पवन ,प्रियांशु सिन्हा, रिजवान उपस्थित थे।

### बीएससी नर्सिंग सेमस्टर वन की कॉपी का फिर से हो मूल्यांकन : युवा आजसू

**रांची।** शनिवार को युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल विशाल कुमार यादव के नेतृत्व मे रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा से मिला। वहीं छात्रों की परेशानी से अवगत कराया। मौके पर मौजूद युवा आजसू के विशाल कुमार यादव ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत बीएससी नर्सिंग सत्र 22-26 के 19 नर्सिंग कॉलेज के छात्रों का सेमस्टर-1 का परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा करवाया गया था। इसमें 60%से ज्यदा छात्रों को फेल कर दिया गया। विरोध के बाद विश्वविद्यालय ने सप्लीमेंट्री परीक्षा कराया। उस परीक्षा में 80% से ज्यादा छात्र फेल हो गए। फिर छात्रों के विरोध के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें कहां कि आप सभी के कॉपी का पुनः मूल्यांकन कर रिजल्ट में सुधार किया जाएगा।

## स्वामी विवेकानंद सरोवर की सफाई इको बॉल से होगी : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वामी विवेकानंद सरोवर की सफाई अभियान की शुरूआत शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह के की सफाई अभियान की शुरूआत की। ज्ञात हो कि स्वामी विवेकानंद सरोवर का पानी दूषित हो जाने के कारण पानी से दुर्गंध आ रही थी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के संज्ञान में आने के बाद कुछ दिन पूर्व रांची के उपयुक्त एवं रांची नगर निगम के अधिकारियों को बुलाकर पानी को स्वच्छ करने को कहा था। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने इस काम को करने के लिए हर संभव मदद की बात कही थी। नगर निगम के पहल पर इको बॉल कंपनी से संपर्क साधा। तत्पश्चात स्टार्टअप कंपनी



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सफाई की शुरूआत की

सुझ बुझ माइक्रोब्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इकोबॉल के माध्यम से स्वामी विवेकानंद सरोवर की सफाई की जाएगी। जो कंपनी बड़ा तालाब की सफाई का काम कर रही है। यह देश भर के साढे चार सौ तालाब की सफाई इको बॉल के माध्यम से कर चुकी है। इको बॉल जो पूरी तरह सुरक्षित है इसका असर तालाब में पलने वाले मछली और अन्य जीव जंतु पर बिल्कुल नुकसान नहीं होगा। मंत्री श्री सेठ ने कहा स्वामी विवेकानंद सरोवर जो बड़ा तालाब के नाम से जाना जाता था यह रांची का हृदय स्थली है। इसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसको सुरक्षित रखना हम सबों का कर्तव्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज इसकी शुरूआत की गई है। उम्मीद है छठ के पूर्व या तालाब स्वच्छ और साफ हो पाएगा । इस अवसर पर रांची नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार सहित नगर निगम के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### घायल सहायक पुलिसकर्मियों से मिलने रिम्स पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हिमंता



**रांची ।** असम के मुख्यमंत्री और आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार सुबह रिम्स पहुंचकर लाठीचार्ज में घायल सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात की। हिमंता ने रिम्स में भर्ती सहायक पुलिसकर्मियों से घटना की पूरी जानकारी ली। डॉ सरमा ने राज्य सरकार से बातचीत कर मुद्दा सुलझाने की अपील की है। रांची रिम्स में सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि शुक्रवार को कुछ सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज किया गया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मैं बस इतना चाहता हूं कि राज्य सरकार सहायक पुलिस कर्मियों के साथ बात करे और इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाए। पुलिस कर्मियों ने मुझे बताया कि उन्हें वोट डालने की अनुमति नहीं है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समन की अवहेलना मामले में सुनवाई टली

**रांची।** ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए दायर याचिका पर एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में शनिवार को नहीं हो सकी। कोर्ट के नहीं बैठने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। यह जानकारी अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने दी।

### बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले पांच आरोपित दोषी करार

**रांची।** स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने बैंक अधिकारी बन कर करोड़ों की ठगी करने वाले पांच लोगों को शनिवार को दोष करार दिया।सभी दोषियों की सजा 23 जुलाई को सुनाई जाएगी। स्पेशल कोर्ट के जज पीके शर्मा ने गणेश मंडल, उसके पुत्र प्रदीप मंडल, संतोष मंडल, उसके पुत्र पिंटू मंडल और अंकुश कुमार मंडल को दोषी करार दिया है। चार दोषी जमानत पर थे, जिन्हें कोर्ट के आदेश के बाद हिरासत में ले लिया गया। जबकि एक दोषी अंकुश मंडल पहले से ही देवघर जेल में बंद है। सभी दोषियों पर फर्जी पते पर सिम कार्ड लेने और बैंक अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करके साइबर अपराध करने का आरोप सिद्ध हुआ है। ईडी ने इस मामले के ट्रायल के दौरान कुल 24 गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किये।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपित दोषी करार

**रांची।** पोस्को के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपित प्रदीप सिंह को शनिवार को दोषी करार दिया है। प्रदीप के सजा के बिंदु पर अदालत 26 जुलाई को सुनवाई करेगी। जबकि अदालत ने साक्ष्य के अभाव में एक आरोपित नीलू लोहरा को बरी कर दिया है। यह मामला नामकुम थाना के अंतर्गत खरसीदाग ओपी क्षेत्र का है। आरोप था कि 19 जून 2021 को प्रदीप सिंह ने 14 वर्षीय नाबालिग को फोन कर घर से बुलाया था और सुनसान जगह पर ले जाकर अपने साथी नीलू लोहरा के साथ मिलकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। नाबालिग घर लौटकर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी थी। इसके बाद दूसरे दिन 20 जून 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। नाबालिग और आरोपित नीलू लोहरा एक ही गांव के रहने वाले है। जबकि आरोपित प्रदीप सिंह लापुंग के परसा गांव का रहने वाला है।

### पंकज यादव सबूतों और तथ्यों को एफिडेविट के रूप में पेश करें

**रांची।** 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले की क्लोजर रिपोर्ट मामले की सुनवाई शनिवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट में हुई। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती देते हुए शिकायतकर्ता पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा ने विधानसभा कमेटी के रिपोर्ट को आधार बनाते हुए सीबीआई जांच को जारी रखने की मांग की। पंकज ने राष्ट्रीय खेल मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स निर्माण में अनियमितता समिति की विधानसभा कमेटी के संयोजक सरयू राय तथा सदस्य राधाकृष्ण किशोर के निष्कर्ष और अनुशंसा पर कार्रवाई करने की मांग की। पंकज यादव के वकील प्रशांत कुमार ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में सिर्फ यह लिखा है कि दो विभागों में कम्युनिकेशन गैप के कारण ये अनियमितता हुई है, जो समझ से परे है। पंकज यादव ने कोर्ट के समक्ष परामर्शी का चयन और तत्कालीन खेल मंत्री की ओर से टेंडर खुल जाने के बाद अपने पसंदीदा सवेंदक को टेंडर दिलाने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही तत्कालीन मंत्री सुदेश महतो और उनके आप्त सचिव गोपालजी तिवारी का विदेश भ्रमण का मुद्दा भी उठाया। सीबीआई कोर्ट ने इन सारी बातों को तथ्यों के साथ एफिडेविट के रूप में 20 अगस्त तक जमा करने का निर्देश दिया। सूर्य सिंह बेसरा ने विधानसभा कमेटी के सदस्यों से पूछे बगैर क्लोजर रिपोर्ट जमा कर देने पर सीबीआई की मंशा पर सवाल उठाया है।

### छवि रंजन सहित तीन आरोपितों के डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 29 को

**रांची ।** चेशायर होम रोड स्थिति जमीन की अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त करने के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित तीन आरोपितों के डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में छवि रंजन के साथ जेल में बंद कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल और जमानत पर चल रहे न्यूक्लियस मॉल के संचालक कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की है। सुनवाई के दौरान ईडी ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अदालत ने स्वीकार करते हुए मामले में अगली सुनवाई 29 जुलाई निर्धारित की है। वहीं दूसरी ओर सत्ता के करीबी प्रेम प्रकाश ने भी डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। इस मामले पर अदालत 26 जुलाई को सुनवाई करेगी।

### जमीन घोटाला : आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 26 को

**रांची ।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जमीन घोटाला मामले के आरोपित आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने ईडी को समय देते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 जुलाई निर्धारित की है। विनोद सिंह ने अदालत में 15 अप्रैल को अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। मामले में विनोद सिंह का नाम तब आया, जब ईडी से पूछताछ के दौरान उनके मोबाइल से हेमंत सोरेन के साथ व्हाट्सएप चैट में अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग में सिफारिश की लिस्ट और बड़गाई की विवादित जमीन पर बैंक्विट हॉल बनाने के संबंध में डिजाइन मिला था। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाले मामले में अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इसके बाद से विनोद पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। 30 मार्च को ईडी के अधिकारियों ने रांची की पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी।

# झारखंड में तुष्टिकरण की राजनीति चरम पर : हिमंता

## हजारीबाग सांसद सेवा कार्यालय पहुंचे असम के सीएम



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और झारखण्ड के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी शुक्रवार की देर शाम को हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के सांसद सेवा कार्यालय पहुंचे।

यहां सांसद मनीष जायसवाल के आवासीय परिसर में खुद सांसद मनीष जायसवाल ने कार्यकताओं के साथ हाथ जोड़कर और उनके पिता सह हजारीबाग के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर नेताद्वय का अभिनंदन किया। उन्होंने यहां चाय पर चर्चा के उपरांत बड़कागांव के महुदी के पीड़ित जेल में बंद अमन कुमार के माता- पिता से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया की न्याय जरूर मिलेगा साथ ही महुदी में आने वाले समय में रामनवमी का जुलूस भी बड़े ही धूमधाम से निकलेगा । झारखंड बीजेपी के चुनाव सह-प्रभारी सह असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कार्यकताओं का हौसला अप्लाई करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव के दौरान इस सीट पर मेरी विशेष नजर रही। झारखंड बीजेपी के चुनाव सह- प्रभारी सह असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कार्यकर्ता संवाद के उपरांत मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा की झारखंड सरकार एक खास समुदाय को खुश करने की कोशिश कर रही है और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।उन्होंने कहा कि आज झारखंड में कानून व्यवस्था, ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल, युवाओं के साथ धोखाधड़ी, महिलाओं पर अत्याचार, आदिवासियों के अधिकार छीनने की कोशिश, अनुबंध पर काम कर रहे सहायक पुलिस पर लाठीचार्ज ने राज्य के विकास की गति को रोक दिया है।

## एक नजर

### गुरु पूर्णिमा संस्कृति एवं परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है : रजनीश



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही हजारीबाग के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमा) के अवसर पर महर्षि वेद व्यास जयंती मनाई गई। कक्षा दशम के भैया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गुरुओं को पदप्रक्षालन गुरुवंदन एवम अंगवस्त्र प्रदान कर अपने गुरुओं को सम्मान दिया। उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणि समिति के संरक्षक त्रिवेणी साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साहू, साहू समाज के मुखिया सुरेश साहू उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है।

### लाभुकों के बीच बरही विधायक के हाथों हुआ परिसंपत्ति का वितरण

**हजारीबाग।** विधायक -सह - सभापति निवेदक समिति उमाशंकर अकेला, बरही विधानसभा द्वारा बरही प्रखंड के नगर भवन में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजना अंतर्गत योग्य लाभुकों को अबुआ आवास, वृद्धा/विधवा पेंशन, डउउ ऋण,बत्तख/बकरी वितरण, राशन कार्ड, बिरसा कूप निर्माण, सखी मण्डल की दीदियो को ऋण वितरण, साइकिल वितरण आदि का स्वीकृति पत्र एवं परिसम्पति वितरण किया गया। जिसमे प्रमुख/उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरही, अंचल अधिकारी, बरही, पंचायत समिति सदस्यगण मुखियागण, जनप्रतिनिधिगण, प्रखंड एवं अंचल के कर्मिगण एवं लाभुक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### साईं मंदिर में भजन संध्या एवं भंडारा का किया जा रहा है आयोजन

**हजारीबाग।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं परिवार, हजारीबाग 8188/19 के द्वारा साईं मंदिर, नवाबगंज के प्रांगण में रविवार को संध्या 7 बजे से भजन संध्या एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं मंदिर परिसर में प्रातः काल से ही पूजा- अर्चना शुरू हो जाएगा और श्रद्धालुओं का आवाजाही ही भी प्रारंभ हो जाएगी। सायं काल में साईं परिवार द्वारा शानदार भजन संध्या के साथ विशाल भंडारे की व्यवस्था की जाएगी। रविवार की सुबह 8 बजे साईं बाबा का अभिषेक किया जायेगा , उसके साथ प्रसाद का वितरण किया जाएगा । जहां श्रद्धालु एक ही परिसर में ईश्वर की आराधना, कला-संगीत की साधना के साथ मनोरंजन और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे । साईं परिवार, हजारीबाग धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में हमेशा ऐसा आयोजन करता रहा है। मानवीय मूल्यों के प्रति भी परिवार समाजहित में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है । इस कार्यक्रम में हजारीबाग साईं परिवार के सदस्यों के द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है।

## अग्रवाल महिला मंडल के दो दिवसीय सावन मेले का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

महादेव के पावन पर्व सावन आने में महज एक से दो तीन ही बचे हैं ऐसे में हर लोगों के रग रग में सावन का जुनून चढ़ने लगा है हर कोई सावन को अलग-अलग तरीके से मनाने के लिए तैयार हो चुका है। वहीं इसी बीच हजारीबाग शहर के अग्रसेन भवन के सभागार में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा शनिवार को दो दिवसीय सावन मेला का शुभारंभ किया गया मेले का विधिवत उद्घाटन समाज के चार्टर्ड अकाउंटेंट के परीक्षा में उत्कृष्ट हुए छात्र-छात्राओं से कराया गया जिसमें सुजाता अग्रवाल,अमन अग्रवाल एवं स्वाति अग्रवाल शामिल है वही समाज के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं कार्यक्रम की संयोजिका को पौधा भेंट कर पदाधिकारी ने सम्मानित किया, जिसके बाद समाज के नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें सबसे पहले गणेश वंदना किया गया। संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों में भाव्य,अंशि,गरिमा,आदया,ईशी एवं रूद्र शामिल है सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजिका के रूप में तृप्ति अग्रवाल ने अपनी भूमिका अदा की, बच्चों के द्वारा बेहद आकर्षक रूप में फैशन शो किया गया जिसमें अनन्या खेमका, तनिस्क अग्रवाल,सनाया अग्रवाल के द्वारा फैशन शो पेश किया गया।

## 23 जुलाई को बरकट्ठा में जेबीकेएसएस की बदलाव महासभा

### जयराम महतो सभा को करेंगे संबोधित



**लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज होती जा रही है। वहीं बरकट्ठा विधानसभा में चुनावी जंग में एक नई रंग देने के लिए आगामी 23 जुलाई को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो जयराम महतो का आगमन बरकट्ठा में होगी। इस निमित तुर्कबाद बाजार टांड में आयोजित विशाल बदलाव जनसभा को जयराम महतो संबोधित करेंगे और झारखंड के माटी से जुड़े हुए झारखंडी जनमानस को अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। उक्त जानकारी जेबीकेएसएस के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि ?झारखंड के माटी पुत्र क्रांतिकारी जयराम महतो के आगमन और बदलाव जनसभा को सफल बनाने को लेकर पार्टी के सभी कार्यकर्तागण व समर्थक तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि इस जनसभा को सफल बनाने को लेकर आगामी 21 जुलाई को तुर्कबाद बाजार टांड में कार्यकताओं व समर्थकों के बीच बैठक आयोजित की गई है। इस निमित्त उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे और जयराम महतो का झारखंडियो के हित से संबंधित विचार धारा को सुनें।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण

- घाटी में दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश
- जागरूकता अभियान के अंतर्गत डीटीओ ने वाहन चालकों को दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ जिला अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पुनदाग टोल प्लाजा पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई । वहीं, उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया। मौके पर वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट एवं बुकलेट का वितरण भी किया गया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स, यातायात पुलिस कर्मी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक ऋषिकांत, टोल प्लाजा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय संस्कृति ज्ञान, विज्ञान एवं संगणक प्रश्न मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में संकुल स्तरीय संस्कृति ज्ञान, विज्ञान एवं संगणक प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में हजारीबाग संकुल के 5 विद्यालयों से आए हुए भैया-बहनों ने शिरकत की। प्रतियोगिता के संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच शिशु वर्ग में मालवीय मार्ग प्रथम,बाबू गांव द्वितीय एवं कुम्हारटोली तृतीय, बाल वर्ग में बरगडा प्रथम, बाबू गांव द्वितीय,मालवीय मार्ग तृतीय एवं किशोर वर्ग में कुम्हारटोली प्रथम, मालवीय मार्ग द्वितीय, बाबू गांव को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। मूर्ति कला प्रतियोगिता के बाल वर्ग में कुम्हार टोली प्रथम, मालवीय मार्ग द्वितीय, एवं किशोर वर्ग में कुम्हारटोली प्रथम एवं मालवीय मार्ग द्वितीय साथ ही कथा - कथन प्रतियोगिता के शिशु वर्ग में मालवीय मार्ग प्रथम, कुम्हार टोली द्वितीय एवं बाबू गांव तृतीय, बाल वर्ग में कुम्हारटोली प्रथम, मालवीय मार्ग द्वितीय एवं बाबू गांव तृतीय, प्रतियोगिता के आशुभाषण प्रतियोगिता किशोर वर्ग में कुम्हारटोली प्रथम एवं मालवीय मार्ग को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। विज्ञान प्रश्न मंच के शिशु वर्ग में प्रथम कुम्हारटोली, द्वितीय मालवीय मार्ग एवं तृतीय बरगडा, बाल वर्ग में प्रथम कुम्हारटोली, द्वितीय मालवीय मार्ग एवं तृतीय बाबू गांव तथा किशोर वर्ग में कुम्हारटोली प्रथम,द्वितीय बाबू गांव एवं तृतीय पुरस्कार बरगडा को प्राप्त हुआ। संगणक प्रतियोगिता के शिशु वर्ग में कुम्हारटोली प्रथम, रामनगर द्वितीय एवं मालवीय मार्ग तृतीय, बाल वर्ग में मालवीय मार्ग प्रथम, कुम्हारटोली द्वितीय एवं बरगडा को तृतीय तथा किशोर वर्ग में कुम्हारटोली प्रथम, मालवीय मार्ग द्वितीय एवं बाबू गांव को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### जेबीकेएसएस ने लाठीचार्ज के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई ने रामगढ़ प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में शनिवार को मशाल जुलूस निकलकर पुतला दहन किया। मौके पर जेबीकेएसएस की ओर से कहा गया की सहायक पुलिसकर्मी अपनी नौकरी को नियमित करने तथा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर आंदोलनरत थे। यह आंदोलन 2 जुलाई 2024 से मोराबादी मैदान रांची में चल रहा था और वे धरना दे रहे थे । धरना में राज्य के 12 जिलों से आये सहायक पुलिसकर्मी शामिल थे।सहायक पुलिस कर्मियों के समर्थन में पहुंचे जेबीकेएसएस के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष व रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो व जेबीकेएसएस रामगढ़ के सक्रिय सदस्य रामगढ़ संतोष महतो और उनके समर्थक लाठी चार्ज में घायल हो गए थे। सरकार के इस दमनकारी नीति के खिलाफ 20 जुलाई को केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के निदेर्शानुसार प्रत्येक प्रखंड में मशाल जुलूस का आयोजन हुआ ।

## रांची में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में शामिल हुए रामगढ़ जिला अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा शनिवार को धुर्वा रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर मैदान में विस्तृत कार्यसमिति का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यसमिति की बैठक में देश के गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए ।प्रदेश द्वारा आयोजित बैठक में भाजपा रामगढ़ जिला के अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में भाजपा रामगढ़ में निवास करने वाले प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता जगन्नाथ मंदिर मैदान धुर्वा रांची के बैठक स्थल पहुंचे । विस्तृत कार्यसमिति के बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि इस कार्यसमिति के माध्यम से हम झारखंड में निक्कमी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का उलगुलान करने जा रहे हैं। कहा कि झारखंड को हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। इसलिए हम सभी को झारखंड में कमल खिलाना है और झारखंड को आगे बढ़ाना है । बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, रंजीत कुमार सिन्हा , अमरेन्द्र कुमार गुप्ता , डॉक्टर संजय कुमार सिंह, इल्ला रानी पाठक, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी , जिला महामंत्री खिरोधर साहु सहित प्रदेश और जिला के पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य ,मोर्चा के प्रदेश ,जिला पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य मंडल अध्यक्ष, मंडल के पदाधिकारी ,मंडल मोर्चा के अध्यक्ष और महामंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं झुरझुरी के ग्रामीण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरझुरी में नल से जल के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं । ग्रामीण जनता को नहीं मिला इस योजना के तहत एक भी बूंद पानी । इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि कुंवर प्रसाद ने दी। बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत 2022 में की गई थी । 2 साल बीत जाने के बावजूद भी नल से जल के लिए लोग पानी के वजह से त्राहिमाम कर रहे हैं । ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सिर्फ कागज पर हो गई है लेकिन धरातल पर शून्य है। जिसे देखने वाला कोई नहीं ।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**रामगढ़।** कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरूजनों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं सदस्य विवेक द्विवेदी द्वारा महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उपहार स्वरूप अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि गुरू- शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की अनूठी पहचान है। मंच संचालन आचार्या गायत्री पाठक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मिथिलेश कुमार खन्ना,वेद प्रकाश पाण्डेय,बचूलाल तिवारी,राकेश सहाय,अनिल कुमार,अक्षय सिंह,दिलीप सिंह, सत्येन्द्र मिश्रा, दुर्गा प्रसाद, गौतम कुमार,अमरदीप नाथ शाहदेव, शशि कान्त, इंद्रजीत सिंह,अनूप झा, शम्मी राज, भुनेश्वर पांडेय, ललिता गिरी,ज्योति राजहंस, सिम्पल,अमृता चौधरी, मालविका सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीडीओ की उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय पर बकरा व बकरी का किया गया वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित पशुपालन परिसर में शनिवार को दस बकरा-बकरी का वितरण किया गया। वितरण बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री पशु धन विकास योजना के तहत 10 लाभुकों को दी गई है। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा की झारखंड सरकार की यह एक महत्वकांक्षी योजना है। मौके पर जिला पशुपालक सहायक महेश कुमार, पशुपालन पदाधिकारी श्रीनाथ होनहोगा, पशुपालन अनुसेवक चेतलाल चौधरी उपस्थित थे।उक्त बकरा बकरी का वितरण संगीता कुमारी, गीता कुमारी, रुक्मणि देवी, अंजली देवी, चंचला देवी, फूलमती देवी, लीलावती देवी, बिशनी देवी, मालती देवी, कोशल्या देवी, चितामण महतो, बुलाकी महतो आदि लोगों के बीच किया गया।

### जब तक हमलोगों की मांगें पूरी नहीं होती हैं तबतक धरने पर बैठे रहेंगे : राजन चौधरी



**बरकट्ठा।** प्रखंड के सैकड़ो सहायक अध्यापक अपने संघ के निर्देश पर घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शनिवार को रांची प्रस्थान किया। सहायक अध्यापक राजन चौधरी ने कहा कि हम लोगों का यह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन है । जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हम लोग रांची में धरना पर बैठे रहेंगे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहायक अध्यापक अपनी व्यवस्था के अनुसार रांची पहुंच रहे हैं। मौके पर उपस्थित सहायक अध्यापक राजू साव ने कहा, चुनाव के पूर्व हेमंत सरकार हम लोगों को समान काम का समान वेतन लागू करने का वादा किया था। अब अपना वादा से मुकर रहें है। हमलोग की मांगें पुरी नही किया गया तो झारखंड सरकार का ईट से ईट बजा देंगे। यदि विधानसभा चुनाव के पूर्व हम लोगों की मांगे पूरी नही हुई तो मजबूरन हम लोग आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी झारखंड सरकार की होगी। मौके पर बालेश्वर सिंह, प्रभु सिंह, राजु साव,शिवराम मांझी,राजन चौधरी, मंटू पांडेय, प्रभु सिंह, शीतोष कुमार, दुलारचंद साव, चरका टुडू, रामकिशन प्रसाद, बाबूलाल मरांडी समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा आवेदन पत्र



**बरही।** जराहिया के ग्रामीणों ने एक ग्रामीण वन विभाग को आवेदन देते हुए अपने ही गांव के कुछ लोगों पर वन विभाग के भूमि जो गांव वालो के लिए रास्ते का काम आता था, उसे कब्जा करने और आवागमन बाधित करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि उक्त जमीन पर हमलोग पूर्वजों से आवागमन करते आ रहे है। तथा हमलोगों का जानवर वगैरह इसी भुमि से गुजर कर जंगल में चरने के लिए जाता है। वर्तमान में कुछ लोगों ने मिलकर उनका आवागमन बाधित कर दिया है और दबंगता पूर्वक लोगों को धमकी दे रहे है कि इस जमीन से किसी को आने-जाने नहीं देंगें और जानवरो को भी चराने के लिए ले जाने नहीं दे रहे है, बोलते है कि तुमलोगों का जानवर हमलोगों का खेती बर्बाद कर देता है, जबकि वह भुमि वन विभाग की भूमि है। सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव ने कहा की वन भूमि पर अवैध कब्जा कर मार्ग बाधित करना गलत है, वन विभाग को ध्यान देने की जरूरत हैं। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव, मुकेश दास, भगवान दास, रोशन कुमार, अजय दास, परमेश्वर दास, मनोज दास, अशोक राम, डिलो राम, बासुदेव दास, चंदर राम आदि लोग मौजूद रहे।

### खतियानी मूलवासी की बैठक में 1932 का खतियान लागू करने पर जोर



**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की बैठक चौपारण प्रखंड में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 1932 का खतियान झारखंड में लागू करने, आधुनिक शिक्षा रोजगार परख शिक्षा पर जोर, झारखंड की राजनीति में झारखंडियों की विशेष स्थान देने पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव में खतियानी परिवार से प्रत्याशी उतारने, चौपारण बहेरा आश्रम में अवैध तरीके हड़पी जा रही जमीन पर आंदोलन करने, किसी बाहरी प्रत्याशी को अपना मत नही देने का निर्णय लिया गया। मौके पर मो हकीम, डॉ सीपी दांगी, अभयकांत मेहता, सौरभ सिन्हा, सूर्यदेव सिंह, अक्षय कुमार, प्रवीण सिंह, सुनील कुमार यादव, कैलाश ठाकुर, सुबोध कुमार, मुनेश्वर सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**नगर भवन बरही में स्वीकृति पत्र सह परिसंपत्ति का हुआ वितरण, विधायक उमाशंकर अकेला हुए शामिल**

## सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने को लेकर प्रयासरत है : उमाशंकर अकेला



**2029 तक राज्य में नही रहेगा एक भी कच्चा मकान, सरकार पक्का मकान बनाने को लेकर है संकल्पित : अकेला**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से चयनित अबुआ आवास स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन बरही में किया गया। जिसका उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष इकबाल रजा, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक उमाशंकर अकेला समेत शामिल हुए अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम में बरही के 15 पंचायत के लाभुक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सी.आर. इंदवार व संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया। विधायक श्री अकेला ने अबुवा आवास योजना के 918 लाभुको को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएल के माध्यम से छत्तीस लाख रुपए की राशि 9 एसएचजी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा 15 लाभुको को राशन कार्ड की स्वीकृति, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी द्वारा साइकिल का वितरण, मुख्यमंत्री वृद्ध पेंशन योजना के तहत 123 लाभुको की स्वीकृति, 10 केसीसी कार्ड की स्वीकृति, 5 लाभुको को कृषि के लिए कृषि कूप व पशुपालन विभाग की ओर से बत्तख वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव ने पैक्स में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान से सम्बंधित जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज?य सरकार की हर योजना का लाभ गांव के सभी पिछड़े, दलित, कमजोर को पहुंचे, यही प्रदेश सरकार की मंशा है। समाज के कमजोर वर्ग की आवाज दबने नहीं दी जायेगी।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस

**ये हैं विजेता**

**लड़कियां**

विजेताः- 11वीं विज्ञान कक्षा की जानवी सिंह

उप विजेताः- 11वीं कला कक्षा की मोनल छाबड़ा

**लड़के**

विजेताः- 11वीं कला वर्ग के शशि कुमार बेदिया

उप विजेताः- 11वीं विज्ञान वर्ग के आयुष खेसारी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में 20 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस मनाया गया। यह दिन शतरंज को शिक्षा, तार्किक सोच के विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के एक उपकरण के रूप में बढ़ावा देता है। यह 1924 में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की स्थापना का स्मरण कराता है, जिसमें शतरंज को संस्कृतियों और पीढ़ियों को एकजुट करने वाली शक्ति के रूप में बल दिया गया है।

खेल शिक्षकों के मार्गदर्शन में उत्साही शतरंज खेल रहे बच्चों ने इस दिन को यादगार बना दिया। उन्होंने इस आयोजन के दौरान उल्लेखनीय भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल हरजाप सिंह ने छात्रों को इस खेल का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि यह खेल संस्कृतियों और पीढ़ियों तक फैले समाजीकरण कौशल में सुधार करता है। इसके अलावा,शतरंज आत्म-सम्मान बढ़ाने में भी मदद करता है और अच्छी खेल भावना को बढ़ावा देता है, साथ ही, शतरंज मजेदार भी है।

## एक नजर

### फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**जयनगर।** जयनगर थाना के खरपोका निवासी फरार प्राथमिकी आरोपी अशोक यादव (पिता स्व. अलख महतो) के घर और गांव के चौक पर जयनगर थाना के पुअनि जयप्रकाश सिंह ने ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में नए आचार्य की नियुक्ति के लिए हुआ साक्षात्कार

**सिमडेगा।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड की शैक्षिक इकाई सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में आचार्य नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। साक्षात्कार पैनल में विद्यालय के अध्यक्ष हनुमान बोंदिया, सचिव चंदेश्वर मुंडा, श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह तथा जिला के प्रसिद्ध शिक्षाविद देवराज प्रसाद तथा आर. के. काशी, विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र पाठक उपस्थित रहे।साक्षात्कार हेतु कुल आवेदनों में से 43 का साक्षात्कार लिया गया । एक्सपर्ट पैनल द्वारा चयनित अभ्यर्थियों में से विद्यालय के लिए आचार्य - आचायाओं की नियुक्ति की जाएगी।

### अपर समाहर्ता ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

**सिमडेगा।** अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें दाखिल खारिज के अस्वीकृत किए गए मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही भूमि सीमांकन के लंबित वाद, परीशोधन पोर्टल पर लंबित वाद, राजस्व न्यायालय के लंबित मामले की समीक्षा की गई। प्रत्येक माह के 9 से 18 तक राजस्व शिविर आयोजित करते हुए मामलों को निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता एवं सभीअंचल अधिकारी अंचल निरीक्षक उपस्थित थे।

### बानो से कांवरियों का जत्था पंपापुर बालकोट के लिए रवाना

**बानो।** बानो प्रखंड के नौमील, पाड़ो व हाटिंगहोडे से 101 कांवरिया का जत्था पंपापुर पालकोट के लिए रवाना हुआ। कांवरियों का जत्था सोदे स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना किया। इसके बाद कांवरियों का दल पैदल पंपापुर पालकोट के लिए रवाना हुआ। बानो पहुंचने पर कांवरियों ने बानो चौक स्थित शिव मंदिर की परिक्रमा कर आगे बढ़े। शनिवार दोपहर को बानो पहुंचने पर सनातन पण्डा ने उन सभी का स्वागत किया। कांवरियों के बीच पानी का वितरण किया गया। कांवरियों द्वारा रविवार को विश्राम करने के बाद सोमवार को पंपापुर पालकोट स्थित शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान कांवरियों ने बोल बम के जय घोष लगाए।

## उपायुक्त ने नगर परिषद की योजनाओं का किया निरीक्षण

# विद्युत शवदाह गृह को जल्द शुरू करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार द्वारा नगर परिषद्, सिमडेगा अंतर्गत निर्मित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सलडेगा में नगर परिषद् द्वारा निर्मित विद्युत आधारित शवदाह गृह, केलाघाघ पर्यटन स्थल, टापुडेगा पंडरीपानी स्थित नया सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, नगर भवन एवं रानी दुर्गावती महिला आश्रम गृह का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने भ्रमण के दौरान सबसे पहले सलडेगा सिमडेगा में नगर परिषद् एवं जुटको द्वारा निर्मित विद्युत आधारित शवदाह गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने वहां के निर्माण कार्यों की जायजा लेते हुए उसके रखरखाव एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी को विद्युत आधारित शवदाह गृह का जल्द ही संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने वहां पर निर्मित पुजा सामग्री दुकान



स्थानीय लोगों से संचालन करने का निर्देश दिया। इसके बाद उपायुक्त ने केला घाघ पर्यटन स्थल पहुंचकर वहां पर डंपिंग पुराने कूड़े के निराकरण को लेकर नगर परिषद द्वारा लिगसी वेस्ट प्लांट के माध्यम से सभी कचरा का रेंडमाइजेशन करना है, इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने एजेंसी से जल्द ही कार्य प्रारंभ करने की बात कही। इसके बाद उपायुक्त ने टापूडेगा पंडरीपानी में स्थित नया सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्र के सभी कचरों का वहां पर डंपिंग कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण करते हुए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का ससमय संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।इसके बाद उपायुक्त ने नगर भवन एवं रानी दुर्गावती महिला आश्रम गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने नगर भवन जिणोद्धार कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उपायुक्त द्वारा रानी दुर्गावती महिला आश्रय गृह का संचालन व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### बीएलओ व सुपरवाइजर संग डीसी ने की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर संग बैठक किया। इस दौरान उपायुक्त ने नगर क्षेत्र अंतर्गत संचालित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बूथवार सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की कार्यों का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त फॉर्म-6, 7 एवं 8 का कलेक्शन संबंध कार्य की समीक्षा किया, उन्होंने ने लक्ष्य के अनुरूप फार्म कलेक्शन करने हेतु सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को 5 दिन के अंदर यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही फार्म कलेक्शन कर उसका डिजिटलाइजेशन कराने की दिशा में संबंधित पदाधिकारियों निर्देशित किया। उन्होंने सभी बीएलओ से फार्म -7 एवं फॉर्म-8 पर विशेष रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने मृत मतदाताओं का डिलीशन शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने फॉर्म-6 का ज्यादा से ज्यादा कलेक्शन करने एवं पमानेंट शिफ्टेडे से संबंधित वोटर्स का फार्म- 7 भरकर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहीं। उपायुक्त ने सभी कलेक्शन फॉर्म का एंट्री यथाशीघ्र सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिये।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर समीर रैनियार खलखो, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर , बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक की गलत नीति से जिले में नहीं बन सका मेडिकल कॉलेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा नेता अनूप केसरी ने विधायक विक्सल कोंगाड़ी को हिन्दुत्व का ढोंग करने वाले बयान के लिए माफी मांगने की मांग की है। अनूप केसरी ने कहा कि आज केंद्र की मोदी सरकार धर्म समुदाय देखकर लोगों को योजना का लाभ नहीं देती। आज हर धर्म के लोगों को सभी योजनाएं बराबर हिस्से में मिल रही है। जबकि विधायक विक्सल कोंगाड़ी आज तक सिर्फ धर्म की आड़ में राजनीति की। वे खुद ईसाई एवं आदिवासी समुदाय से वोट लेकर आदिवासियों एवं ईसाइयों को ठगने का काम करे रहे हैं। वे खुद ईसाई और आदिवासी विरोधी हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो क्षेत्र के आदिवासी, ईसाई समुदाय के लोग खुशहाल जिंदगी जीते। किसी को पलायन करने की नौबत नहीं आती। ईसाई एवं आदिवासी बहन बेटियों का सामुहिक दुष्कर्म जैसी घटना नहीं घटती। आदिवासी समाज के लोग हाथियों के आतंक से परेशान नहीं होते। सांप के काटने से लोगों की जाने नहीं जाती। अनूप केसरी ने कहा कि विधायक ने सत्ता में आने के बाद अपने ही समाज के लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने अपने ही समाज के लोगो तक को अपने साथ नहीं रखा। अनूप केसरी ने कहा कि कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी जाति और धर्म के नाम पर राजनीतिक करना बंद करे। क्षेत्र का विकास, आदिवासियों मूलनिवासियों का विकास करने पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि विधायक विकास करने के बजाय लोगों को धर्म के नाम बांटने में जुटे हैं। स्कूल, धार्मिक स्थल हर जगह सिर्फ राजनीतिक की ही बातें कर गलत राजनीति की शुरूआत किये हैं। उन्हें ये पता होना चाहिए कि स्कूलों एवं धार्मिक स्थलों में राजनीति की बातें नहीं होनी चाहिए। विधायक विकास की बात करें। वे बताएं कि आज तक उन्होंने क्षेत्र का कितना विकास किया। कितने पुल पुलिया बनवाये। कितने बड़े सड़क बने। आज कांग्रेस विधायक विक्सल कोंगाड़ी हर मोर्चे पर बिफल रहे हैं।

## संत जेवियर कॉलेज के छात्रों ने किया थोक बाजार का सर्वेक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले के संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के बी.कॉम सेमेस्टर-6 के छात्रों ने कोलकाता और दीघा के बाजार का सर्वेक्षण सह शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके बाद शनिवार की सुबह सिमडेगा लौट आये। इसके अन्तर्गत छात्रों ने 7 अलग अलग समूह में कोलकाता स्थित बड़ा बाजार में प्रश्नावली की मदद से थोक व्यापार की व्यवहार्यता विषय पर सर्वेक्षण किया। बड़ा बाजार जिसको भारत की सबसे वृहद मंडी के रूप में माना जाता है, वहां छात्रों ने उपभोक्ता वस्तु बेचने वाले थोक व्यापारियों से उनके व्यवसाय से संबधित जानकारी ली और सवाल भी पूछे। इसी क्रम में एक रोचक वाक्या हुआ। एक कपड़ा व्यापारी को जब छात्र छात्राओं के एक समूह ने अपना परिचय दिया तो उन्होंने सिमडेगा के बारे में गूगल से सब पता किया और अचंभित होकर कहा उन्होंने अपने जीवन में



पहली बार ऐसा कुछ देखा है की इतने पिछड़े इलाके और आदिवासी बहुल क्षेत्र से कॉलेज के छात्र इतनी दूर और इतनी भीड़ भाड़ वाले इलाके में शोध करने आए है। खासकर लड़कियों को हाथ में प्रश्नावली लेकर आत्मविश्वास के साथ सवाल पूछते और साक्षात्कार लेते हुए देखकर आसपास के सभी लोग आश्चर्यचकित थे। उन्होंने आगे कहा की आज उनकी आदिवासी बहुल क्षेत्र और झारखंड को लेकर जो धारणा थी वो हमेशा के लिए बदल गई। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने साइंस सिटी और ईको पार्क में अनेकों ज्ञानवर्धक और मनोरंजक चीजों का लुफ्त उठाया। साथ ही दीघा स्थित समुद्र का आनंद लेते हुए और शहर के पर्यटन केंद्रित गतिविधियों और उद्योग को समझते हुए हावड़ा से रांची होते हुए सिमडेगा लौट गए। इस भ्रमण और शोध कार्य की अगुवाई विभाग के अध्यक्ष डॉ गौरव श्रीवास्तव ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ फा एफ्रेम बा और उप पाचार्य फा ब्रुनो टोप्पो के मार्गदर्शन में की। इनके अतिरिक्त विभाग के शिक्षक अमित कुमार गुप्ता और अंकित अग्रवाल ने भी भ्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे भ्रमण की जिम्मेदारी टूर एंड ट्रैवल कम्पनी स्काई ट्रेवल इंडिया के आदिल सिद्दिकी को दी गई थी।

## स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड कार्यालय बानो सभागार में स्कूल रू-आर कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षा विभाग के प्रशांत मंडल व प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी, प्रमुख सुधीर डांग उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के प्रशांत मंडल ने स्कूल रू-आर कार्यक्रम के तहत विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए कहा।उन्होंने रू-आर कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि जितने भी ड्रॉप आउट बच्चे हैं उनको विद्यालय से जोड़ना है ताकि बच्चों का नामांकन शत प्रतिशत हो सके।उन्होंने कहा कि इसके लिए ग्रामीण और मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सहयोग लेने की आवश्यकता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि शिक्षकों को गांव मोहल्ले में बच्चों के अभिभावक और



ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि बहुत ऐसे बच्चे जो पांचवी क्लास पढ़कर छोड़ दिए हैं। वैसे ड्रॉप आउट बच्चों को प्रयास करके स्कूल से जोड़कर नामांकन करते हुए विद्यालय में नियमित आने के लिए प्रेरित करना है तथा बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करने के लिए भी प्रयास करना है ।इस अवसर पर बानो प्रमुख सुधीर डांग ने कहा कि बच्चों के गुणात्मक शिक्षा के लिए विभाग द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा है ताकि जो छूटे हुए बच्चे हैं अपनी पढ़ाई पूरी कर सके और बेहतर भविष्य संवार कर अच्छे समाज का निर्माण कर सकें।इस अवसर पर बीपीओ निर्मला लिंडा, बाल गोविंद पटेल,बृजमोहन पाल,स्मिथ कुमार सोनी,परमानंद ओहदार,शिवशंकर सिंह,सिध्दार्थ नाग,मुखिया लोरेंस बागे,अलोक बरला, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।संचालन जगतमणि बैध ने किया तथा शिवशंकर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।कार्यक्रम में मयांगसोर के दिवंगत सहायक शिक्षक सूजन मड़की के निधन होने पर एक मौन धारण कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किये।

## बुनियादी सुविधाओं से वंचित परिवारों से मिले श्रद्धानंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने शनिवार को बीरू पंचायत के पटियापानी ग्राम का दौरा किया।उन्होंने बताया कि पटीयापानी ग्राम में अनुसूचित जनजातीय परिवार के 15 परिवार विगत कई सदियों से पहाड़ों कि तराई में निवास करते हैं।जो आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित संघर्षीय जिवन व्यतीत करने के लिए मजबुर हैं। भारत वर्ष ने एक तरफ जहां चांद पर झण्डा गाड़ कर पुरे विश्व में अपने नाम का डंका बजा दिया, वहीं दूसरी तरफ सिमडेगा मुख्यालय से महज लगभग 20 किलोमीटर दूर, आजादी के 75वें वर्ष गुजर जाने के बाद भी अभावग्रस्त है। यह गांव आज भी बुनियादी सरकारी सुविधाओं का बाट जोह रही है।इस पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र में न सड़क है,न पेयजल के लिए चापाकल है और न जलमिनार है,न ही अबतक विद्युतिकरण हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड अलग हुए 25 वर्ष गुजर रहें है, कितने सरकार आई और चली गईं।कितने जनप्रतिनिधियों ने इनके द्वारा दिए गए वोटो से अपनी राजनीतिक कैरियर को चमकदार बना कर रोटी सेंकने का काम किया। मगर किसी भी राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने इनके उत्थान के लिए ध्यान नहीं दिया। इन गांवों में रहने वाले अनुसूचित जनजातीय समाज के बच्चे बच्चियां , झरिया-नाली को पार कर जपकाकोन स्थिति सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए जाते हैं। परन्तु बरसात के मौसम में झरिया -नाली में पानी के भर जाने से आवागमन बाधित हो जाती हैं, तो इन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह गांव पहुंच पथ से महज 1.5 किलोमीटर दूर खुबसूरत पहाड़ों की तराई में बसा हुआ है।उन्होंने बताया कि विगत दिनों टभाडीह निवासी विरेन्द्र यादव के द्वारा इस गांव की जानकारी दी गई थी,जिसके बाद रविवार को इस क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना।मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया और कहा कि आप लोगों की वर्तमान स्थिति से उपायुक्त सिमडेगा को अवगत करूंगा और समस्या को निदान कराने के लिए प्रयास करने की कोशिश करूंगा।

## 22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे अनुसचिवीय कर्मचारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सोमवार से अनुसचिवीय कर्मचारी अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इस संबंध में शनिवार को संघ के अध्यक्ष रामनिवास मिश्रा ने डीसी को ज्ञापन सौंपा।वहीं अपनी मांगों के समर्थन में संघ की ओर कैंडल मार्च निकाला गया।जानकारी देते हुए अध्यक्ष रामनिवास मिश्रा ने बताया कि नौ सूत्री मांगों के समर्थन में यह हड़ताल किया जा रहा है। इसमें वेतनमान में संशोधन तथा प्रोन्नति के साथ-साथ अन्य मांगे शामिल है। संघ ने मांग संबंधी ज्ञापन भी डीसी को सौंपा है। इसमें निम्नवर्गीय लिपिक (एलडीसी) का ग्रेड पे 1900 से बढ़ाकर 2400 रुपए करना, अन्य कर्मियों के वेतन में भी संशोधन करना,सभी शाखाओं में नए पद पर बहाली, समाहरणालय लिपिकों के नाम में बदलाव,एमएएसपी की कालावधि में कमी, चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को योग्यता के अनुसार प्रोन्नति देना, संविदा पर काम करने वालों का स्थायीकरण करना सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

### डीसी ऑफिस के काम पर पड़ेगा असर



अनुसचिवीय कर्मचारियों प्रस्तावित हड़ताल से डीसी ऑफिस के काम-काज पर असर पड़ेगा। इसके साथ-साथ प्रखंड तथा अंचल के काम भी ठप हो सकते हैं। कारण यह है कि डीसी ऑफिस, प्रखंड व अंचल में कार्यरत ओएस (कार्यालय अधीक्षक) क्लर्क, हेड क्लर्क तथा अन्य कर्मी अनुसचिवीय कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं।

### चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है

अनुसचिवीय कर्मचारियों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है। पहले चरण में कर्मचारियों काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया था। इसके बाद तीन घंटे की कमलबंद हड़ताल की थी। शनिवार को संघ की ओर से हड़ताल के समर्थन में कैंडल जुलूस निकाला गया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतगावां।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर बाल कल्याण संघ द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रखंड सभागार में कठिन स्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए मैपिंग कार्यक्रम को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिनी प्रशिक्षण हुआ। इसमें प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पंचायती राज विभाग से जुड़े लोगों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कठिन परीस्थितियों में जीवन बसर कर रहे बच्चों और उनके परिवारों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने मैपिंग करना था। बीडीओ सौरभ कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम सराहनीय है, जिससे कठिन परिस्थिति में जीवन यापन कर रहे वंचित परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिलवाने उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित होने के बाद उन्हें सरकार की योजना का लाभ मिल सकेगा और वे समाज में अपना योगदान दे सकेंगे। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संतोष ठाकुर ने कहा कि बाल श्रम का दायरा क्या है, बाल श्रम को चिन्हित कैसे करें, इस बारे में समझाया। साथ ही बाल विवाह जैसे कुरीतियों को भी समाप्त करने में कैसे काम करना है,इसे बताया। ट्रेनर ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि हम वैसे 29 कैटेगरी में बच्चों का मैपिंग कर रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### किसानों के बीच दलहन की खेती के लिए कोटा उरद किया गया वितरित



**बानो।** प्रखण्ड के एंटीक सेंटर बानो में कोटा उरद का वितरण 55 ब्लॉक चैन रजिस्टर्ड किसानों के बीच किया गया। उरद बीज का वितरण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा बानो प्रखण्ड दलहन की खेती के लिए उपयुक्त है। खेतों की जुताई सही से कर उरद की खेती की जा सकती है। इसके लिये गोबर खाद उपयुक्त है। उरद की खेती के लिए किसानों को अधिक मेहनत नहीं करना पड़ता है इसलिए दलहन की खेती अवश्य करें। बीटीएम सुनील समद ने उरद की खेती में होने वाले रोगों व उपचार के बारे में जानकारी दी। मौके पर एटीएम ओबेदुल्ला एहरार, जीवन समद ,दामोदर सिंह, जितेंद्र सिंह, रामेश्वर साहू, नेलशन तोपनो आदि लोग उपस्थित थे।

### रूआर बैक टू स्कूल अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**कुरडेग।** एसएस प्लस टू हाई स्कूल में शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्कूल रूआर 2024 का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुखिया जगेश्वर प्रधान,प्रतिभा कुजूर,उर्मिला कुजूर,अनास्तसिया खलखो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यशाला में मुख्य रूप से स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल अभियान के सफल संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अभियान के तहत 16 दिनों तक स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों को करते हुए स्कूलों से अनामांकित और ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय वापस लाने एवं शतप्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई।साथ ही जनप्रतिनिधियों से अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।कार्यशाला में शिक्षकों,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों,सीआरपी,बीआरपी सहित बीआरसी कर्मि उपस्थित थे।

### मनरेगाकर्मियों ने निकाला मशाल जुलूस 22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले मनरेगाकर्मियों ने शनिवार की शाम मशाल जुलूस निकालकर सेवा के स्थायीकरण और ग्रेड वेतनमान की मांग की। काफी संख्या में उपस्थित विभिन्न संवर्गों के मनरेगा कर्मियों ने मशाल लेकर शहर के महावीर चौक और अन्य पथों का परिभ्रमण किया। साथ ही मांगे पूरी करने को लेकर नारे लगाए। जिला अध्यक्ष उदित कुमार ने कहा कि मनरेगाकर्मी हेमंत सरकार को उन्हीं का वादा याद दिला रहे हैं। कहा गया कि सरकार बनने से पूर्व वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्याओं के समाधान का वादा किया था। उन्होंने कहा था कि सरकार बनने पर वह संविदा वाले सारे काम को खत्म कर देंगे। लेकिन 4 साल के दौरान उन्होंने कोई पहल नहीं की। इससे मनरेगाकर्मियों में घोर निराशा है। कहा गया कि मनरेगा कर्मी कहने को अनुबंध कर्मी हैं, लेकिन उनसे अबुआ आवास, वृद्धावस्था पेंशन, चुनाव संबंधी कार्य और अन्य कार्य कराए जाते हैं उनकी ड्यूटी भी 10 से 5 वाली नहीं है। वह रिपोर्ट वगैरह भेजने का काम हमेशा जारी रहता है।

### स्लोगन लिखकर लोगों को बच्चों ने दिया रोड सेफ्टी का संदेश

झुमरीतिलैया। सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत शनिवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने स्लोगन राइटिंग कंपटीशन का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता वर्ग वन से फोर्थ तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने रोड सेफ्टी पर स्लोगन लिखकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की जिंदगी बड़ी कीमती है। थोड़ी सी लापरवाही से इसे ना गवाएं। प्रतियोगिता में अभिक गौरव, वंशराज, अभिमान सिंह, तथागत, ऋषि, प्रियांशु, अभिषेक, नव्या श्री, हर्षित, श्रेया गुप्ता, अहाना, ऋषि राज, रूही वर्मा, दिव्यांक, श्रेष्ठ, शौर्य देव, सप्तांशु आनंद, प्रीतम, श्रेया सिंह, अत्या उपाध्याय, अंकुर, अदरीजा विश्वास, आद्या सिंह, अदिति राज, देवराज, प्रज्ञा भारती, सौम्या, अंकुर, निधि, शौर्य राज, सुशांत कुमार, हिमांशु कुमार को क्रमशः अपने-अपने वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला और प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला और प्रखंड इकाई की बैठक शनिवार को आदर्श मिडिल स्कूल कोडरमा में हुई। बैठक में राज्य स्तरीय बैठक 12 जुलाई में पांच अगस्त को आमरण अनशन निर्णय की जानकारी दी गई। प्रत्येक प्रखंड में इसके लिए अतिआवश्यक बैठक की जाएगी। जिले में लंबित प्रोन्नति पर भी चर्चा हुई। निर्णय के अनुसार डीएसई से तत्काल भेंट की गई। इस दौरान विस्तृत वार्ता हुई,जिसमें प्रोन्नति,सेवा संपुष्टि, मुचुयल स्थानांतरण आदि पर संघ ने अपनी बात रखी।डीएसई ने कहा कि सभी कार्य पर ध्यान है और कार्य जारी है। संघ की मजबुती पर महासचिव रविकांत रवि ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड के कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी के चयनित पदाधिकारी अपने संघीय कर्तव्य का पालन करें।

### मतरामेटा गांव में मुहर्रम पर अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन

सिमडेगा। जिले के मतरामेटा गांव में मुहर्रम के मौके पर अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के जानिब से अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनोस एक्का,विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर रामानुज वर्मा,थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता, संदेश एक्का, सफीक खान, मो शहजाद, मतियस बागे आदि ने फीता काट कर किया। मौके पर एनोस एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि मुहर्रम का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिला में सर्वधर्म में आपसी भाईचारा के माहौल को भविष्य में भी बरकरार रखने की जरूरत है। एनोस ने सर्वधर्म में एकजुटता को गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बताया।

### परमेश्वर की इच्छा पर निर्भर है राजाओं का अस्त और उदय : एनोस

**सिमडेगा।** परमेश्वर की योजनाएं और उद्देश्य पहले से ही ठहराए हुए हैं, वह अवश्य ही होकर रहेगा और कोई भी सरकार उसकी इच्छा को विफल नहीं कर सकती है। परमेश्वर ही राजाओं को अस्त और उदय करता है, क्योंकि पिता परमेश्वर ही मनुष्यों के राज्य में प्रभुता करता है, और उनको जिसे चाहे उसे दे देता है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का आरसी चर्च लट्ठाखहमन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित लोगों से राजनीति के प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए जनप्रतिनिधियों के कार्यों की तुलना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीति एक ऐसी विधि है, जिसके द्वारा परमेश्वर अपनी इच्छा को पूरी करता है। उन्होंने मसीही सिद्धांतों और मूल्यों पर चलते हुए गांव, समाज,मंडली और कलिसिया को मजबूत करने की बात कही।

# झारखंड में आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाए केंद्र : बन्ना गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ शनिवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वर्चुवल बैठक की. इस दौरान बन्ना गुप्ता ने झारखंड में परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए भारत सरकार से अपेक्षित सहयोग की मांग की. साथ ही उन्होंने झारखंड के 62 लाख परिवार को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने के लिए कहा। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिए जिला कोर्डिनेटर का पद स्वीकृत करने, सहिया दीदी का मानदेय 2000 से बढ़ाकर 6000 करने, स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ यहां के लोगों को 90:10 के अनुपात में देने की मांग की। साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए निशुल्क रूप से भारतीय डाक विभाग के सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि झारखंड में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को मजबूत बनाने के लिए झारखंड को विशेष प्रचार प्रसार की सामग्री उपलब्ध करायी जाय। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सहिया का मानदेय बढ़ाए जाने को नीतिगत मामला बताया।




### झारखंड में जल्द लागू होगा एमपीए : मंत्री

**जमशेदपुर।** झारखंड यूरोलाजी सोसाइटी की ओर से शनिवार को गोलमुरी स्थित एक होटल में 5वां वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से यूरोलॉजी के एक्सपर्ट चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड में चिकित्सकों के सुरक्षा को लेकर मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट (एमपीए) को लागू कराने और क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट को सरल बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई दिखेगी। चिकित्सकों के रिसर्च पर फोकस करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी चिकित्सकों को रिसर्च पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में चिकित्सकों के प्रमोशन के लिए रिसर्च जरूरी कर दिया गया है। रांची रिम्स में 30 प्रतिशत समय चिकित्सक रिसर्च पर दे रहे हैं। रिसर्च आने वाली पीढ़ी के लिए दस्तावेज होगा। चिकित्सक भगवान का दुसरा रूप होते हैं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व्यस्तता की वजह से कांफ्रेंस में विलंब से पहुंचे।

# समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल कल से

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के बैनर तले पूर्वी सिंहभूम जिले के समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों ने शनिवार को अपनी मांगों के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला। जिला समाहरणालय परिसर से कैंडल मार्च पुराना कोर्ट गोलचक्कर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष जाकर समाप्त हुआ।संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कर्मचारियों की 9 सूत्री मांगों से सरकार को कई बार अवगत कराया गया।2022 से कई बार पत्राचार, स्मारपत्र दिया गया।इसके लिए हाई पावर कमिटी बनी।कमिटी ने अपनी अनुशंसा की।लेकिन सरकार ने मांगों पर विचार करने की बजाय कर्मचारियों के ग्रेड पे में कटौती कर दी।पहले 2400 ग्रेड पे निर्धारित थी। जिसे घटाकर 1900 कर दिया।इसे पुनः बहाल करने की मांग है। इसी तरह 20 वर्षों से अधिक समय से चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों का प्रमोशन लंबित है।जबकि बिहार समेत अन्य राज्य प्रमोशन दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि संघ ने निर्णय लिया है कि 22 जुलाई से सारा काम-काज ठप्प कर कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

# विधानसभा चुनाव में पूरे दम-खम के साथ उतरेगी अभाझापा : गणेश टुडू

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
अखिल भारतीय झारखड पार्टी का दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन शनिवार को करनडीह स्थित गुरू गोमके सभागार में शुरू हुआ. अधिवेशन में झारखंड, प. बंगाल के अलावे अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए. केंद्रीय अध्यक्ष गणेश टुडू (अधिवक्ता) ने बताया कि पार्टी चार संकल्प लेकर काम कर रही है।
महाधिवेशन के पहले दिन झारखंड की दशा एवं दिशा पर चर्चा हुई। सभी वक्ताओं ने कहा कि झारखंड आज अग्रणी राज्य की श्रेणी में आ सकता था। लेकिन किसी ने हाथी उड़ाया, तो कोई यहां की खनिज संपदा की लूट में व्यस्त रहा। जिसके कारण आज भी झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी में खड़ा है। वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है, झारखंड पार्टी अपने पुराने तेवर में लौटे। सभी ने सुनियोजित तरीके से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करने पर बल दिया।
जिससे पार्टी की झारखंड में खोई हुई प्रतिष्ठा वापस आ सके। इसलिए पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वृहद् झारखंड की लड़ाई जारी रखने, जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने का निर्णय लिया गया।


## AFFIDAVIT

I, **Ritika Kumari**, father **Shiv Shankar Kumar**, Address-Road No. 17, Patel Nagar Hatia, Post-Hatia, Police Station-Jagarnathpur, District-Ranchi, Jharkhand-834003 resident. I declare that in my Intermediate Registration Slip my father's actual name is **SHIV SHANKAR KUMAR** and my mother's actual name is **KUMARI SNEHLATA** and the UID of my Aadhaar card is – 6866-2832-9182. Whereas in my matriculation certificate the name of my father and mother is written correctly, which is **SHIV SHANKAR PRASAD** and **KUMAR SANEH LATA.** This certificate has been executed by the C.I.S.C.E Examination Board for the purpose of correction in the name of my father and mother in my matriculation certificate. **SHIV SHANKAR KUMAR** and **SHIV SHANKAR PRASAD** and **KUMARI SANEH LATA** and **KUMARI SNEHLATA** both are one and the same person i.e. the name of my father and mother.

**Affidavit Number: 65/4588 Date: 24/06/2024**


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

### ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/07/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/ 07/01/2024-25 | बड़कागांव | ग्राम सुकुल खपिया से रजहर सिमाना तक पथ निर्माण। | 27296200.00 | 546000.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/ 07/02/2024-25 | बड़कागांव | राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय हरली का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 19410200.00 | 388300.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB/ 07/03/2024-25 | बड़कागांव | उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 10708100.00 | 214200.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB/ 07/04/2024-25 | बड़कागांव | बड़कागांव रेंज ऑफिस से ज्ञानोदय विकास विद्यालय हेतु हुए भगवान बागी तक पीसीसी पथ निर्माण। | 17417700.00 | 348400.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.07.2024 से दिनांक 08.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 330168 Rural Development(24-25)#D

# 24वें रामार्चा पूजा का वेदी तैयार

**बारीडीह।** बारीडीह में रविवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर होने वाली रामार्चा पूजा की तैयारी पूरी हो गई है। वेदी बन कर तैयार है। 22 जुलाई को प्रसाद वितरण के लिए वाटर प्रूफ पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूजा के लिए विशेष तौर पर बेगूसराय से प्रख्यात पंडित गौरीकांत ठाकुर को बुलाया गया है। पूजा के मुख्य यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय होंगे। इस वर्ष रामार्चा पूजा का 24वां वर्ष है। पूजा कराने वाले पंडित विनोद पांडेय ने बताया कि रविवार को प्रातः 8 बजे से पूजा प्रारंभ हो जाएगी। चार आवरण में पूजा होगी। प्रथम आवरण में माता गौरी और भगवान शिव की पूजा की जाएगी। इनके अतिरिक्त तेरह देवताओं का आवाहन, स्थापन और पूजन होगा। दूसरे आवरण में श्री अयोध्या जी से लेकर अष्ठमंत्रियों तक कुल 21 देवताओं का आवाहन, स्थापन और पूजन होगा। तृतीय आवरण में महाराज श्री दशरथ जी से लेकर उनके पुत्र लक्ष्मण, स्थापन और पूजन होगा। चतुर्थ आवरण में सीता माता संग भगवान श्रीराम का आवाहन, स्थापन और पूजन होगा। तत्पश्चात यह बताया जाएगा कि रामार्चा पूजा का महत्व क्या होता है। फिर हवन, पूणार्हूति, आरती, पुष्पांजलि, विसर्जन और प्रसाद वितरण होगा।

# ड्रॉप आउट बच्चों के लिए 31 जुलाई तक चलेगा 'बैक टू स्कूल' कैंपेन




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
स्कूल नहीं जाने वाले या स्कूल छोड़ देने वाले बच्चों को पुनः स्कूल लाने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले में रूआर-24 (बैक टू स्कूल कैंपेन) चलाया जा रहा है। 31 जुलाई तक चलने वाले सघन अभियान के दौरान उपरोक्त श्रेणी के बच्चों को हर हाल में स्कूल लाकर उनका दाखिला करना है। इसके लिए शनिवार को सिदगोड़ा टाउन हॉल में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित की गई।
खासकर पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों के अभिभावकों को शिक्षा से वंचित बच्चों के बारे में प्रेरित कर उन्हें वापस स्कूल लाने पर जोर दिया गया। नई शिक्षा नीति और बाल शिक्षा अधिकार कानून में निर्धारित प्रावधान के तहत 5 से 18 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल की शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। सेमिनार में मौजूद उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि समीक्षा के क्रम में यह पाया जाता है कि कई स्कूलों में या तो बच्चों की उपस्थिति नहीं है य उनका अटेडेंस नहीं बन रहे हैं। बच्चों को स्कूल में रोचक माहौल दें ताकि वे खुशी-खुशी स्कूल आएं। चुनौती को सकारात्मक तरीके से लेते हुए ड्रॉप आउट बच्चों को वापस स्कूल लाने के लिए विशेष पहल की जरूरत है। किसी बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं रखा जा सकता है।

# धनबाद से कोयला व्यवसायी और उनके पुत्र का दिनदहाड़े अपहरण, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कुरची मोड़ के पास शनिवार को स्कॉर्पियो सवार चार अपराधियों ने कोयला व्यवसायी रंजीत शर्मा (35) और उनके चार वर्षीय पुत्र ऋषभ का अपहरण कर लिया है। रंजीत अपने पुत्र के साथ सुबह 9 बजे गोविंदपुर बाजार गए थे। गेहूं पिसवाकर वे घर लौट रहे थे।इसी दौरान अपराधियों ने उनकी मोटरसाइकिल रोकी और पिता-पुत्र का अपहरण कर लिया. इसके बाद वे गोविंदपुर की ओर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रंजीत शर्मा अपने परिवार के साथ पिछले चार वर्षों से कुरची मोड़ पर घर बना कर रह रहे हैं। पहले पुलिस लाइन धनबाद में रहते थे। ये लोग मूलतः बिहार के गया के रहने वाले हैं। झरिया के किसी कोयला व्यवसायी के साथ जुड़कर रंजीत शर्मा कोयला का ही काम करते हैं। इस संबंध में रंजीत शर्मा की पत्नी रानी शर्मा ने गोविंदपुर थाने में पति एवं बेटे के अपहरण की लिखित सूचना दी है। डीएसपी शंकर कामती एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने कुरची मोड़ घटनास्थल पर जाकर मामले की छानबीन की। पुलिस अधिकारियों ने उनकी पत्नी एवं उनकी माता कमली देवी का भी बयान लिया। रंजीत शर्मा के पिता नरेश शर्मा झरिया में छोटा-मोटा काम करते हैं। बाप-बेटे के अपहरण की घटना से रंजीत शर्मा की पत्नी रानी शर्मा एवं उनकी मां कमली देवी एवं पिता नरेश शर्मा चिंतित हैं। रंजीत की एक वर्षीय छोटी पुत्री भी है। अपहत रंजीत शर्मा की पत्नी रानी शर्मा एवं उसकी माता कमली देवी ने कहा कि उनकी किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं है। जमीन-जायदाद एवं पैसा का भी किसी से कोई लेनदेन व झमेला नहीं है।

## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सुचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में झारखण्ड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), राँची के राज्यादेश सं0 05 दिनांक 13/06/2024 से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनांतर्गत खूँटी जिले में (01) एक केज मत्स्य मित्र का प्रावधान दिया गया है। केज मित्र मत्स्य को केज में मछली पालन में तकनीकी सहायता का आदान–प्रदान करने एवं केज कल्चर स्थल से सूचना की प्राप्ति एवं आकड़ों के संग्रहण/सम्प्रेषण कार्य किया जाना है। इस संदर्भ में केज मित्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिनके लिए अहत्ताऐं निम्नांकित है –

1. आवेदक शिक्षित बेरोजगार हो एवं आवेदक द्वारा स्वैच्छिक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करने की ईच्छा हो।
2. आवेदक के पास अपना Andoid mobile Phone होना आवश्यक है।
3. आवेदक को कम्प्युटर का ज्ञान हो एवं अच्छा तैराक हो।
4. आवेदक को इन्टरमीडिएट पास होना आवश्यक है। मत्स्य पालन से संबंधित ज्ञान होना आवश्यक है।
5. आवेदक को मोटरसाइकिल चलाना आता हो एवं स्वंय का मोटरसाइकिल एवं ड्राइविंग लाईसेंस हो।
6. राज्यादेश/सरकारी नियमावली के आलोक में कार्य के विरूद्ध केज मित्र को उनके कार्य के अनुरूप पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।
7. आवेदक को अपना कार्य समय एवं नियमानुसार नहीं किये जाने पर उन्हें किसी भी समय कार्य मुक्त किया जाएगा।
8. यह सम्पूर्ण अस्थायी पद है जिस पर कोई दावा आवेदक द्वारा भविष्य में नही किया जाएगा।
9. आवेदक को प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी दक्ष होना होगा एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिया जाएगा।
10. आवेदक केज लाभुक नहीं होना चाहिए।

ईच्छुक व्यक्ति उपरोक्त अर्हत्ताओं के अधीन अपना आवेदन दिनांक 30/07/2024 तक वांछित कागजातों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय में जमा कर सकते है। किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए रदद् करने का अधिकार जिला मत्स्य पदाधिकारी के पास सुरक्षित होगा। विशेष जानकारी हेतु जिला मत्स्य कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR.NO.330179 Fish(24-25):D

## DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, RANCHI

### Advt. No. DLSA / 01/ 2024

**Engagement of Assistant/clerks-cum-Receptionist-cum-Data Entry Operator (Typist) and Office Peon (Munshi/Attendant) for Legal Aid Defence Counsel System (LADCS), Ranchi purely on contractual/honorarium basis.**

This is to inform that :-

1. The list of candidates whose application forms have been accepted and rejected are uploaded on the official website of Civil Court, Ranchi. The rejection list contains reasons for rejection of application forms.
2. The names of the candidates to whom admit card could not be sent due to non submission of requisite postal tickets/envelope are also uploaded in the said official website. Such candidates can approach to the office of District Legal Services Authority, Ranchi for issuance of admit card latest by 27.07.2024 till 5:00 PM.
3. The interview/ Skill test/ Proficiency test for the post of Assistant/clerks-cum-Receptionist-cum- Data Entry Operator (Typist) shall be conducted on 28th July, 2024 from 10:00 A.M. at the premises of Civil Court, Ranchi. All the short-listed candidates are directed to report at 08:30 A.M. for verification of documents. No T.A/D.A is admissible for appearing in the interview.
4. The interview of the scrutinised candidates for the post of Peon (Munshi/ Attendant) shall be conducted on 29th July, 2024 from 04:30 P.M. at the premises of Civil Court, Ranchi. All the short-listed candidates are directed to report at 03:00 P.M. for verification of documents. No T.A/D.A is admissible for appearing in the interview.
5. The Admit Cards of those candidates whose forms have been accepted have already been sent by post. Those candidates whose forms have been accepted but could not receive the admit card on time, they may get issued a duplicate admit card from the office of DLSA, Ranchi on 27.07.2024 from 4:00 p.m. to 5:00 p.m. after proper verification.

Inform all concerned.

Sd/-
Secretary,
District Legal Services Authority, Ranchi.

PR 330149 Law(24-25)D

# विधानसभा चुनाव में पूरे दम-खम के साथ उतरेगी अभाझापा : गणेश टुडू

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
अखिल भारतीय झारखड पार्टी का दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन शनिवार को करनडीह स्थित गुरू गोमके सभागार में शुरू हुआ. अधिवेशन में झारखंड, प. बंगाल के अलावे अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए. केंद्रीय अध्यक्ष गणेश टुडू (अधिवक्ता) ने बताया कि पार्टी चार संकल्प लेकर काम कर रही है। महाधिवेशन के पहले दिन झारखंड की दशा एवं दिशा पर चर्चा हुई। सभी वक्ताओं ने कहा कि झारखंड आज अग्रणी राज्य की श्रेणी में आ सकता था। लेकिन किसी ने हाथी उड़ाया, तो कोई यहां की खनिज संपदा की लूट में व्यस्त रहा। जिसके कारण आज भी झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी में खड़ा है। वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है, झारखंड पार्टी अपने पुराने तेवर में लौटे। सभी ने सुनियोजित तरीके से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करने पर बल दिया। जिससे पार्टी की झारखंड में खोई हुई प्रतिष्ठा वापस आ सके। इसलिए पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वृहद् झारखंड की लड़ाई जारी रखने, जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने का निर्णय लिया गया।
वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2000 में झारखंड प्रदेश का गठन तो किया गया, लेकिन इसमें कई हिस्सों को शामिल नहीं किया गया। जिसमें झारखंड से सटे प। बंगाल एवं ओडिशा के हिस्से शामिल हैं। इसके लिए पार्टी वृहद् स्तर पर आंदोलन करेगी। महाधिवेशन में लंबे समय से आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड की मांग, झारखंड के युवाओं को स्थानीय कंपनियों में उपेक्षा, झारखंड आंदोलनकारियों का मान सम्मान समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। महाधिवेशन में लाला विजय नाथ शाहदेब, विजय दास, धर्मपाल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू–अर्जन निदेशालय),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
#### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :– **564(B)**/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–15.07.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–चक, थाना सं0–385, थाना–मनातु, अंचल–मनातु, जिला–पलामू** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पदमा–चक भाया मनातु मिसिंग लिंक पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–चक, थाना सं0–385, थाना–मनातु, अंचल–मनातु, जिला–पलामू** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.3730 एकड़** यानि **0.1509** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–चक, थाना सं0–385, कुल रकबा–0.3730 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 25 | 16 | कच्चा मकान | रैयती | 0.00599 | अवैध दखल छठन भुईया | 4 | 16 अंश | 106 | 14 |
| 2 | 25 | 16 | – | रैयती | 0.00666 | सुरेश यादव पिता स्व0 सीता यादव | 4 | 16 अंश | 106 | 14 |
| 3 | 25 | 16 | पक्का मकान | रैयती | 0.00800 | शिवकुमार मोची पिता महेश्वर मोची | 4 | 16 अंश | 106 | 14 |
| 4 | 25 | 16 | पक्का मकान | रैयती | 0.00610 | पिन्टु यादव पिता स्व0 नागेश्वर यादव | 4 | 16 अंश | 106 | 14 |
| 5 | 25 | 16 | कच्चा मकान | रैयती | 0.00425 | मांगधारी पिन्टु यादव पिता स्व0 नागेश्वर यादव, अवैध दखलकार नवल किशोर साव | 4 | 16 अंश | 106 | 14 |
| 6 | 18 | 11 | – | रैयती | 0.00372 | मांगधारी नकु भुईयां पिता मुडल भुईयां, अवैध दखलकार सकील अंसारी पिता कारू मियां वो इम्तेयाज अंसारी पिता मुसकीम मियां | 6 | 11 अंश | 14 | 8 |
| 7 | 18 | 11 | – | रैयती | 0.00322 | मांगधारी नकु भुईयां पिता मुडल भुईयां, अवैध दखलकार सकील अंसारी पिता कारू मियां वो इम्तेयाज अंसारी पिता मुसकीम मियां | 6 | 11 अंश | 14 | 8 |
| 8 | 18 | 11 | – | रैयती | 0.00806 | अनिता देवी पति महेन्द्र यादव विरजु यादव वगैरह पिता मुन्सी यादव | 6 | 11 अंश | 14 | 8 |
| 9 | 14 | 08 | कच्चा मकान | रैयती | 0.00800 | अवैध दखलकार भोला भुईयां पिता सोनु भुईयां | 6 | 8 अंश | 11 | 6 |
| 10 | 14 | 08 | कच्चा मकान | रैयती | 0.00500 | अवैध दखलकार सुनिल भुईयां पिता सोनु भुईयां | 6 | 8 अंश | 11 | 6 |
| 11 | 01 | 06 | पक्का मकान | बकास्त लगान पाने वाला | 0.00900 | मुमताज अंसारी वो अफजल अंसारी पिता कलीम अंसारी रिजवाना खातून पिता अब्दुल अंसारी | 6 | 6 | 8 | नदी |
| 12 | 01 | 06 | – | बकास्त लगान पाने वाला | 0.04225 | विरजू यादव पिता मुनसी यादव सत्येन्द्र यादव पिता गोपाल यादव | 6 | 6 | 8 | नदी |
| 13 | 01 | 06 | कच्चा मकान | बकास्त लगान पाने वाला | 0.02400 | विक्रय पत्र सं0–4086, दि0– 08.05.2015 के द्वारा श्रीमति कलावती देवी पति जगरनाथ मिस्त्री को प्राप्त है। दाखिल खारीज नहीं हुआ है। अवैध दखलकार भोला भुईयां पिता सोनू भुईयां | 6 | 6 | 8 | नदी |
| 14 | 01 | 06 | कच्चा मकान | बकास्त लगान पाने वाला | 0.02400 | विक्रय पत्र सं0–4086, दि0– 08.05.2015 के द्वारा श्रीमति कलावती देवी पति जगरनाथ मिस्त्री को प्राप्त है। दाखिल खारीज नहीं हुआ है। अवैध दखलकार सुनिल भुईयां पिता सोनू भुईयां | 6 | 6 | 8 | नदी |
| 15 | 01 | 06 | कच्चा मकान | बकास्त लगान पाने वाला | 0.02500 | विक्रय पत्र सं0–4086, दि0– 08.05.2015 के द्वारा श्रीमति कलावती देवी पति जगरनाथ मिस्त्री को प्राप्त है। दाखिल खारीज नहीं हुआ है। अवैध दखलकार कैलाश भुईयां पिता वृक्ष भुईयां | 6 | 6 | 8 | नदी |
| 16 | 01 | 06 | कच्चा कुआं | बकास्त लगान पाने वाला | 0.12775 | सैयद अब्दुल निशात वो सैयद सल्तान अहमद पिता सैयद अब्दुल | 6 | 6 | 8 | नदी |
| 17 | 01 | 02 | बाउन्ड्री वॉल | बकास्त लगान पाने वाला | 0.00300 | जयनाथ यादव पिता कुलेश्वर यादव | 2 अंश | 4 | 2 अंश | 2 अंश |
| 18 | 01 | 02 | बाउन्ड्री वॉल | बकास्त लगान पाने वाला | 0.00300 | रामपुकार यादव पिता जगेश्वर यादव | 2 अंश | 4 | 2 अंश | 2 अंश |
| 19 | 01 | 02 | स्वास्थ उपकेन्द्र भवन | बकास्त लगान पाने वाला | 0.03590 | स्वास्थ उपकेन्द्र चक का भवन अवस्थित है। | 2 अंश | 4 | 2 अंश | 2 अंश |
| 20 | 01 | 02 | पक्का मकान | बकास्त लगान पाने वाला | 0.00740 | शत्रुधन प्रसाद यादव पिता नागेश्वर प्रसाद यादव | 2 अंश | 4 | 2 अंश | 2 अंश |
| 21 | 01 | 02 | पक्का मकान | बकास्त लगान पाने वाला | 0.00880 | महेन्द्र भुईयां (मृत) धमेन्द्र भारती वो चन्दन भारती, राजेश भुईयां पिता जगेसर भुईयां (कायम) | 2 अंश | 4 | 2 अंश | 2 अंश |
| 22 | 01 | 02 | पक्का मकान | बकास्त लगान पाने वाला | 0.00390 | विरेन्द्र राम पिता स्व0 मेघन मोची | 2 अंश | 4 | 2 अंश | 2 अंश |
| कुल :– | | | | | 0.3730 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।


कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 330175 Palamu(24-25)#D

हलचल

# नये दौर में आरक्षण विवाद

***यह*** सिर्फ संयोग हो सकता है कि हम बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था के हिंसक विरोध के बीच भारत के दो बड़े राज्यों में इससे सम्बंधित हालिया हलचल की बात करें। हम कर्नाटक और महाराष्ट्र में इससे सम्बंधित हलचल के पहले बांग्लादेश के मुद्दे को समझें। वहां अभी कोटा पद्धति के तहत सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण है।


डॉ. प्रभात ओझा

इनमें से अकेले 30 प्रतिशत 1971 के स्वाधीनता आंदोलन में शामिल सेनानियों के वशंजों के लिए है। ज्ञातव्य है कि एक लंबे आंदोलन और खूनी संघर्ष के बाद पाकिस्तान से अलग बांग्लादेश का उदय हुआ था। बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन में भारतीय सेनाओं की उल्लेखनीय मदद इतिहास की गौरव गाथा की तरह है। बहरहाल, वहां स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों के लिए आरक्षित 30 फीसदी सीटों के अलावा 10 प्रतिशत पिछले जिलों के निवासियों, इतना ही महिलाओं, 05 प्रतिशत अल्पसंख्यकों और 01 प्रतिशत विकलांग उम्मीदवारों के लिए है। इन दिनों 30 फीसद स्थान आजादी के लिए संघर्ष में शामिल लोगों के वंशजों के आरक्षण के खिलाफ इस देश में उबाल है। कई लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हैं। ये हालात भारत में वी.पी. सिंह सरकार के दौरान मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू करने के बाद हिंसक आंदोलनों की याद दिलाते हैं। फिलहाल तो दो बड़े राज्यों में शुरू आरक्षण सम्बंधी छोटी सी हलचल की चर्चा करते हैं। पिछले दिनों कर्नाटक और महाराष्ट्र में दो गतिविधि आरक्षण के मुद्दे पर सोचने की जरूरत बताती है। नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की इजाजत संविधानसम्मत नहीं है। फिर भी कई राज्य सरकारों ने ऐसा किया है। अभी कर्नाटक में एक बिल आया, जिसके मुताबिक राज्य की प्राइवेट कंपनियों के लिए 50 से 100 फीसदी तक स्थानीय लोगों को ही नौकरियों में रखने की व्यवस्था है। बिल के कानून बनने से पहले ही प्राइवेट कंपनियों ने इस पर चिंता जताई। उनका तर्क था कि ऐसा करने से सेवाओं में सुयोग्य लोगों की कमी हो जाएगी। इसके लागू होने पर कुछ कंपनियों ने राज्य के बाहर जाने के भी संकेत दे डाले। कर्नाटक अन्य उद्योगों के साथ आईटी सेक्टर का 'हब स्टेट' माना जाता है। यहां देश से बाहर से भी लोग नौकरियों में हैं। कंपनियों के दबाव के बाद राज्य सरकार ने फिलहाल इस बिल को रोक लिया है। हालांकि अपने फैसले पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि उनकी सरकार कन्नड़ हितों के मुद्दे पर ही बनी है। उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार भी इसी तरह के बयान देते हैं। कर्नाटक के पहले भी कुछ सरकारों ने इस तरह के स्थानीय आरक्षण की पहल की है। इनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, हरियाणा और मध्य प्रदेश शामिल हैं। इस तरह की कोशिश विवादों के बीच या तो रोक दी गईं अथवा न्यायालयों में विचाराधीन हैं। असल में हमारा संविधान जन्म अथवा निवास स्थान के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। कर्नाटक सरकार का नया बिल राज्य में पैदा हुए कन्नड़ लोगों अथवा निवास कर रहे कन्नड़भाषियों को आरक्षण देने वाला है। कर्नाटक के अलावा महाराष्ट्र में आरक्षण की नई सुगबुगाहट हुई है। अभी फरवरी में राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में एक विधेयक पारित हुआ है। इस विधेयक के तहत 'विशेष मराठा समुदाय' के लिए नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण दिया गया है। महाराष्ट्र का मराठा समुदाय एक लड़ाका वर्ग रहा है और शासकों की श्रेणी में भी रहा। इस समुदाय के लोग आज कृषि से लेकर उद्योग-धंधों में भी हैं। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए आरक्षण में क्रीमी लेयर का सिद्धांत रखा गया है। यानी इस समुदाय के जो लोग एक निश्चित आय से अधिक अर्जित करते हैं अथवा उनकी संपत्ति है, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। यह विधेयक रिटायर्ड जस्टिस सुनील बी. शुक्रे के नेतृत्व वाले महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की एक रिपोर्ट के आधार पर बना था। ***(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)***

# सुल्तानगंज से देवघर की कांवरयात्रा

***श्रावण*** के महीने को भगवान शिव का प्रिय मास माना जाता है। यही कारण है, कि इस महीने में महादेव की पूजा, आराधना का विशेष महत्व होता है। किंतु श्रावण के महीने में बिहार और झारखंड राज्यों में भगवान शिव की पूजा कुछ अलग ही अंदाज में की जाती है। श्रावण मास के प्रारंभ होते ही प्रत्येक वर्ष बिहार और झारखंड का पूरा क्षेत्र केसरिया वस्त्रधारी कांवरियां शिव-भक्तों की आवाजाही व बोल बम के नारों से गुंजायमान हो उठता है। कांवरिया बिहार के सुल्तानगंज से जल लेकर 110 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा तय करते हैं। सुल्तानगंज से जल लेकर नाचते-गाते बाबा बैद्यनाथ के धाम की ओर प्रस्थान करते हैं। पूरे श्रावण मास में बिहार-झारखंड सहित बंगाल,असम, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य भागों के अलावे पड़ोसी देश नेपाल आदि से भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवरियां शिव-भक्त बिहार के सुल्तानगंज (भागलपुर जिला) नामक स्थान में आते हैं और यहां से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल अपने कांवरों में लेकर नियम-निष्ठापूर्वक खुले पांव पैदल चलकर इसे झारखंड के देवघर स्थित वैद्यनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग पर अर्पित कर अपने कष्ट-व्याधियों को दूर करने तथा मनोवांछित फलों की प्राप्ति की कामना करते हैं।


कुमार कृष्णन

वैद्यनाथधाम स्थित देवघर के ऐतिहासिक विवरण का उल्लेख शिवपुराण में है। यहां के संपूर्ण जीवन के केन्द्र विन्दु बाबा वैद्यनाथ के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक है। शिवपुराण में वर्णित द्वादश ज्योर्तिलिंगों में इसका वैद्यनाथ चिताभूमि के रूप में वर्णन है। यह मात्र संयोग नहीं है कि देवघर भी शिव की चिताभूमि के रूप में जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां माता सती का हृदय गिरा था। शिव पुराण के अनुसार यहीं पर माता के हृदय का दाह-संस्कार किया गया था। और तब बाबा बैद्यनाथ माता सती के वियोग में उसी राख में लोट-लोटकर पूरे अंग को भस्म विभूषित कर लिए थे। इसलिए भस्म का यहां विशेष महत्व है। और आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भस्म भी दिया जाता है। मान्यता यह भी है कि इस भस्म को अपने ललाट पर लगाकर किसी भी कार्य के लिए निकले वह कार्य पूर्ण होता है। मनोवांछित फलों की प्राप्ति भस्म को अपने ललाट पर लगाने से होती है। देवघर के तीर्थ पुरोहित के श्रीनाथ महाराज के मुताबिक सावन और भादो में तीर्थ पुरोहित अपने यजमान को हवन से प्राप्त भस्म देते हैं। भगवान शिव का




यह पीठ उर्जा का उदगमस्थल है, शक्ति् का केन्द्र है। देवर्षि नारद ने हनुमान से बैद्यनाथधाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा है कि यही एक मात्र स्थान है जहां शिव बिना पात्र – कुपात्र, पापी पुण्यात्मा का विचार किए सबकी कामना पूर्ण करते हैं।

बाबा वैद्यनाथ के प्रादुर्भाव की कथा भी कुछ कौतुहलपूर्ण और अनोखी नहीं है। इस लिंग की स्थापना का इतिहास यह है कि एक बार असुरराज रावण ने हिमालय पर जाकर शिवजी की प्रसन्नता के लिये घोर तपस्या की और अपने सिर काट-काटकर शिवलिंग पर चढ़ाने शुरू कर दिये। एक-एक करके नौ सिर चढ़ाने के बाद दसवाँ सिर भी काटने को ही था कि शिवजी प्रसन्न होकर प्रकट हो गये। उन्होंने उसके दसों सिर ज्यों-के-त्यों कर दिये और उससे वरदान माँगने को कहा। रावण ने लंका में जाकर उस लिंग को स्थापित करने के लिये उसे ले जाने की आज्ञा माँगी। शिवजी ने अनुमति तो दे दी, पर इस चेतावनी के साथ दी कि यदि मार्ग में इसे पृथ्वी पर रख देगा तो वह वहीं अचल हो जाएगा। अन्ततोगत्वा वही हुआ। रावण शिवलिंग लेकर चला पर मार्ग में एक चिताभूमि आने पर उसे लघुशंका निवृत्ति की आवश्यकता हुई। रावण उस लिंग को एक व्यक्ति को थमा लघुशंका-निवृत्ति करने चला गया। इधर उन व्यक्ति ने ज्योतिर्लिंग को बहुत अधिक भारी अनुभव कर भूमि पर रख दिया। फिर क्या था, लौटने पर रावण पूरी शक्ति लगाकर भी उसे न उखाड़ सका और निराश होकर मूर्ति पर अपना अँगूठा गड़ाकर लंका को चला गया। इधर ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओं ने आकर उस शिवलिंग की पूजा की। शिवजी का दर्शन होते ही सभी देवी देवताओं ने शिवलिंग की वहीं उसी स्थान पर प्रतिस्थापना कर दी और शिव-स्तुति करते हुए वापस स्वर्ग को चले गये। जनश्रुति व लोक-मान्यता के अनुसार यह वैद्यनाथ-ज्योतिर्लिग मनोवांछित फल देने वाला है।

लंकापति रावण के द्वारा स्थापित होने के कारण ये रावणेश्वर वैद्यनाथ भी कहलाते हैं। शुद्ध हृदय से पूजा करने पर ये बड़ी सहजता से प्रसन्न हो उठते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।इस कारण मनोकामना लिंग के नाम से भी इनकी प्रसिद्धि है। बाबा वैद्यनाथ की पूजा अत्यंत सरल है। निर्मल हृदय फूल और बेलपत्र के साथ शिवलिंग पर उत्तरवाहिनी गंगा का जल अर्पित करो और बाबा प्रसन्न। तभी तो श्रावण मास के आते ही भक्तगण देश के कोने-कोने से कातर भाव से यहां शिवपूजन हेतु खिंचे चले आते हैं। देवघर तो आधुनिक नाम है। इसका शाब्दिक अर्थ है देवताओं का घर। पर संस्कृत ग्रंथों में हृदपीठ, रावण वन, हरितिकी वन या वैद्यनाथ मिलता है। अघोर साधना का महत्वपूर्ण स्थान होने के कारण देवघर का तांत्रिक साधना के लिए कामाख्या के बाद स्थान आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को जल अत्यंत प्रिय है। फिर सुल्तानगंज में आकर गंगा उत्तरवाहिनी हो जाती जो कि बहुत ही पवित्र मानी जाती है। यही कारण है कि अपने इष्टदेव को प्रसन्न करने हेतु प्रति वर्ष बड़ी संख्या में कांवरियां शिव-भक्त सुल्तानगंज से जल लेकर वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर अर्पित करने हेतु यहां आते हैं। सुल्तानगंज से जल उठाकर देवघर में अर्पित करने की परम्परा काफी पुरानी है। ऐसी मान्यता है कि सर्वप्रथम भगवान श्रीराम चन्द्र ने सुल्तानगंज से जल लेकर वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर अर्पित किया था और तब से ही इस परम्परा की शुरूआत हो गई जो आजतक जारी है।


सावन का महीना शुरू होते ही देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिदिन हजारों शिव-भक्तों की आवाजाही सुल्तानगंज में शुरू हो जाती है। सुल्तानगंज से लेकर देवघर तक के 110 किमी के क्षेत्र में बिहार राज्य के भागलपुर, मुंगेर व बांका जिलों के तथा झारखंड राज्य के देवघर व दुमका जिलों के क्षेत्र पड़ते हैं। पूरे श्रावण मास में बिहार-झारखंड की राज्य सरकारें और संबंधित जिला प्रशासन दिन-रात शिव भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा, आवासन, पेयजल, चिकित्सा, परिवहन आदि की व्यवस्था में लगी रहती हैं। पूरे 110 किमी लम्बे कांवरियां मार्ग पर भक्ति की डोर में बंधे श्रद्धालुओं की अटूट श्रृंखला निरंतर चलायमान रहती जो लोक-आस्था के महामेले का स्वरूप धारण कर लेता है जो अपने आप में अनूठा है। ***(ये लेखक के निजी विचार है।)***

# सेवा-समर्पण का पर्व है गुरु पूर्णिमा

***प्राचीन*** काल से ही गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा करने का चलन है , जो इस वर्ष 21 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम।


योगेश कुमार गोयल

गुरु को 'गुरु' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का



अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्त्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही ह्यगुरुह्ण कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैंः-भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि। दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि।

कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है। गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरूआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

प्रगति की कीमत

# मिट्टी में मिलते कुम्हारों के जीवन के अरमान

***आधुनिक*** फ्रिज और एसी ने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कारीगरों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है। ये मिट्टी के बर्तन बनाकर रखते तो हैं लेकिन बिक्री न होने की वजह से खाने के भी लाले पड़ जाते हैं। परिवार कैसे चलेगा। कोई भी मटके खरीदने नहीं आ रहा है। धंधे से जुड़े लोगों ने ठेले पर रखकर मटके बेचने भी बंद कर दिए हैं। देश भर में प्रजापति समाज के लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं। कुम्हार अपना पुश्तैनी काम छोड़ नहीं सकते। इसलिए उनके पास मिट्टी के बर्तन और गर्मी के दिनों में घड़े बेचने के अलावा कमाई का दूसरा विकल्प नहीं है। हालात ये हैं कि अब कुम्हार परिवार अपने काम को जिंदा रखने के लिए कर्ज लेकर व्यवसाय कर रहे हैं। लेकिन इससे भी इनकी लागत नहीं निकल रही। कुम्हार (कुंभकार) जाति के लोग मिट्टी से ही अपना रोजी-रोटी एवं जीवनयापन करते हैं। कुम्हार शब्द, कुम्भकार से निकला हुआ प्रतीत होता है, जिसका अर्थ कुम्भ, यानि घड़ा बनाने वाला होता है। इन्हें कुम्भार, प्रजापति, प्रजापत, घूमियार, घूमर, कुमावत, भांडे, कुलाल या कलाल आदि नामों से भी अलग-अलग प्रदेशों में जाना जाता है। कुम्हारों की हस्तकला ही, उनके रोजगार का साधन होता है। कुम्हार अपने हाथों से मिट्टी की वस्तुएं बनाते हैं। कुम्हार मिट्टी से वस्तुएं बनाने के लिए काली मिट्टी, लाल मिट्टी, रेत व राख आदि को एक साथ मिलाकर, पानी डाल कर अच्छे से मिक्स करते हैं। उसके बाद चाक (चकरी) में मिट्टी को रखकर उनको आकार देते हैं, और भिभिन्न-भिभिन्न वस्तुओं का निर्माण करते हैं। देवी-देवताओं की मूर्तियां, दीया, बोरा, बैल, करसा, क्लास, ठेकुआ, पुरा, मर्की, ओम, देवा, चूल्हा व बच्चों के खिलौने। मिट्टी के बर्तन पकने के बाद, उनको नजदीकी बाजार एवं चौक-चौराहों में बेचने के लिए ले जाते हैं। और उसके बाद, उसी वस्तुओं के पैसे से जो आमदनी उनको प्राप्त होती है, उसी से यह अपना जीवनयापन और अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। लेकिन इन मिट्टी के बर्तन या खिलौने का मूल्य उतना ज्यादा नहीं रहता, जितनी उसमें मेहनत लगती है। और-तो-और लेने वाला व्यक्ति भी, वस्तुएं लेने पर मोलभाव करके, उसमें पैसा कम करवा ही लेता है। इन कुम्हारों का रोजगार उतना अच्छा नहीं रहता। क्योंकि, पहले के समय में सभी लोग मिट्टी के बर्तन व मिट्टी के वस्तुएं उपयोग करते थे। वर्तमान समय में मिट्टी के बर्तनों को लोग नहीं के बराबर इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि, सभी लोग स्टील के बर्तन, फाइबर के बर्तन आदि का अधिक यूज करते हैं, जिससे इनकी आमदनी, पहले के समय से कम होती है। गणेश पक्ष, दुर्गा पक्ष व विश्वकर्मा पक्ष आदि में ही इन लोगों को थोड़ी आमदनी हो पाती है और बाकी समय में इनको एक दिन में 100 से 200 रुपये भी मिलना मुश्किल हो जाता है। बहुत से कुम्हार, आमदनी अच्छी ना होने के कारण, मिट्टी के वस्तुएं बनाना छोड़ चुके हैं। और कुछ अन्य काम, अपने जीवनयापन करने के लिए पकड़ लिए हैं और उसी में लगे हुए हैं। वह लोग इस काम को और करना नहीं चाहते, क्योंकि, इसमें मेहनत अधिक और आमदनी कम है। वर्तमान में कुम्हारों का स्थिति बहुत ही खराब है, क्योंकि, पहले की तरह लोगों ने मिट्टी के समान का उपयोग करना बंद कर दिया है। ***(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***


प्रियंका सौरभ



# महानगरों में बढ़ता जानलेवा प्रदूषण गंभीर चुनौती

***चिकित्सा*** विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के हाल के अध्ययन में वायु प्रदूषण की बढ़ती विनाशकारी स्थितियों के आंकड़े न केवल चौंकाने वाले है बल्कि अत्यंत चिन्तातनक है। भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण के रूप में पसर रही मौत के लिये सरकार एवं उनसे संबंधित एजेंसियों की लापरवाही एवं कोताही शर्मनाक है, क्योंकि सरकार द्वारा 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। गंभीर से गंभीरतर होती वायु प्रदूषण की स्थितियों के बावजूद समस्या के समाधान में कोताही चिन्ता में डाल रही है एवं आम जनजीवन के स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। महानगरों में प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं।


ललित गर्ग

केंद्र सरकार ने वायु प्रदूषण एवं हवा में घुलते जहरीले तत्वों की चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। सरकार की कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। लेकिन विडम्बना है कि तय लक्ष्य हासिल नहीं हो सके। महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान को निरन्तर जीवन का हिस्सा बनाना होगा। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में गत दो-तीन साल में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती।



प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। इसके लिये शहरों में वृक्षारोपण करके हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे प्रयास करने के सुझावों का क्रियान्वित करने की अपेक्षा है, इसके लिये जो कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। जिससे समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। इसी कारण देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे महानगरों को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? प्रशासन अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा पा रही है?

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये सक्रिय है, केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन विडम्बना है कि पर्याप्त फण्ड होने के बावजूद सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया। कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। कैसे समस्या से मुक्ति मिलेगी? जीवाश्म ईंधन के उपयोग, सड़कों पर निरंतर बढ़ते पेट्रोल-डीजल वाहन, सार्वजनिक यातायात की बदहाली व कचरे का ठीक से निस्तारण न होने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल करना जटिल होता जा रहा है। अब समस्या की विकरालता को देखते हुए केंद्र सरकार इस दिशा में नये सिरे से गंभीरता से पहल कर रही है, जिससे प्रदूषित शहरों को दी जाने वाली राशि का यथा समय अधिकतम उपयोग हो सके। पराली की समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता तो प्रदूषण को कम करने की दिशा में हम कुछ कदम बढ़े होते।

वायु प्रदूषण एक जाना-पहचाना पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा है। हम जानते हैं कि हम क्या देख रहे हैं जब भूरे रंग की धुंध शहर के ऊपर छा जाती है, व्यस्त राजमार्ग पर धुआँ निकलता है या धुएँ के ढेर से धुआँ निकलता है। वायु प्रदूषण मानव निर्मित और प्राकृतिक दोनों स्त्रोतों से उत्पन्न खतरनाक पदार्थों का मिश्रण है। वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, घरों को वातानुकूलित करने के लिए ईंधन तेल और प्राकृतिक गैस, एसी का उपयोग, विनिर्माण और बिजली उत्पादन के उप-उत्पाद, विशेष रूप से कोयला-ईंधन वाले बिजली संयंत्र, और रासायनिक उत्पादन से निकलने वाले धुएं मानव निर्मित वायु प्रदूषण के प्राथमिक स्त्रोत हैं। बढ़ता प्रदूषण वैश्विक स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए एक बड़ा खतरा है। वायु प्रदूषण सभी रूपों में, हर साल दुनिया भर में 6.5 मिलियन से अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार है यह संख्या पिछले दो दशकों में बढ़ी है। भारत के महानगरों में यह अधिक विकराल होती जा रही है। उच्च वायु प्रदूषण से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं में कैंसर, हृदय रोग, श्वसन रोग, मधुमेह, मोटापा, तथा प्रजनन, तंत्रिका संबंधी और प्रतिरक्षा प्रणाली संबंधी विकार शामिल हैं।

वायु प्रदूषण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। महानगरों की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि दिल्ली जैसे महानगरों में रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी सहित अनेक महानगर क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं। निस्संदेह, राज्यों के शासन व स्थानीय प्रशासन के वायु प्रदूषण को लेकर उदासीन रवैये से नागरिकों के जीवन का संकट बरकरार है। सर्वविदित तथ्य है कि न तो सरकारों के पास पर्याप्त संसाधन हैं और न ही ऐसा विशिष्ट कार्यबल। नागरिकों की जागरूकता व जवाबदेही बढ़ाकर वायु प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये प्रशासन एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। ***(प्रेषक)***

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# फूलबाड़ी सीमा चेक पोस्ट के रास्ते भारत लौट रहे छात्र-छात्राएं

**एजेंसी। सिलीगुड़ी**

बांग्लादेश इस समय छात्र आंदोलन की आग में जल रहा है। जिस वजह से दूसरे देशों के छात्र के अलावा भारतीय फूलबाड़ी सीमा चेकपोस्ट के रास्ते भारत लौट रहे हैं। दरअसल, बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्र आंदोलन चल रहा है। आंदोलन के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। इसके साथ ही बांग्लादेश सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की घोषणा की है। इस स्थिति से भारत और नेपाल सहित विभिन्न देशों के छात्र-छात्राएं बांग्लादेश से अपने देश लौट रहे हैं। इसके अलावा, जो लोग बांग्लादेश गए हैं वे भी घर लौट रहे हैं।

शनिवार को कई छात्र-छात्राएं और पर्यटक फुलबाड़ी सीमा चेकपोस्ट से लौट रहे हैं। इनमें से कुछ पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के निवासी हैं और काफी संख्या में छात्र कई अन्य राज्यों के भी निवासी हैं। वहीं, कुछ नेपाल के भी हैं।

## बांग्लादेश में छात्र आंदोलन



### ढाका में आंदोलन ज्यादा इंटरनेट सेवा बंद

बांग्लादेश से वापस आई काठमांडू की रहने वाली छात्रा अस्मिता कार्की ने कहा कि मूल रूप से ढाका में आंदोलन ज्यादा है। इंटरनेट सेवा बंद है। इसके अलावा बांग्लादेश में कल धारा 144 की घोषणा की गई है। वहां रहना सुरक्षित नहीं लगा रहा था इसलिए मैं घर लौट आई। वहीं, एक अन्य छात्र सरोज सान्याल ने कहा आंदोलन मुख्यतः शहरों में है। बांग्लादेश की हालत बहुत नाजुक है। इंटरनेट बंद होने के कारण बाहरी दुनिया से संपर्क करना संभव नहीं है। इसलिए घर लौट आया।

# डेंगू के रोकथाम की तैयारियों में जुटी उत्तरपाड़ा पालिका

**एजेंसी। हुगली**

पश्चिम बंगाल के विभिन्न नगरपालिका क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में डेंगू का कहर देखने को मिलता है। इससे सीख लेते हुए इस वर्ष हुगली जिले की उत्तरपाड़ा-कोतरंग नगरपालिका बरसात आते ही डेंगू से बचाव के लिए युद्धस्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। उत्तरपाड़ा-कोतरंग नगरपालिका के चेयरमैन दिलीप यादव ने शनिवार सुबह हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि डेंगू से की रोकथाम को लेकर हाल ही में नगरपालिका एक बैठक की है। सभी पार्षदों और कर्मचारियों को डेंगू को लेकर सचेत रहने को कहा गया है। नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों को विशेष हिदायत दी गई है। शहर के नालों की सफाई हो रही है और ये निश्चित किया जा रहा है कि कहीं भी अनावश्यक जल जमाव न हो। डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए गप्पी मछलियां नालियों में छोड़ी जाती हैं। चेयरमैन ने कहा कि उत्तरपाड़ा नगरपालिका स्वयं गप्पी मछलियों की खेती करती है। इसलिए इस वर्ष शहर के नालियों में बड़ी सख्या में गप्पी मछलियां छोड़ी जाएंगी। पिछले वर्ष तकरीबन एक लाख गप्पी मछलियां छोड़ी गई थी। इस वर्ष नगरपालिका इलाके में

### संघ प्रमुख ने बताई अंग्रेजों की साजिश, कहा

# अंधविश्वास होता है, लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती

**एजेंसी। पुणे**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने व्यवस्थित तरीके से देशवासियों में अपनी परंपराओं और पूर्वजों के प्रति आस्था को कम करने की साजिश रची। भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है, लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती। उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज जो चले आ रहे हैं, वे विश्वास हैं। कुछ गलत हो सकते हैं तो उन्हें बदलने की जरूरत है।

**संघ प्रमुख ने बताया मूर्तियों के पीछे का विज्ञान :** आरएसएस प्रमुख ने कहा कि 'मूर्तियों के पीछे एक विज्ञान है, भारत में मूर्तियों के चेहरे पर भावनाएँ भरी होती हैं जो दुनिया में हर जगह नहीं मिलती हैं। राक्षसों की मूर्तियों में दशार्या गया है कि वे किसी भी चीज को अपनी मुट्ठी में कसकर पकड़ लेते हैं। राक्षसों की प्रवृत्ति हर चीज को अपने हाथ में रखने की होती है। हम अपनी मुट्ठी में (अपने नियंत्रण में) लोगों की रक्षा करेंगे। इसलिए वे राक्षस हैं। लेकिन भगवान की मूर्तियाँ कमल को थामे हुए धनुष को भी थामे रहती हैं। उन्होंने कहा कि साकार से निराकार की ओर जाने के लिए एक दृष्टि होनी चाहिए। जो लोग आस्था रखते हैं, उनके पास दृष्टि होगी।

### परंपराओं के प्रति आस्था को खत्म करने की कोशिश

जी बी देगलुरकर की एक किताब के विमोचन के अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, '1857 (जब ब्रिटिश राज ने औपचारिक रूप से भारत पर शासन करना शुरू किया) के बाद अंग्रेजों ने हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए। हमारी परंपराओं और अपने पूर्वजों में जो आस्था थी, वह खत्म हो गई।' उन्होंने कहा कि 'भारत में मूर्ति पूजा होती है जो आकार से परे निराकार से जुड़ी है। हर किसी के लिए निराकार तक पहुंचना संभव नहीं है, इसलिए हर किसी को कदम दर कदम आगे बढ़ना होगा। इसलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है।



## पेड़ पर फंदे से लटकता एक व्यक्ति का शव बरामद

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी महकमा के फांसीदेवा में एक व्यक्ति का पेड़ पर फंदे से लटकता शव शनिवार को बरामद होने से हड़कंप मच गया। मृतक का नाम बोइला सोरेन (40) है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात बोइला सोरेन अपने परिजनों के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए। आज परिजनों ने उनका शव घर के बाहर पेड़ से लटका हुआ देखा।

## 'जल जीवन मिशन' योजना में लापरवाही 6 इंजीनियर निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 'जल जीवन मिशन' योजना में हुई लापरवाही को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 6 एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को निलंबित कर दिया है और 4 को नोटिस जारी कर दिया गया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'जल जीवन मिशन' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत हर घर को नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। यह केंद्र सरकार, राज्य सरकार और आम जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन में निर्देशों के बावजूद कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। इसके चलते 6 एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। चार को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। इस मामले की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए सरकार ने जांच कराने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में ऐसी 144 योजनाएं हैं, जिनके अनुबंध के 3 साल हो गए हैं। बावजूद इसके उन योजनाओं का कार्य पूरा नहीं हुआ है। इन सभी योजनाओं से संबंधित जिलाधिकारियों को ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दे दिए गए हैं।

# सभी प्रदेशों में मतदाता सूची से हटाए गए हिंदू मतदाताओं के नाम : गिरिराज

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने देश के करीब सभी प्रदेशों में मतदाता सूची में बड़े पैमाने में योजनाबद्ध तरीके से गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराने की आवश्यकता बताई है। गिरिराज सिंह ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू मतदाता वोट करने से वंचित रह गए। उनके नाम काट दिए गए थे। बड़े पैमाने पर हिन्दू मतदाता का मतदाता सूची में ही नाम के आगे 'डिलीट' लिख दिया गया। मतदाता पहचान पत्र रहने के बाद भी मतदाता सूची में नाम नहीं था। जबकि दूसरी तरफ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाता सूची में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गयी है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह कोई एक प्रदेश का मामला नहीं है। विधानसभा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण 2002 के बाद नहीं हुआ है। उन्होंने बेगूसराय संसदीय और झारखंड के राजमहल विधानसभा को एक मॉडल के रूप में पत्रकारों को उपलब्ध कराते हुए कहा कि राजमहल के एक बूथ में 2019 में 672 मतदाता थे, जबकि 2024 में इस बूथ पर 1461 मतदाता हो गए और एक बूथ को दो बूथ में बदल दिया गया।



*लोकसभा चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू मतदाता वोट करने से वंचित रह गए।*

*बिहार में इसको लेकर सभी बूथों का एक सर्वे करवा रहे हैं, जिसकी रिपोर्ट भी आने लगी है।*

सिंह ने इसे 'वोट जिहाद' और 'बूथ जेहाद' बताते हुए कहा कि यह केवल दो प्रदेशों का मामला नहीं है, यह सभी प्रदेशों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे बिहार में इसको लेकर सभी बूथों का एक सर्वे करवा रहे हैं जिसकी रिपोर्ट भी आने लगी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग और सभी राज्यों के निर्वाचन आयोग 2014 से लेकर 2024 तक के सभी बूथों पर मतदाताओं की बढ़ी संख्या का तुलनात्मक अध्ययन करे तो स्थिति साफ हो जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम योगी के फैसले के साथ मजबूती से खड़े हुए केशव प्रसाद मौर्य, विपक्ष को खूब सुनाया



**लखनऊ।** कांवड़ यात्रा को लेकर योगी सरकार के फैसले की खूब आलोचना हो रही है। विपक्ष के साथ-साथ भाजपा की कई सहयोगी दल भी योगी सरकार के फैसले के खिलाफ नजर आ रहे हैं। इन सब के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपनी सरकार के फैसले के साथ हम मजबूती से खड़े दिखाई दे रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य का यह रुख तब आया है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनकी दूरियों को लेकर जबरदस्त तरीके से चचाओं का दौर जारी है। कांवड़ यात्रा और नेम प्लेट को लेकर जारी विवाद को केशव प्रसाद मौर्य ने खारिज किया और कहा कि इसका विरोध वे लोग कर रहे हैं जिन्हें मुस्लिम वोट की जरूरत है।

**ने याद दिलाया मनमोहन सिंह का दौर :** केशव प्रसाद मौर्य ने अपने बयान में कहा कि विपक्ष को भी कांवड़ लेकर (हरिद्वार) जाना चाहिए और भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए ताकि उनकी बुद्धि में जो विकृति आई है वह ठीक हो सके। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो लोग सवाल उठा रहे हैं, वे केवल मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, करते हैं कोई अन्य उद्देश्य या विषय नहीं है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर 'नेमप्लेट' लगाने के निर्देश पर केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि यह राज्य सरकार का मामला है, राज्य सरकार अगर तत्कालीन कोई विज्ञप्ति निकालती है तो सभी को मानना होता है।

### श्रावणी मेला के दौरान हावड़ा और तारकेश्वर के बीच चलेगी एक और ईएमयू स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता।** श्रावणी मेला के अवसर पर पूर्व रेलवे का हावड़ा डिवीजन 22 जुलाई 2024 से 19 अगस्त 2024 के बीच हर सोमवार को हावड़ा और तारकेश्वर के बीच एक और ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाएगा। पूर्व रेलवे के प्रवक्ता कौशिक मित्रा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रावणी मेला बंगाल के सांस्कृतिक और धार्मिक कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए तारकेश्वर आते हैं। इस दौरान, तारकेश्वर और सेवड़ाफुली स्टेशन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। यह कदम श्रावणी मेला के दौरान भक्तों की सुविधा के लिए उठाया गया है।

### महागठबंधन की प्रतिरोध रैली पर जीतन राम मांझी ने कसा तंज

**पटना।** बिहार में इंडी गठबंधन की ओर से प्रतिरोध रैली निकाली गई। जिसमें प्रदेश के कई बड़े विपक्षी नेताओं ने हिस्सा लिया। विपक्ष का आरोप है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। विपक्ष के इस वार पर एनडीए सहयोगी और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पलटवार किया है। बिहार के मुख्यमंत्री का बचाव करते हुए मांझी ने कहा, इस तरह की रैली निकालना, उनका काम हैं, वो करते रहे, हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है। यह लोग कह रहे हैं कि यहां कानून-व्यवस्था बिगड़ी हुई है, लेकिन मैं आपको बता दूं कि ऐसा कुछ नहीं है, सबकुछ ठीक है, लेकिन हां कुछ कभी-कभी कुछ छिटपुट आपराधिक घटनाएं घटतीं है, मगर हम इसमें आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे और प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने की कोशिश रहेगी। बता दें कि बीते दिनों विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी।

### बीएसएफ ने नदिया जिले में मानव तस्करी रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**कोलकाता।** बीएसएफ दक्षिण सीमान्त की मानव तस्करी निरोधक इकाई (एएचटीयू), रामनगर ने शक्ति वाहिनी एनजीओ और फतेहपुर सरकारी हाई स्कूल के सहयोग से मानव तस्करी की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दक्षिण बंगाल सीमान्त की आठवीं बटालियन की सीमा चौकी महेंद्र के अंतर्गत फतेहपुर सरकारी हाई स्कूल में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत एएचटीयू रामनगर के टीम सदस्यों और शक्ति वाहिनी एनजीओ के प्रतिनिधियों द्वारा एक विस्तृत व्याख्यान से हुई। व्याख्यान का उद्देश्य बाल विवाह, बाल शोषण, बाल श्रम, लैंगिक भेदभाव और सोशल मीडिया के खतरों सहित मानव तस्करी से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था। वक्ताओं ने मानव तस्करी को रोकने के लिए जागरूकता और सक्रिय उपायों के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में स्कूल समुदाय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 191 लोग उपस्थित थे, जिनमें 186 छात्र (84 लड़के और 102 लड़कियां) शामिल थे।

### ममता बनर्जी के आमंत्रण पर आज की सभा में शामिल होंगे अखिलेश यादव

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निमंत्रण पर समाजवादी पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 21 जुलाई को कोलकाता में आयोजित सभा में शामिल होंगे। यह सभा एस्प्लेनेड में आयोजित होगी, जिसमें अखिलेश यादव ममता बनर्जी के साथ मंच साझा करेंगे। कुछ दिनों पहले ममता बनर्जी मुंबई दौरे पर गई थीं, जहां उनकी मुलाकात अखिलेश यादव से हुई थी। इस दौरान ममता ने उन्हें 21 जुलाई को होने वाली सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, जिसे अखिलेश ने स्वीकार कर लिया है। अखिलेश यादव की इस सभा में उपस्थिति से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के लिए महत्वपूर्ण संदेश जाएगा। ममता बनर्जी भाजपा विरोधी गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका पर हमेशा से मुखर रही हैं और इस मौके पर अखिलेश के साथ मंच साझा करना राष्ट्रीय राजनीति में नया मोड़ ला सकता है। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के राजनीतिक संबंध हमेशा से मजबूत रहे हैं। ममता ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अखिलेश का समर्थन किया था और हाल ही में अखिलेश ने तृणमूल के लिए एक सीट भी छोड़ी थी।

## आज का राशिफल

**मेष:** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृषभ:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह:** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या:** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**धनु:** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुम्भ:** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

### चिराग पासवान ने भी कांवर रूट के नामों का किया विरोध, कहा

# धर्म के नाम पर विभाजन ठीक नहीं

**एजेंसी। पटना**

उत्तर प्रदेश के कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों के नामों को लिखे जाने संबंधी फैसले का अब भाजपा के सहयोगी दलों ने भी विरोध किया है। भाजपा की एक प्रमुख सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) के बाद अब केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने भी इसका विरोध किया है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम लिखने के आदेश पर चिराग पासवान ने आपत्ति जताई है।

समाचार के मुताबिक वह पुलिस की सलाह या ऐसी किसी भी चीज का समर्थन नहीं करते हैं जो, जाति या धर्म के नाम पर विभाजन पैदा करती हो। चिराग पासवान बोले- नहीं, मैं इसका समर्थन नहीं करता यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस सलाह का समर्थन करते हैं? लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष ने कहा, नहीं, मैं इसका समर्थन नहीं करता। मेरा मानना है कि समाज में दो वर्ग हैं, अमीर और गरीब और अलग-अलग जाति और धर्म के लोग दोनों ही श्रेणियों में आते हैं।



*जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा, बिहार में इससे भी बड़ी कांवर यात्रा (यूपी से) होती है।*

चिराग पासवान ने कहा, हमें इन दो वर्गों के लोगों के बीच की खाई को पाटने की जरूरत है। गरीबों के लिए काम करना हर सरकार की जिम्मेदारी है, जिसमें समाज के सभी वर्ग जैसे दलित, पिछड़े, ऊंची जाति और मुसलमान भी शामिल हैं। हमें उनके लिए काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब भी जाति या धर्म के नाम पर इस तरह का विभाजन होता है, तो मैं इसका समर्थन या प्रोत्साहन बिल्कुल नहीं करता। मुझे नहीं लगता कि मेरी उम्र का कोई भी शिक्षित युवा, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म से आता हो, ऐसी चीजों से प्रभावित होता है।

भाजपा की एक प्रमुख सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) ने पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार से मुजफ्फरनगर आदेश की समीक्षा करने का अनुरोध कर चुकी है। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि बिहार में इससे भी बड़ी कांवड़ यात्रा (यूपी से) होती है। वहां ऐसा कोई आदेश लागू नहीं है। जो प्रतिबंध लगाए गए हैं, वे प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे का उल्लंघन हैं। यह आदेश न तो बिहार में लागू है और न ही राजस्थान और झारखंड में। अच्छा होगा कि इसकी समीक्षा की जाए। इस आदेश को वापस लिया जाना चाहिए।

## अकबरनगर को हटाकर सौमित्र वन स्थापित किया जा रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाने का अभियान शुरू किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आान किया था। दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग एक नया संकट बनता जा रहा है और इसको नियंत्रित करने की ज़िम्मेदारी भी मनुष्य की ही होनी चाहिए और इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी का यह आान हर भारतवासी के लिए एक मंत्र बनना चाहिए और इस अभिलाषा से हमने प्रदेश में इस पवित्र अभियान को अपने हाथों में लिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 साल पहले ये कुकरैल नदी होती थी लेकिन 1984 के बाद पूरी नदी को भू-माफियाओं ने पाटना शुरू किया और परिमाण क्या हुआ? जो कभी नदी थी वो नाला बन गया...इसकी वजह से गोमती नदी भी प्रदूषित हो गई...गोमती नदी काली हो गई।

### गोरखपुर / एक बार फिर उफान पर सरयू, 8 घंटे में बढ़ा 10 सेमी जलस्तर

# राप्ती नदी भी खतरे के निशान से पार

*राप्ती नदी खतरे के निशान से 48 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।*

**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी की वजह से कई जिले बाढ़ से प्रभावित है। इन जिलों में गोरखपुर भी शामिल है। यहां 13 जुलाई को खतरे का निशान पार करने के बाद तेजी से नीचे आ रही सरयू नदी में एक बार फिर उफान आने लगा है। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। आठ घंटे में नदी का जलस्तर 10 सेंटीमीटर बढ़ा गया है।

### इन जिलों में भी आई बाढ़



प्रदेश के लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बलिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, बाराबंकी, सीतापुर, गोरखपुर, बरेली, मुरादाबाद और आजमगढ़ के कुल 923 गांवों की 18 लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ और बारिश की वजह से अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है।

### बाढ़ से फसलों को भारी नुकसान

जिले में 52 गांव बाढ़ की चपेट में होने के कारण फसलों का भी भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक, 2426 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल में फसल को नुकसान पहुंचा है। प्रशासन की टीम बाढ़ वाले इलाकों में भूसा, अनाज आदि का वितरण कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांवों में पहुंचकर लोगों का उपचार कर रही हैं और राहत कार्य जारी है।

### बाढ़ की चपेट में जिले के कई गांव

बता दें कि शुक्रवार शाम चार बजे अयोध्या पुल पर सरयू नदी खतरे के निशान से सिर्फ 31 सेंटीमीटर नीचे बह रही थी। आठ घंटे में नदी का जलस्तर 10 सेंटीमीटर बढ़ा है। सरयू का जलस्तर बढ़ने के साथ ही राप्ती नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने की आशंका है। अभी राप्ती नदी खतरे के निशान से 48 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। कुछ दिनों से नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। फिलहाल, जिले में अब भी 52 गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

## भारतीय दल अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक : गगन नारंग




**पेरिस।** जैसे ही पहली टीमें ओलंपिक गांव पहुंचीं, भारत के शेफ-डी-मिशन गगन नारंग ने कहा कि दल उत्साहित है और अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक है। 2012 लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ने कहा, ह्लमैं गुरुवार रात यहां पेरिस पहुंचा और भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर की व्यवस्था का जायजा लिया। तीरंदाजी और रोइंग शुक्रवार को आने वाली पहली भारतीय टीमें थीं और उन्होंने आराम से चेक-इन किया। एथलीट खेल गांव में धीरे-धीरे बस रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मूड उत्साह और उम्मीद का है। नारंग ने कहा,मूड निश्चित रूप से उत्साहित है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को आ रही है। निश्चित रूप से, मुझे एक एथलीट के रूप में ओलंपिक में अपने कठिन दिन याद आ रहे हैं। हालांकि बहुत उत्साह है, एथलीट प्रतिस्पर्धा के मैदान पर कुछ खेल का समय भी पाना चाहेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एथलीटों के पास उनकी संबंधित स्पधाओं की शुरूआत से पहले वह सब कुछ हो जो उन्हें चाहिए। सम्मानित भारतीय निशानेबाज, जो प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार और पद्म श्री पुरस्कार के प्राप्तकर्ता भी हैं, ने पेरिस ओलंपिक के लिए उन्हें शेफ-डी-मिशन के रूप में नियुक्त करने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का आभार व्यक्त किया।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय सेना के 24 एथलीट दिखाएंगे दमखम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक में भारत से शामिल होने वाले 117 भारतीय एथलीटों में 24 सशस्त्र बल कर्मी होंगे। इन 24 एथलीटों में 22 पुरुष हैं, जिनमें स्टार जेवलिन थ्रोअर सूबेदार नीरज चोपड़ा शामिल हैं। दो महिला एथलीट हैं। ओलंपिक में महिला सैन्य एथलीट पहली बार शामिल होंगी। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता सूबेदार नीरज चोपड़ा एक बार फिर पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेकर स्वर्ण पदक का दावा करेंगे।

सेना के सूबेदार नीरज चोपड़ा ने वर्ष 2023 के एशियाई खेलों, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, वर्ष 2024 की डायमंड लीग और वर्ष 2024 के पावो नूरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता हवलदार जैस्मीन लाम्बोरिया और वर्ष 2023 के एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सीपीओ रितिका हुड्डा महिला सेवा कर्मी पहली बार ओलंपिक खेलों




में भाग ले रही हैं। वे मुक्केबाजी और कुश्ती में भाग लेंगी। पेरिस ओलंपिक में सैन्यकर्मियों की भागीदारी खेल उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने और एथलेटिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सेना के सूबेदार अमित पंघाल (मुक्केबाजी), सीपीओ तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट-पुट), सूबेदार अविनाश मुकुंद साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज), सीपीओ मोहम्मद अनस याहिया, पीओ (जीडब्ल्यू) मुहम्मद अजमल, सूबेदार संतोष कुमार तमिलारासन और जेडब्ल्यूओ मिजो चाको कुरियन (4400 मीटर पुरुष रिले), जेडब्ल्यूओ अब्दुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), सूबेदार तरुणदीप राय और सूबेदार धीरज बोम्मा देवरा (तीरंदाजी) और नायब सूबेदार संदीप सिंह (निशानेबाजी) भी उन सैन्य कर्मियों में शामिल हैं, जो देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे।

# ऋषभ पंत की चेन्नई सुपर किंग्स में एंट्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**



### आईपीएल 2025 से पहले होगा फैसला!

आईपीएल 2025 से पहले दिल्ली कैपिटल्स में बड़ा धमाका हो सकता है। बीते दिनों ही दिल्ली फ्रेंजाइली ने मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को अलविदा बोल दिया था। अब खबर है कि फ्रेंजाइजी कप्तान ऋषभ पंत से भी करार तोड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने और टॉप स्कोरर रहे पंत बतौर कप्तान दिल्ली को खिताब नहीं दिला पाए हैं। क्योंकि पोंटिंग पहले ही दिल्ली से दूर हो गए हैं तो ऐसे में फ्रेंचाइजी कप्तान और कोच की नई जोड़ी के साथ आईपीएल 2025 की तैयारी कर सकता है। खबर है कि ऋषभ पंत इस दौरान पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स में जा सकते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फ्रेंचाइजी विकेटकीपर-बल्लेबाज की ट्रेडिंग पर भी विचार कर सकती है, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और डीसी के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली पंत को कप्तान बनाए रखने के पक्ष में हैं। सीएसके के एक अधिकारी ने संकेत दिया है कि अगर एमएस धोनी अपने आईपीएल करियर को अलविदा कहने का फैसला करते हैं तो फ्रेंचाइजी उनके प्रतिस्थापन के रूप में एक शीर्ष भारतीय विकेटकीपर को साइन करने पर विचार कर रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फ्रेंचाइजी विकेटकीपर-बल्लेबाज की ट्रेडिंग पर भी विचार कर सकती है, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और डीसी के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली पंत को कप्तान बनाए रखने के पक्ष में हैं। अगर दिल्ली ने पंत को रिलीज किया तो वह चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हो सकते हैं।

## मेसी की अनुपस्थिति में अर्जेंटीना की नजर स्वर्ण पर



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना, अपने करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेसी के बिना भी, आगामी पेरिस ओलंपिक में पुरुष फुटबॉल में रिकॉर्ड-बराबर तीसरा स्वर्ण पदक जीतने की क्षमता रखता है। अर्जेंटीना के मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो, जिन्होंने 2004 और 2008 में खिलाड़ी के रूप में स्वर्ण पदक जीता था, गौरव हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, क्योंकि उन्होंने स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी सहित चार विश्व कप विजेताओं को अपनी टीम में शामिल किया है। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल अंडर-23 टूर्नामेंट है 37 वर्षीय मेसी, जिन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में दक्षिण अमेरिकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की थी, भारी कार्यभार का हवाला देते हुए पेरिस संस्करण में नहीं खेलने का फैसला किया है।

## इस तरह की कार्टूनगिरी अच्छी नहीं है : मोहम्मद शमी



**नई दिल्ली।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम-उल-हक द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने साथी अर्शदीप सिंह का जोरदार बचाव किया है। युवा तेज गेंदबाज की टी20 विश्व कप 2024 के दौरान रिवर्स स्विंग उत्पन्न करने की क्षमता पर इंजमाम ने सवाल उठाया था। यह सुपर 8 का वही मुकाबला था जिसमें अर्शदीप ने तीन विकेट लेकर टीम इंडिया की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुकाबले में रोहित शर्मा ने 82 रन की विस्फोटक पारी खेली थी और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे लेकिन इसके बावजूद अर्शदीप द्वारा डेविड वार्नर, टिम डेविड और मैथ्यू वेड का विकेट लेना चर्चा में रहा।

## शाहीन, बाबर और रिजवान को ग्लोबल टी20 कनाडा के लिए नहीं मिला एनओसी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड(पीसीबी) ने शाहीन शाह आफरीदी, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को ग्लोबल टी20 कनाडा के लिए एनओसी देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी ने अपने एक बयान में कहा कि यह फैसला तीनों खिलाड़ियों और चयन समिति से सलाह लेने के बादड़ किया गया है। इससे पहले पिछले हफ़्ते पीसीबी ने नसीम शाह को भी द हंड्रेड खेलने के लिए एनओसी देने से मना कर दिया था। नसीम को बर्मिंघम फीनिक्स ने 125,000 पाउंड में साइन किया था। जैसा कि ईएसपीएनक्रिकइंफो ने कुछ दिन पहले बताया था, पीसीबी को इन चारों खिलाड़ियों को एनओसी देने से इनकार करने की उम्मीद थी क्योंकि वे सभी फॉर्मेट के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं और उनके व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का हवाला देते हुए ही, उन्हें एनओसी नहीं दी गई है।

# रोहित, विराट की विरासत को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा : अर्शदीप सिंह

### इन दोनों खिलाड़ियों के साथ एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को लगता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी-20 संन्यास से पीछे छोड़ी गई विरासत को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। इन दोनों ने पिछले महीने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप खिताब जीत के साथ अपने सबसे छोटे प्रारूप के करियर का अंत किया। टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे अर्शदीप ने कहा कि बल्लेबाजी विभाग में उनका योगदान हमेशा दुनिया भर के क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा रहा है। अर्शदीप ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनका योगदान बहुत बड़ा है और उनकी विरासत पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। शीर्ष पर रोहित भाई की विस्फोटक बल्लेबाजी और उनकी तेज कप्तानी ने प्रारूप में नए मानक स्थापित किए हैं। विराट भाई अपने निरंतर प्रदर्शन और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के साथ, दुनिया भर के क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श रहे हैं। उनके जुनून, समर्पण और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता ने कई युवा क्रिकेटरों को प्रेरित किया है, जिनमें मैं भी शामिल हूं। उन्होंने हमें दिखाया है कि उच्चतम स्तर पर सफल होने के लिए क्या करना पड़ता है। उनके रिकॉर्ड खुद बोलते हैं। हालांकि वे अब टी20ई नहीं खेल रहे हैं लेकिन उनका खेल पर प्रभाव मार्गदर्शन और प्रेरणा देता रहेगा। अर्शदीप उन खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने रोहित की कप्तानी में सफेद गेंद से पदार्पण किया और अपना सारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट उनके नेतृत्व में खेला।

## स्पेन ने 2030 विश्व कप फाइनल के लिए की मेजबान मैदानों की घोषणा

**मैड्रिड।** स्पेन के खेल अधिकारियों ने 2030 विश्व कप फाइनल के मैचों की मेजबानी के लिए फुटबॉल मैदानों की घोषणा कर दी है। देश पुर्तगाल और मोरक्को के साथ मिलकर 2030 विश्व कप फाइनल की मेजबानी करेगा। मेजबान स्टेडियमों की पूरी सूची आधिकारिक तौर पर जुलाई के अंत तक फीफा को प्रस्तुत की जानी है, और स्पेन की राजधानी मैड्रिड और बार्सिलोना दोनों में दो मैदान हैं, जिसमें रियल मैड्रिड का सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम और एटलेटिको मैड्रिड का मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम, एफसी बार्सिलोना का कैंप नोउ स्टेडियम और एस्पेनयोल का कॉर्नेला-एल प्रैट शामिल हैं। बर्नब्यू और कैंप नोउ दोनों ही फाइनल की मेजबानी के लिए उम्मीदवार हैं, जिसमें बर्नब्यू वर्तमान में पसंदीदा है।

## लिएंडर पेस और विजय अमृतराज का इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में सम्मान



**एजेंसी। न्यूपोर्ट**

भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस के लिए यह पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था, जब उन्होंने अपने परिवार के साथ न्यूपोर्ट स्थित इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम के संग्रहालय का भ्रमण किया। लिएंडर की यादगार चीजों में से, जो अब यूएस ईस्ट कोस्ट के इस अनोखे, समृद्ध समुद्र तटीय शहर में प्रदर्शित की जाएंगी, उनकी सबसे प्रिय चीज उनका 1996 अटलांटा ओलंपिक कांस्य पदक है। लिएंडर ने अपने शुभचिंतकों से भरे हॉल में अपने आंसुओं को रोकने की कोशिश करते हुए कहा, मैंने खेल खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मैं अपने पिता की तरह बनना चाहता था जिन्होंने ओलंपिक (म्यूनिख 1972 में कांस्य) पदक जीता था। मेरे माता-पिता वहाँ (अटलांटा में) थे, और वे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। मेरे दोनों भाई-बहनों ने मेरे लिए बहुत कुछ त्याग किया। मैं यहाँ हूँ क्योंकि मुझे इतने सारे लोगों से प्यार और समर्थन मिला है। कांस्य पदक मैच में ब्राजील के फर्नांडो मेलिगिन के खिलाफ अटलांटा की जीत ने लिएंडर को भारतीय खेल लोककथाओं में शामिल कर दिया। ओलंपिक में सफलता के लिए भूखे देश को अचानक एक नया नायक मिल गया जो कोई क्रिकेटर नहीं था।

**06 दिन काउंट डाउन — पेरिस ओलंपिक**







## मिल्खा सिंह, पीटी उषा व अंजू बॉबी जार्ज ने भी दिखाया था दमखम

ओलंपिक खेलों में दिग्गज एथलीट मिल्खा सिंह से लेकर वर्तमान में भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा तक महज कुछ ही भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीटों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से एक अलग छाप छोड़ी है। नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक और वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने लगातार शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। हालांकि, रनिंग ट्रैक पर मिल्खा सिंह का बेहतरीन प्रदर्शन, पीटी उषा का एशिया में दबदबा और 2003 वर्ल्ड चैंपियनशिप में लॉन्ग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज के ऐतिहासिक कांस्य पदक ने भारत को एक अलग ऊचांई पर पहुंचाने में अहम योगदान दिया है। मिल्खा सिंह रोम 1960 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे थे, जहां वह दक्षिण अफ्रीका के कांस्य पदक विजेता मैल्कम स्पेंस से सिर्फ 0.13 सेकेंड पीछे रहे। इस दौरान रोम में उनका 45.73 सेकेंड का समय चार दशकों तक एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड के रूप में कायम रहा। उड़न परी के नाम से प्रसिद्ध पीटी उषा लॉस एंजिल्स 1984 ओलंपिक में 400 मीटर बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रहीं और केवल 0.01 सेकेंड से पदक हासिल करने से चूक गईं। मालूम हो कि पय्योली एक्सप्रेस के नाम से भी मशहूर पीटी उषा ने 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं। वहीं ओलंपिक में 1984 में पीटी उषा द्वारा बनाया गया 55.42 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी 39 साल बाद विथ्या रामराज ने एशियाई खेल 2023 में की थी। पीटी उषा ने मॉस्को 1980 खेलों में ओलंपिक में डेब्यू किया और 16 साल की उम्र में भारत की सबसे कम उम्र की ओलंपिक धावक बन गईं। यह एक रिकॉर्ड है जो आज तक कायम है। अंजू बॉबी जॉर्ज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एथेंस 2004 ओलंपिक में देखने को मिला। वह महिलाओं की लंबी कूद में 6.83 मीटर की दूरी के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, यह दूरी अभी भी एक नेशनल रिकॉर्ड के रूप में कायम है।




# देश की पहली एसयूवी कूप टाटा कर्व से उठा पर्दा

### पेट्रोल-डीजल और इलेक्ट्रिक तीनों ही सेगमेंट में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा मोटर्स ने भारतीय ऑटोमोटिव मार्केट में एक ऐसा प्रोडक्ट पेश कर दिया है, जो कि मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में बाकी सारी गाड़ियों को कड़ी टक्कर देने का माद्दा रखती है। प्रीमियम डिजाइन, धांसू परफॉर्मेंस, जबरदस्त सेफ्टी, क्लास लीडिंग स्पेस और कंफर्ट, फ्यूचरिस्टिक टेक्नॉलजी, अडवांस्ड इन्फोटेनमेंट सिस्टम और काफी सारे सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स से लैस टाटा कर्व को कंपनी ने अनवील कर दिया है और इसी के साथ कर्व एसयूवी कूप की झलक भी दिख गई है। आगामी 7 अगस्त को टाटा कर्व की कीमत का खुलासा किया जाएगा और इसी के साथ हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टॉस, मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, टोयोटा अर्बन क्रूजर हाईराइडर और एमजी ऐस्टर के साथ ही होंडा एलिवेट जैसी गाड़ियों को कड़ी टक्कर मिलेगी।

- 7 अगस्त को टाटा कर्व की कीमत का होगा खुलासा
- कंपनी पहले कर्व के इलेक्ट्रिक वेरिएंट को करेगी लांच




### एसयूवी सेगमेंट में टाटा का जलवा : शैलेष चंद्रा

टाटा मोटर्स पैसेंजर वीइकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेष चंद्रा ने कहा कि टाटा मोटर्स ने इंडियन एसयूवी एरिना में अपनी खास जगह बनाई है और हम लगातार इनोवेटिव डिजाइन के साथ अपने प्रोडक्ट को पेश कर ग्राहकों की जरूरतें पूरी करते आए हैं। सिएरा, सफारी, नेक्सॉन, पंच और हैरियर इसके सबूत हैं और अब हम एसयूवी पोर्टफोलियो को और बढ़ाते हुए भारत की पहली एसयूवी कूप टाटा कर्व पेश कर रहे हैं।

**पेट्रोल-डीजल के साथ ही इलेक्ट्रिक पावरट्रेन भी**


टाटा कर्व का लोगों को लंबे समय से इंतजार था और उम्मीद के मुताबिक इसको पेट्रोल और डीजल के साथ ही इलेक्ट्रिक पावरट्रेन विकल्पों में पेश किया जाएगा। कंपनी पहले कर्व के इलेक्ट्रिक वेरिएंट को लॉन्च करेगी और फिर आने वाले समय में इसके आईसी इंजन मॉडल, यानी पेट्रोल और डीजल वेरिएंट्स को भी लॉन्च करेगी।

# लावा ब्लेज एक्स की हुई शुरू सेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लावा का नया स्मार्टफोन ब्लेज एक्स आखिरकार लॉन्च हो गया है। अगर आप भी इस फोन को खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो हम कुछ चीजें बताने जा रहे हैं। आप भी फोन को लावा के ई-स्टोर और अमेजन से खरीद सकते हैं। ये फोन दो वैरिएंट्स में लॉन्च किया गया है। पहला वैरिएंट 6जीबी+128जीबी स्टोरेज के साथ बाजार में उतारा गया है। जबकि दूसरा वैरिएंट 4जीबी+128जीबी स्टोरेज के साथ लाया गया है।

कीमत भी इसकी काफी कम है।



क्योंकि 6 जीबी रैम के साथ इसे खरीदने के लिए आपको 15,999 रुपए खर्च करने होंगे। जबकि 4 जीबी रैम के साथ खरीदने के लिए 14,999 रुपए खर्च करने होंगे। इस फोन का डिजाइन काफी अच्छा दिया गया है। इस फोन की सेल अमेजन पर 20 जुलाई से शुरू होने जा रही है। साथ ही इसे लावा ई-स्टोर से ऑर्डर कर सकते हैं। ब्लेज एक्स में आपको कई शानदार फीचर्स मिल रहे हैं। इस फोन में मीडियाटेक आयाम 6300 प्रोसेसर दिया गया है और ये 5000एमएच बैटरी के साथ आता है। इसमें रैपिड चार्जिंग सपोर्ट भी मिलता है। यानी आपको फोन चार्ज करने के लिए भी ज्यादा समय नहीं देना होगा। ये कहा जा सकता है कि फोन की डिस्प्ले काफी अच्छी दी गई है।

फोन में मैट डिजाइन दिया गया है। इसमें इन-डिस्प्ले फिंगर प्रिंट सेंसर दिया गया है।

# मल्टीबैगर पेनी स्टॉक्स ने छह महीने में दोगुना से ज्यादा कर दी रकम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- 6 महीने में दोगुनी से ज्यादा कर दी रकम
- एक साल में इसने 1000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है




**एजेंसी। नई दिल्ली**

मल्टीबैगर पेनी कंपनी के पेनी स्टॉक ने शेयर मार्केट में धूम मचा रखी है। इस शेयर ने 6 महीने में ही निवेशकों को दोगुने से ज्यादा रिटर्न दे दिया है। इस शेयर की कीमत अभी 6 रुपये से कम है। पिछले काफी समय से यह शेयर निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रहा है।

6 महीने पहले इस शेयर की कीमत 2.35 रुपये थी। इन 6 महीनों में इसमें करीब 139% की तेजी आई है और यह 5.62 रुपये पर पहुंच गया है। अगर आपने 6 महीने पहले इसमें एक लाख रुपये लगाए होते तो आपको 1.39 लाख रुपये का प्रोफिट हो चुका होता। यानी आपके एक लाख रुपये 2.39 लाख रुपये बन चुके होते। बात अगर एक साल की करें तो इतने समय में इसने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। एक साल में इसका रिटर्न 400, 500 फीसदी नहीं बल्कि करीब 1149% रहा है। इसका मतलब हुआ कि अगर आपने एक साल पहले इस कंपनी के एक लाख रुपये के शेयर खरीदे होते तो आपको 11.39 लाख रुपये का फायदा हो चुका होता। वहीं 5 साल में इस शेयर ने और भी फायदा दिया है। इतने समय में इसके शेयर ने निवेशकों को 2710 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर आपने 5 साल पहले इस कंपनी के एक लाख रुपये के शेयर खरीदे होते तो यह रकम आज करीब 28 लाख रुपये हो चुकी होती।

**क्या करती है कंपनी?**

कंपनी धागे से जुड़ा कारोबार करती है जिसका इस्तेमाल तरह-तरह के कपड़े बनाने में होता है। कंपनी की स्थापना 1990 में हुई और इसका ऑफिस मुंबई में है। अभी कंपनी का मार्केट कैप करीब 194 करोड़ रुपये है। मार्च 2024 की तिमाही में कंपनी की इनकम करीब 25 करोड़ रुपये रही।

## आईटी-आईटीईएस स्कीम लांच, 8,000 करोड़ का होगा निवेश


**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने निवेशकों की मांग को देखते हुए आईटी/आईटीईएस के चार भूखंडों की योजना लॉन्च कर दी है। इस योजना के लिए शुक्रवार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। 9 अगस्त तक पंजीकरण किए जा सकते हैं। रिजर्व प्राइस के हिसाब से इन भूखंडों की कीमत करीब 233 करोड़ रुपये है। अगर सभी चार भूखंड आवंटित हो जाते हैं तो इससे करीब 8,000 करोड़ रुपये के निवेश और 5,000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। दरअसल, आईटी कंपनियों की मांग को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने आईटी-आईटीईएस भूखंडों की स्कीम जल्द लॉन्च करने को कहा था।

## बंबल ने रिपोर्टिंग फीचर का किया विस्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बंबल ने अपनी रिपोर्टिंग फीचर को विस्तारित कर दिया है। जिससे यह यूजर्स के लिए अब एक और तरीका बन जाता है नकली और अक्र-जेनरेटेड प्रोफाइल्स को संदेश करने के लिए।

यह नया फीचर भारतीय बाजार में भी उपलब्ध होगा, जहां तकनीकी उन्नति की वजह से ऐसे प्रोफाइल्स की संख्या बढ़ रही है। बंबल, जो भारत में एक लोकप्रिय डेटिंग ऐप है, ने इस फीचर को लॉन्च करने का फैसला अपनी भारतीय उपस्थिति के तहत किया है। यह फीचर इस्तेमालकताओं को अधिक सुरक्षित महसूस कराने का मकसद रखता है, क्योंकि यह उन्हें नकली प्रोफाइल्स की पहचान और रिपोर्ट करने में मदद करेगा। इस नए फीचर के अंतर्गत, उपयोगकर्ता अब अक्र-जेनरेटेड प्रोफाइल्स को भी रिपोर्ट कर



सकेंगे, जो कई बार असली प्रोफाइलों की तरह दिख सकते हैं और इस तरह की पहचान कठिन हो सकती है।

बंबल के प्रतिनिधि ने बताया कि उनका उद्देश्य यह है कि उपयोगकर्ता एक न्यायिक और सुरक्षित माहौल में ऑनलाइन डेटिंग का आनंद ले सकें, और नकली प्रोफाइल्स के खिलाफ सख्ती से लड़ाई लड़ सकें। बंबल ने इस फीचर को अपने अंदर की तकनीकी विशेषताओं के साथ तैयार किया है ताकि वे स्वचालित रूप से ऐसे प्रोफाइल्स को पहचान सकें और इस पर नियंत्रण प्राप्त कर सकें।

# संतोषडीह में पलटी स्कूली बच्चों की ऑटो, नौ बच्चे व एक महिला घायल





**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर के संतोषडीह गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर पुल के पास शनिवार की सुबह करीब 8:30 बजे जा रहे पीएस पब्लिक स्कूल हैदरनगर के बच्चों की ऑटो पलट गई। नहर की ऊंची चढ़ाई चढ़ने के दौरान फिसलकर खाई में पलट गया। इस ऑटो में कुल 15 बच्चे और एक महिला सवार थी। इनमें से नौ बच्चे व महिला गंभीर रुप से घायल हैं। घायलों में नीतीश कुमार, रोहित कुमार, रौशन कुमार, परी कुमारी, आदित्य कुमार, अभिषेक कुमार, लक्की कुमार और प्रतीक कुमार शामिल हैं। सभी घायल बच्चों को हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा आनन फानन में स्टेशन रोड स्थित निजी क्लीनिक नेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार की देखरेख में गहनता से किया जा रहा है। हालांकि इस हादसे में किसी बच्चे की जान नहीं गई। सभी बच्चे खतरे से बाहर है। बच्चे हैदरनगर के सजवन, सलेमपुर, चचेरिया, खरगाड़ा, संतोषडीह सहित अन्य गांवों से अपने स्कूल जा रहे थे। हादसा उस वक्त हुआ, जब ऑटो नहर के ऊंची खतरनाक चढ़ाई को चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान फिसलकर दाहिने ओर खाई में ऑटो जाकर पलट गई। इस हादसे में नहर के जीर्णोद्धार कार्य में जुटी कंपनी की लापरवाही भी उजागर हुई है। नहर पर पुल निर्माण कार्य के बाद दोनों साइड मिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। जिससे आए दिन वाहन दुर्घटना हो रही हैं। इस सड़क पर भारी चढ़ान है और बरसात के दिनों में फिसलन के कारण दुःस्थिति बनी है।

मुख्य पथ से पुल की ऊंचाई और चढ़ाई इतना खतरनाक है कि दोपहिया को भी चढ़ने और उतरने सांस फुलने लगते हैं। हालांकि मुख्य पथ से पुल के आरपार अप्रोच पथ को दुरुस्त कराने की आवाज जनप्रतिनिधियों तक लगातार उठाई जाती रही है। किन्तु कोई पहल नहीं होने से आए दिन वाहन चालक, सवारियों, राहगीरों की जान जोखिम में होती है। इसी वर्ष अप्रैल माह में यहां पर बारात के लिए ही सजवन गांव जा रही डीजे से लदी पिकअप वाहन में करीब 40 फीट ऊपर से नीचे खेत में पलट खाई थी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बंदर चूआ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से 65 वर्षीय बूधे उरांव चेताग घायल हो गए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिता पुत्र बाइक में सवार होकर बालूमाथ पेट्रोल पंप डीजल लेने के लिए आ रहे थे। इस दौरान बंदर चूआ के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बूधे उरांव घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। डॉक्टर ने बताया की वृद्ध का सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं हैं।

### सांप के काटने से किशोरी घायल

**बालूमाथ।** जहरीले सांप काटने से 14 वर्षीय किशोरी शीतल कुमारी पिता मिथिलेश भुइंया नवादा जबड़ा चतरा घायल हो गई है। परिजनों ने मूर्छित अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। वहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उचित इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बता दें की बरसात के दिनों में सांप, बिच्छू, जहरीले कीड़ों का प्रकोप बढ़ जाता है।

### संजय कुमार रवि ने किया जनसंपर्क

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के संभावित विधायक प्रत्याशी संजय कुमार रवि का विधानसभा क्षेत्र में निरंतर दौरा करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान लातेहार विधानसभा क्षेत्र के चंदवा एवं बालूमाथ के दर्जनों गांव में जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। वहीं बालूमाथ प्रखंड के चेताग ग्राम में डॉक्टर प्रभात मिंज के आवास में दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता के साथ बैठक की। विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए रणनीति बनाई गई।

### सर्पदंश से एक व्यक्ति गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के उपरी कला गांव निवासी शमसुद्दीन खान को विषैले सांप ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर रुप से बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह शुक्रवार की रात में घर के बाहर निकलने थे। उसी क्रम में विषैले सांप ने डंस लिया।

### आजाद समाज पार्टी के प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार

**उंटारी रोड।** प्रखंड के बंजारी गांव में आजाद समाज पार्टी का शनिवार को प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमे आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह विश्रामपुर विधान सभा के भावी प्रत्याशी सिराज खान, युवा अध्यक्ष सलमान खान मीडिया प्रभारी सनोज कुमार, बिट्टू, गौतम, मोजाहिद खान, अजहर खान मौजूद थे।

## इमामनगर के बरेवा पंचायत के बहेरवाखांड को मिली सड़क



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** आजादी के बाद पहली बार हैदरनगर के इमामनगर बरेवा पंचायत के बहेरवाखांड़ को सड़क की सौगात मिली है। यह कार्य पंचायत मुखिया अशोक कुमार यादव की पहल पर शुरू किया गया है। शुक्रवार को पंचायत के ग्रामीणों की उपस्थिति में इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास के बाद कार्य प्रारंभ किया गया। इस सड़क का निर्माण होने से बरेवा और सड़ेया पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को लाभ होगा। स्थानीय लोगों ने इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सड़क निर्माण से इन गांवों के लोगों की आवागमन की समस्या का समाधान होगा और उन्हें बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, आनंद विश्वकर्मा, आरएन शर्मा, नईमुद्दीन अंसारी, रामचन्द्र यादव, इरफान अंसारी, वहाब अंसारी, सत्येंद्र चौहान, राजेंद्र मेहता और अमरनाथ यादव उपस्थित थे। कार्यस्थल पर उपस्थित लोगों ने मिलकर शीघ्र कराने का संकल्प लिया है।

## 23 को लगेगा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का विशेष शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिले के बेरोजगार युवक व युवतियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से लाभान्वित किये जाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने गंभीरता से लेते हुए प्रखंडों में विशेष शिविर लगाने का आदेश जारी किया हैं। जिसमें युवाओं को इस योजना से अधिकाधिक लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि इस शिविर का आयोजन संपूर्ण जिले के प्रखंडों में 18 से 20 जुलाई तक लगाने का निर्णय लिया गया था। इसे संशोधित कर अब हैदरनगर प्रखंड प्रांगण में 23 जुलाई को शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। शिविर में बीडीओ, ब्लॉक कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य कई कर्मी सभी उपकरण के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ऑन स्पॉट एंट्री किया जायेगा। शिविरों का प्रतिदिन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी निरीक्षण कर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों का समेकित रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया गया है। इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों को व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की ओर से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का लाभ लेने वाले आवेदकों को अपने साथ आधार व पैन कार्ड, जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र देना होगा। वाहन लेने वाले इच्छुक आवेदकों को वाहन का अद्यतन कोटेशन देना होगा। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने प्रखंड क्षेत्र के सभी अहतार्धारी युवक व युवतियों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। यदि किसी आवेदक के पास जरूरी दस्तावेज नहीं भी है तो आवेदन कर दस्तावेज जारी होने के बाद दस्तावेज देना सुनिश्चित करेंगे। इस संबध में शनिवार को जिला कल्याण पदाधिकारी ने भी संबंधित प्रखंड कार्यालय को विधिवत सूचना देकर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### कैंप में अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को लाने व पंजीयन कराने का निर्देश

**मोहम्मदगंज।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 23 जुलाई को प्रखंड कार्यालय के समक्ष मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ने बताया कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों को इस कैंप के प्रचार-प्रसार, अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को इसमें लाने तथा पंजीयन कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा प्रखंड के सभी कंप्यूटर ऑपरेटर और संबंधित पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालकों को भी कैंप में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल को इस आयोजन का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस योजना के तहत विभिन्न वर्गों में व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की ओर से ऋण प्रदान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों को कैंप में आधार व पैन कार्ड, जाति आवासीय और आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### वन विभाग ने जेसीबी किया जब्त

## वन भूमि पर अतिक्रमण होने पर वन अधिनियम के तहत होगी कानूनी कार्रवाई : रेंजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** वन विभाग ने एक जेएच 07एफ 5513 नंबर की जेसीबी गाड़ी को जप्त कर वन विभाग कार्यालय लातेहार लाई है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए लातेहार रेंजर नंदकुमार महतो ने बताया कि आरा गुंडी वन भूमि पर जेसीबी से खेत बनाने की डीएफओ लातेहार को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए। लातेहार रेंजर के नेतृत्व में वन रक्षी का एक टीम गठित की गई। उक्त स्थान आरागुंडी पर छापामारी किया गया। मौके पर वन भूमि को कोड़ रहे जेसीबी को जब्त किया गया। वहीं जेसीबी चालक वन कर्मियों को आता देख जंगल की ओर भागने में सफल रहे। मौके से जेसीबी को जब्त कर लातेहार वन विभाग कार्यालय लाया गया है। इस कार्य में जो भी संलिप्त हैं उन पर अनुसंधान कर वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस छापामारी अभियान में प्रभारी वनपाल जय कुमार,वनरक्षी पिंटू कुमार ,भारत भूषण सहबादी आदि शामिल थे। बता दें कि इन दिनों जंगल क्षेत्र में वनों को उजाड़ कर लोग वन पट्टा के उद्देश्य से खेती लगा रहे हैं। जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल, एक रेफर

**हुसैनाबाद।** शनिवार को हुसैनाबाद क्षेत्र के अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें एक को रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जपला दंगवार मुख्य रोड में झरहा गांव के समीप दो बाइक के टक्कर में चपरदाग हीरा सिकनी गांव निवासी यमुना यादव के 35 वर्षीय पुत्र रविंद्र यादवव झरहा गांव निवासी रामप्यारे पासवान 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय पहुंचाया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर हालत देखते हुए रविंद्र यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि वह दंगवार से अपने गांव जा रहा था, इसी क्रम में दूसरे बाइक के धक्के से घायल हो गया। वहीं बरवाडीह गांव के समीप बाइक से गिरकर रामचन्द्र रजवार 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

## पहले मैच में नगर ने लोहरदगा को एक गोल से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** शनिवार को बोदा फुटबॉल क्लब के द्वारा बोदा गांव के खेल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन फीता काटकर किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान के बाद टूनार्मेंट की शुरूआत हुई। उदघाटन मैच में नगर चंदवा ने लोहरदगा को पेनाल्टी शूट आउट में एक गोल से हराया, वहीं दूसरे मैच में लोहरदगा बनाम जगराहा के बीच मैच खेला गया जिसमें जगराहा टीम एक गोल से विजय हुआ। मौके पर दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। क्षेत्रों में इस तरह का टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। बोदा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सजाद अंसारी, सचिव समीर अंसारी ने बताया कि इस टूनार्मेंट में 32 टीमें भाग ले रही है। इस टुनार्मेंट का फाईनल मुकाबला 22 जुलाई सोमवार को खेला जाएगा। टूनार्मेंट के समापन के मौके पर रंगारंग नागपुरी संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मुखिया ललिता देवी, पंसस सुशीला टोपनो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, समाजसेवी हीरा सिंह, मो महबूब अंसारी, सेराज अंसारी, बबलू राही, समशेर खान, अमान अंसारी, हसमुद्दीन अंसारी व अन्य मौजूद थे। वहीं बोदा के फुटबॉल क्लब के मो तनवीर, राजा, नौसाद, फिरोज, गुफरान, गुलाम रब्बानी, सोनू समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### सीओ ने बीडीओ को सौंपा अंचल का प्रभार

**पाटन।** अंचल कार्यालय पाटन में सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने बीडीओ अमित कुमार झा को अपना प्रभार सौंपा। अंचल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ ने सीओ का प्रभार लिया। जानकारी के अनुसार को सीओ दीपक मिश्रा को श्रावणी मेला देवघर का दंडाधिकारी के तौर पर प्रतिनियुक्त किया है। इसी वजह से अंचल का प्रभार बीडीओ को सौंप दिया है। अंचल में बीडीओ, अंचल के कर्मियों ने पुष्प साल देकर उपहार भेट किया। मौके पर अंचल सहायक सुशील कुमार वर्मा, मोहम्मद असलम, अमित कुमार, विकास कुमार दीपक कुमार, ददन कुमार, प्रकाश मोची, सीमा कुमारी, आशीष रंजन रफीक अंसारी, सरिता कुमारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### जिला परिषद संग्राम सिंह के प्रयास से नवादा में 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया

**पाटन।** पाटन के सुगना पंचायत के ग्राम नवादा में विगत कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को दी। संग्राम सिंह ने इसके सूचना बिजली विभाग को देकर 24 घंटे में 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर देख नवादा के ग्रामीणों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस बिजली की समस्या को निदान करते हुए जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि गाँव मे बिजली नहीं रहने से अंधेरा छा जाता है। स्कूल के विद्यार्थियों को पठन-पाठन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।लोगो को मोबाइल चार्ज करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। अब नवादा के ग्रामीणों को बिजली की समस्या को दूर कर दिया गया है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद बिजली सुचारू रूप से चालू कर दिया गया।

### मनरेगाकर्मियों की हड़ताल से आधार पंजीकरण सेवा भी प्रभावित

**मोहम्मदगंज।** मनरेगा कर्मियों की तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल से संबंधित सभी काम के अलावा प्रखंड कार्यालय में संचालित आधार पंजीकरण केंद्र भी बंद हो गया है। इसकी वजह प्रखंड कार्यालय में कार्यरत मनरेगा प्रकोष्ठों के कंप्यूटर सहायक उपेंद्र कुमार के इस हड़ताल में शामिल होना बताया गया है। जिनको आधार पंजीकरण केंद्र का अतिरिक्त कार्यभार आवंटित किया गया है। इस हड़ताल के कारण आधार पंजीकरण सेवा के ठप रहने की स्थिति में रोजाना दर्जनों लोग इसके बिना ही घर लौट जाते हैं। इस संबंध में मनरेगा कर्मियों ने बताया कि तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल 20 जुलाई को समाप्त हो रही है। इसके बाद सेवाएं पुनः बहाल हो जाएंगी। मगर इस बीच स्थायीकरण की उनकी मांग नहीं मानी गई, तो 22 जुलाई से सभी मनरेगा कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### पुलिस-प्रशासन की छापेमारी में मिला अवैध बालू का भंडारण

**मोहम्मदगंज।** पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में थाना क्षेत्र के गाजीबिहरा में अवैध बालू के भंडारण का मामला सामने आया है। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी रणवीर कुमार के नेतृत्व में गाजीबिहरा गांव में बालू के अवैध भंडारण को लेकर बीती रात छापेमारी की गई थी। जिसमें गांव रामकुमार सिंह के घर छापेमारी दल ने बालू के अवैध भंडारण पाया गया। अंचलाधिकारी रणवीर कुमार ने बताया कि गाजीबिहरा गांव निवासी रामकुमार सिंह के अहाते में बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा था। इस पर पूछताछ करने पर उनके साथ गए पुलिसकर्मी छापेमारी दल के साथ बदसलुकी की गई। जिसमें रामकुमार सिंह व उनके परिजन सहित अन्य ग्रामीण भी शामिल थे। इस मामले में थाना में रामकुमार सिंह सहित 8 नामजद के अलावा अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रभारी थाना प्रभारी शेख अमानुल्लाह ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### आरके +2 रहमानिया उवि में प्रत्येक दिन बच्चों को स्कूल भेजने वाले परिजन किए गए सम्मानित

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा में शुक्रवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की गई। इसमें राज्य शिक्षा परियोजना परिषद से जारी गाइडलाइन का पूर्णतः अनुपालन करते हुए पठन-पाठन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में रामबांध पंचायत के मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, अभिभावक, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बैठक में सर्व प्रथम प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक दिन बच्चों को स्कूल भेजने वाले माता-पिता और अभिभावकों को सम्मानित भी किया।

## पेज एक का शेष

**मुख्यमंत्री आवास घेरने...**

क्योंकि सरकार कुछ ही महीने में चुनाव हार जायेगी, लेकिन सरकार के आश्वासनों का दौर थम नहीं रहा है। उन्होंने आगे भावुक होते हुए कहा, अब चाहे लाठी चले या गोली, हम लोग सीएम आवास पहुंचकर रहेंगे। इससे पहले कुछ पारा शिक्षक मोरहाबादी से निकलकर ऑक्सीजन पार्क के पास बैठे गये थे। सभी लगातार प्रशासन से आग्रह कर रहे थे कि पीछे रह गये पारा शिक्षकों को आगे बढ़ने दें। मौके पर मौजूद पारा शिक्षकों के नेता संजय दुबे ने कहा कि यह अनिश्चितकालीन प्रदर्शन है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने कहा कि 20 सालों से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ा रहे हैं लेकिन पारा शिक्षकों के साथ दोहरी नीति अपनायी जा रही है। सरकार से कई बार वेतनमान में बढ़ोतरी की मांग की गई लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को अनसुना कर दिया।

**श्रावणी मेला में सुविधा...**

सबसे महत्वपूर्ण है कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मुहैया करायी जाय, जिससे की सुरक्षित व सुलभ जलार्पण सभी मेला के दौरान कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा भावना से सबको कार्य पर लगाएं। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि पुलिस बल के लोग, प्रशासन के लोग और भी कोई जो कर्तव्य पर रहें सभी कांवरियों के साथ अपना व्यवहार विनम्र रखें।

**माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के...**

दुनिया भर में शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट सिक्योरिटी सिस्टम में तकनीकी खराबी का असर कई एयरलाइन्स पर पड़ा। इसकी वजह से भारत समेत दुनिया के कई देशों के विमान एयरपोर्ट पर ही खड़े रह गए। मुंबई के अंधेरी में इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विस में गड़बड़ी के कारण ऑनलाइन चेक-इन सेवा बंद कर दी गई थी। इतना ही नहीं, इस गड़बड़ी के चलते हुई अव्यवस्था का असर रेलवे स्टेशन पर भी दिखाई दिया था। इधर नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर भी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हैदराबाद एयरपोर्ट पर कई उड़ानें कैंसिल करनी पड़ी।

**एनटीए ने मेडिकल...**

बिना उनके अंक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे। एनटीए ने इस साल 5 मई को नीट-यूजी परीक्षा 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसका परिणाम 4 जून को घोषित किया गया था। प्रभावित उम्मीदवारों के लिए 23 जून को फिर से परीक्षा हुई, जिसके परिणाम 30 जून को घोषित किए गए। लगभग 24 लाख उम्मीदवार मुख्य परीक्षा में शामिल हुए और 1,563 उम्मीदवारों ने फिर से परीक्षा दी।

## खबरे रांची की

### एससी ने झारखंड सरकार की याचिका खारिज की

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट द्वारा होम गार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के आदेश को चुनौती दी गयी थी। राज्य सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की गई थी। एसएलपी की सुनवाई के बाद अदालत ने सरकार की याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड के होमगार्ड जवान काफी खुश हैं, क्योंकि अब उन्हें पुलिस के जवानों के बराबर वेतन मिलेगा। झारखंड हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था कि होम गार्ड के जवानों को पुलिस के जवानों के बराबर वेतनमान दिया जाए. हाईकोर्ट के इस आदेश को सरकार ने सुप्रीम

### बड़े हादसे के इंतजार में चोरेया का खस्ताहाल सड़क

## एक वृद्धा घायल, ऑटो पलटी बाल-बाल बचा चालक



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** शनिवार को चोरेया रोड में एक बूढ़ी गिरकर घायल हो गई। उसी के कुछ देर बाद एक ऑटो पलट गई। चालक और सवारी बाल बाल बचे। सड़क की जो हालत है कभी भी बड़ा दुर्घटना हो सकती है। तरंगा से चोरिया होते हुए राजकीय पथ बीजूपाड़ा खलारी को जोड़ने वाली सड़क बीते कई सालों से खराब है। शिलान्यास के चार माह बीत जाने के बाद भी चोरेयामोड़ से लेकर तरंगा तक की सात किलोमीटर लंबी सड़क का काम नहीं शुरू होने से ग्रामीणों में काफी रोष है। चोरेया समेत लगभग 50 गांव के लोगों को अभी भी सड़क की परेशानी को झेलना पड़ सकता है। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के आश्वासन से तंग आकर खुद मुख्यमंत्री आवास में इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर पहुंच गए थे। ग्रामीणों ने इसी सड़क पर धान की रोपनी कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आईना भी दिखाने का प्रयास किया था। बड़े ही तामझाम के साथ विधायक और सांसद ने इस सड़क निर्माण की आधारशिला रखी थी। ग्रामीणों को बताया गया था कि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा। पर शिलान्यास के चार माह जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य में कोई सुगबुगाहट न देख ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर से बढ़ता जा रहा है।

## गुरु पूर्णिमा आज, बन रहा है अद्भुत संयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपने देश में गुरुओं का मान शुरू से होता आया है। प्राचीन कालीन सभ्यता में भी और आधुनिक दौर में भी गुरु की भूमिका को अहम माना गया है। कहते हैं ईश्वर का साक्षात्कार गुरु कृपा के बिना नहीं हो पता है। इसलिए गुरु के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने का कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहिए गुरु का आभार व्यक्त करने के लिए गुरु पूर्णिमा से बेहतर और कोई दिन नहीं हो सकता। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जा रही है दशकों के बाद गुरु पूर्णिमा पर अद्भुत योग बन रहे हैं। महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास के जन्मदिन के अवसर पर पढ़ने वाली पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस बार गुरु पूर्णिमा पर ग्रहण और नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है इससे गुरु पूर्णिमा के दिन स्वार्थ सिद्धि योग प्रीति योग विषकुंभ योग बन रहा है। इसलिए गुरु पूर्णिमा बेहद शुभ है। पूर्णिमा के दिन पूरा दिन उत्तराशादा नक्षत्र रहेगा वहीं कर्क राशि में सूर्य और शुक्र की युति शुक्रआदित्य योग बन रही है। गुरु पूर्णिमा गुरुओं के साथ-साथ भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद पाने के लिए विशेष होती है। आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज के अनुसार इस साल गुरु पूर्णिमा पर विशेष योग बन रहे हैं जो पूर्णिमा के व्रत पूजा का कई गुना फल देंगे गुरुओं की पूजा करने के साथ-साथ इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# आरक्षण विरोधी आंदोलन : पूरे बांग्लादेश में कर्फ्यू, सड़कों पर सेना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम खत्म करने की मांग को लेकर चल रहा छात्रों का हिंसक विरोध प्रदर्शन जशनिवार को भी जारी रहा। पहले देशभर में शुरू हुई हिंसक झड़पों में अब तक 105 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार ने कानून-व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू लागू करने के साथ सेना को कानून-व्यवस्था लागू करने में लगा दिया है। वहीं लाठी, डंडे और पत्थर लेकर सड़कों पर घूम रहे प्रदर्शनकारी छात्र बसों और निजी वाहनों को आग के हवाले कर रहे हैं। अब तक 2500 से ज्यादा प्रदर्शनकारी पुलिस और सुरक्षा बलों के हाथ झड़प में जख्मी हुए हैं। देश में मोबाइल इंटरनेट सर्विस बंद कर दी गई है।

### अब तक एक हजार भारतीय देश लौटे

भारत ने इन हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि पड़ोसी देश में रह रहे 15,000 भारतीय सुरक्षित हैं, जिनमें 8500 के करीब छात्र हैं। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। ढाका में भारतीय उच्चायोग देश लौटने के इच्छुक भारतीय छात्रों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। शनिवार तक 978 छात्रों सहित 1000 से अधिक भारतीय एयर रूट और लैंड बॉर्डर के जरिए बांग्लादेश से लौट आए हैं। भारतीय उच्चायोग ने 13 नेपाली छात्रों की वापसी में भी मदद की है।

भारतीयों की सुरक्षा के संदर्भ में विदेश मंत्री एस जयशंकर खुद इस मामले पर करीब से नजर रख रहे हैं। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित बेनापोल-पेट्रापोल, गेडे-दशार्ना और त्रिपुरा में अखौरा-अगरतला क्रॉसिंग छात्रों और भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए खुले रहेंगे। भारतीय उच्चायोग बीएसएफ और इमिग्रेशन ब्यूरो के समन्वय से बांग्लादेश से भारतीय छात्रों की वापसी की सुविधा प्रदान कर रहा है।



**15,000** भारतीय सुरक्षित हैं पड़ोसी देश में, इनमें 8500 के करीब छात्र हैं

**2500** जख्मी, अब तक 105 से ज्यादा आंदोलनकारियों की हो चुकी है मौत

### बांग्लादेश में ऐसी है आरक्षण व्यवस्था

बांग्लादेश के मौजूदा कोटा सिस्टम के तहत सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, जिसमें से अकेले 30 प्रतिशत पाकिस्तान के साथ 1971 में हुए मुक्ति संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए आरक्षित है। इसके अलावा 10 प्रतिशत कोटा पिछड़े प्रशासनिक जिलों के लिए, 10 प्रतिशत महिलाओं के लिए, 5 प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए और 1 प्रतिशत विकलांग लोगों के लिए आरक्षित है। छात्रों का विरोध स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को मिलने वाले 30 फीसदी आरक्षण के लिए है।

#### आरक्षण व्यवस्था

1. 30प्रतिशत आरक्षण 1971 के मुक्ति संग्राम के सेनानियों के वंशजों को लिए है।
2. 10 फीसदी आरक्षण बांग्लादेश में महिलाओं के लिए निर्धारित है।
3. 10 फीसदी आरक्षण अलग-अलग जिलों के लिए तय है।
4. 05 प्रतिशत आरक्षण एथनिक माइनोरिटी जैसे संथाल, पांखो, त्रिपुरी, चकमा, खासी के लिए है।
5. 01 प्रतिशत आरक्षण विकलांगों के लिए निर्धारित है।
6. 56 प्रतिशत है कुल आरक्षण, 44 प्रतिशत पद मेरिट से भरे जाते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### उत्तरी हैती के तट पर नाव में आग लगने से 40 की मौत, कई घायल

**संयुक्त राष्ट्र।** उत्तरी हैती के तट पर एक नाव में आग लगने से कम से कम 40 प्रवासियों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के हवाले से ये जानकारी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग में कहा, "हैती के राष्ट्रीय प्रवासन कार्यालय के अनुसार, दो दिन पहले 80 से अधिक लोगों को लेकर नाव लैबडी से रवाना हुई थी, जो तुर्क और कैकोस द्वीप समूह की 250 किलोमीटर की यात्रा थी।

### जॉर्डन हैशमाइट चैरिटी संगठन ने कहा 83 नए सहायता ट्रक गाजा में भेजे गए

**अम्मान।** जॉर्डन ने घोषणा की है कि मानवीय सहायता के 83 नए ट्रक गाजा पट्टी में प्रवेश कर गए। इन ट्रकों में इस युद्धग्रस्त क्षेत्र के लिए खाद्य सामग्री, कंबल, कपड़े और स्वास्थ्य सामग्री हैं, जो लोगों को बांटे जाएंगे। "यह सहायता जॉर्डन के सशस्त्र बलों और जॉर्डन हैशमाइट चैरिटी संगठन द्वारा विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहयोग से भेजी गई है। हेल्पिंग हैंड्स एसोसिएशन, ह्यूमन अपील और कई लोकप्रिय अभियानों को इसका समर्थन हासिल है। जॉर्डन हैशमाइट चैरिटी संगठन के महासचिव हुसैन शिबली ने कहा कि गाजा में लोगों की सहायता करने में जॉर्डन के प्रयास काफी महत्वपूर्ण हैं।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी बोले, अल्पसंख्यकों ने हरा दिया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने इसके लिए तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के सांप्रदायिक राजनीति को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान अधीर ने यह आरोप लगाया। उन्होंने सोनिया गांधी को एक लिखित रिपोर्ट दी है जिसमें अल्पसंख्यक वोटो के ध्रुवीकरण का जिक्र है। उन्होंने पूरे राज्य सहित मुर्शिदाबाद की बहरामपुर लोकसभा सीट से भी अपनी हार के लिए भी इसी कारण को जिम्मेदार ठहराया है।

### मुंबई को 'अडानी सिटी' बनाने की हो रही है साजिश: उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार मुंबई को अडानी सिटी बनाने की साजिश रच रही है। इसी वजह से मुंबई के धारावी इलाके के पुनर्विकास योजना का काम उद्योगपति अडानी को सौंप दिया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि धारावीवासियों का पुनर्वास करते समय उसी जगह 500 वर्ग फीट का घर मिलना चाहिए।

## दुकानों में नेमप्लेट लगाने का विरोध

# अमित मालवीय ने विरोधी नेताओं को दिया करारा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार के कांवड़ यात्रा मार्ग पर आने वाली दुकानों, ढाबों और रेस्टोरेंट संचालकों के नेम प्लेट लगाने के आदेश को लेकर सियासत जारी है। विपक्षी दलों के नेता यूपी सरकार पर निशाना साधते हुए इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने भी दुकानों पर नेम प्लेट वाले फैसले को सरकार से वापस लेने को कहा। इसी बीच भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने यूपी सरकार के इस फैसले का विरोध करने वाले विपक्षी नेताओं को निशाने पर लिया है। अमित मालवीय ने शनिवार को एक्स पर लिखा,'' जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी और इंडी अलायंस के तथाकथित सेक्युलर नेता उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 2006 के खानपान व्यवसाय कानून को दलित और मुस्लिम विरोधी बता रहे हैं। जबकि ये सर्व-विदित है कि दलितों और मुसलमानों में कोई भी समानता नहीं है। दलित समाज के लोग सनातन धर्म को मानने वाले हैं और हिंदू विचार में आस्था रखते हैं। बाबा साहेब अंबेडकर की इस्लाम के प्रति सोच जगजाहिर है। उन्होंने इस्लाम को एक विकृत व्यवस्था का पर्याय बताया था। इसमें महिलाओं एवं अन्य धर्म के लोगों के प्रति उपेक्षा का भाव निहित है। बाबा साहेब अंबेडकर ने अपने लेखों के माध्यम से दलित समाज को इस्लाम के प्रति सावधान किया था।''

उन्होंने आगे लिखा, ''ये कानून 2006 में लागू किया गया, उस समय मुलायम सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, सोनिया गांधी



# राहुल को जनसंख्या नियंत्रण का ब्रांड एंबेसडर बनाएं : हिमंता


एजेंसी



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा जनसंख्या वृद्धि और राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता मुकेश नायक ने राहुल गांधी को जनसंख्या नियंत्रण का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने का समर्थन किया है। असम के सीएम ने शुक्रवार को तंज कसते हुए कहा था कि कांग्रेस ने मुसलमानों की आबादी को काबू करने में अहम भूमिका निभाई है। अगर राहुल गांधी जनसंख्या नियंत्रण के ब्रांड एंबेसडर बनते हैं तो ये लक्ष्य हासिल हो जाएगा क्योंकि पूरा समुदाय उन्हीं की सुनता है। उन्होंने आगे कहा, भले ही सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी को जनसंख्या नियंत्रण का ब्रांड एंबेसडर बनाने की बात मजाक में कही है, लेकिन उनके एंबेसडर बनने से दुनिया भर में अच्छी तरह से प्रचार किया जा सकता है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** वेब डेवलपर वेबसाइट बनाने और उनकी देखभाल करने का काम करते हैं। वेब डेवलपर ऐसे प्रोग्रामर है, जो क्लाइंट-सर्वर मॉडल का उपयोग करके वेबसाइट बनाते हैं। वेब डेवलपर वेबसाइट बनाने के लिए एचटीएमएल , सीएसएस और जावा स्क्रिप्ट का उपयोग करते हैं। सर्वर में पीएचपी,एएसपी ,एनईटी, पाइथॉन, या जावालेंग्वेज का उपयोग करते हैं। क्लाइंट और सर्वर के बीच कम्युनिकेशन के लिए http का उपयोग किया जाता है।



# वेब डेवलपर कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

### एक वेब डेवलपर के कार्य

- कंप्यूटर लैंग्वेज के कॉम्बिनेशन के साथ वेब पेज लिखें।
- वर्ड प्रेस से साइट बनाना।
- एचटीएमएल,सीएसएस और सीएमएस को समझें।
- यूआई,यूएक्स और सीखने की उपयोगिता को समझें।
- वेबसाइट को मेंटेनेंस करना और अपग्रेड करना

### वेब डेवलपर के प्रकार

1. फ्रंट एंड वेब डेवलपर
2. बैकएंड वेब डेवलपर
3. फुल स्टैक डेवलपर

### फ्रंट एंड वेब डेवलपर

जब किसी भी वेबसाइट पर विज़िट करते है तो उस वेबसाइट पर आपको जो दिखाई देता है, उसे फ्रंट एंड वेब डेवलपर बनाते हैं, जैसे कि वेबसाइट की डिज़ाइन, वेबसाइट का लुक, इमेज, इत्यादि बनाना फ्रंट एंड वेब डेवलपर का काम होता है। फ्रंट एंड वेब डेवलपर बनने के लिए आपको एचटीएमएल,सीएसएस ,जावा स्क्रिप्ट डिजाइनिंग की अच्छी नॉलेज होनी चाहिए। फ्रंट एंड वेब डेवलपर की एवरेज सैलरी 5-6 लाख रुपये सालाना होती है।

### बैकएंड वेब डेवलपर

आप फ्रंट एंड वेब डेवलपर के बारे में अच्छी तरह से समझ गए होंगे। फ्रंट एंड वेब डेवलपर का जस्ट उलट बैकएंड वेब डेवलपर होता है। सीएसएस,जावा स्क्रिप्ट,एचटीएमएल को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी बैकएंड वेब डेवलपर की होती है ।फ्रंट एंड वेब डेवलपर के मुकाबले बैकएंड वेब डेवलपर की सैलरी ज्यादा होती है। इसमें आप प्रत्येक साल का 7-9 लाख रुपये कमा सकते है।

### फुल स्टैक डेवलपर

जिन लोगों को फ्रंट एंड वेब डेवलपर और बैकएंड वेब डेवलपर दोनों के बारें में अच्छी नॉलेज होती है, उसे फुल स्टैक डेवलपर कहते है। अगर आपकी फुल स्टैक डेवलपर में अच्छी पकड़ है, तो आपको बड़ी-बड़ी कम्पनीज में अच्छी सैलरी पर जॉब ऑफर हो सकती है।

### वेब डेवलपर कोर्सेज के लिए भारत के टॉप कॉलेजेस

- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान
- निम्स विश्वविद्यालय
- दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय
- एमिटी विश्वविद्यालय
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी
- अन्ना विश्वविद्यालय

### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया, इस प्रकार है

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूज़र नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।